चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-82, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला 16

फिल्म अक्षरा का गाना 'चलि अइहा घरवा' रिलीज 15

ईडी ने कहा, जेल में केजरीवाल खुद खा रहे आम और मिठाई

नयी दिल्ली

अमृत विचार आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने गुरुवार को यह दावा किया। न्यायमूर्ति बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने मधुमेह के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने डॉक्टर से परामर्श करने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया है। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को कल तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत कल इस मामले पर दोबारा सुनवाई कर सकती है। ईडी ने अदालत से कहा केजरीवाल प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं। ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए किया जा रहा है।

मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

हर बार आलोचना अच्छी नहीं, सराहना भी करें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह भी कहा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने चुनाव में ईवीएम को जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की

- सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता

पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक करने या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर दायर जनहित याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। पीठ ने सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। हमने चुनाव आयोग को सुना है। अगर उन्होंने कुछ अच्छा किया है तो कृपया सराहना करें। हर बार आपको हर चीज को लेकर आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि यह (वीवीपैट) पर्ची वोटर को थमा दी जाए तो इसमें क्या नुकसान है?" इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण

- भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र पर नजर रखी गई

बालासोर (ओडिशा)। भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) ने विभिन्न स्थानों पर रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग प्रणाली (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर लगाए थे। भारतीय वायुसेना के एसयू-30-एमके-आई विमान से भी प्रक्षेपास्त्र की उड़ान पर नजर रखी गई। डीआरडीओ ने कहा, मिसाइल ने मार्गदर्शक समुद्री प्रणाली का उपयोग करके लक्षित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया।

एक नजर

हिमाचल में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने इस माह का ड्रग अलर्ट जारी किया है। देश में दवाओं के कुल 59 सैंपल फेल हुए हैं, जिसमें हिमाचल की दवाओं के फेल हुए सैंपल की संख्या भी 20 है। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उनमें एलर्जी, दर्द, एंटीबायोटिक, हार्ट, बीपी व शुगर सहित कई बीमरियों की दवाएं शामिल हैं। उपदवा नियंत्रण बद्दी मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं।

प्रो. मणींद्र आईआईटी कानपुर के नए निदेशक

कानपुर। प्रो. मणींद्र अग्रवाल को आईआईटी कानपुर का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। वे आईआईटी में कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रोफेसर हैं। इसके अलावा सीर्थीआई हब में प्रोग्राम डायरेक्टर हैं। कृत्रिम बारिश कराने और कोरोना को लेकर की गई सटीक भविष्यवाणी के लिए वे काफी चर्चित रहे हैं। संस्थान में सितंबर 2023 में निदेशक अभय करंदीकर को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव नियुक्त किए जाने के बाद निदेशक का पद खाली चल रहा था। कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रो एस गणेश प्रभार संभाल रहे थे।

बसपा प्रत्याशी राकेश कुशवाहा पार्टी से निष्कासित

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने झांसी में संगठन को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने, झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट के घोषित प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया। साथ ही झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर, बीके गौतम को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बीके गौतम ने गुरुवार को निष्कासन की पुष्टि करते हुए बताया कि मंडल प्रभारी कैलाशपाल को ललितपुर का जिला प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है। निष्कासन के संबन्ध में उन्होंने बताया कि अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कार्रवाई हुई है, उन्हें पत्र जारी कर चेतावनी भी दी गई थी।

लोकतंत्र का महापर्व आज, तैयारी पूरी

21	18	16	70	35	41	14
राज्यों की 102 सीटों पर होगी वोटिंग	लाख से अधिक कर्मी 1.87 केंद्रों पर तैनात	करोड़ से अधिक मतदाता डालेंगे वोट	हजार से अधिक जवान उत्तर प्रदेश में तैनात	लाख 67 हजार पहली बार करेंगे मतदान	हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां लगाईं	हजार से अधिक मतदेय स्थल उप्र में

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

प्रथम चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री संजीव वालियान, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो कर शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है।

इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां और लगभग एक लाख वाहन तैनात किए गए हैं।

बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद और रामपुर में सुबह 7 बजे से मतदान

मुरादाबाद में बुद्धि बिहार मैदान से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। सिर पर ईवीएम रखकर केंद्र पर जाता कर्मी।

मुरादाबाद में 12 प्रत्याशी मैदान में

मुरादाबाद। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर शुक्रवार को 20,56,514 मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर अपना सांसद चुनने के लिए बूथों पर मतदान करेंगे। चुनाव में 12 प्रत्याशी मैदान में हैं।

लखनऊ। उप्र. में लोकसभा के पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव लिए 19 अप्रैल यानी आज मतदान होगा। सभी सीटों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत में मतदान होगा। कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुल मतदाताओं की संख्या 1,44,01,543 है। जिसमें पुरुष 76,54,658, महिला 67,46,136 व थर्ड जेंडर 749 हैं। कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। मतदान के लिए 18,662 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 18,734 बैलट यूनिट व 19,603 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

चुनाव कराने पहुंचे अफसरों सहित 70 हजार से अधिक जवान : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

सपना चौधरी को राहत

पासपोर्ट नवीनीकरण पर विचार का आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ, अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गायिका सपना चौधरी को बड़ी राहत देते हुए, उनके पासपोर्ट के नवीनीकरण पर विचार का आदेश रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर को दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने सपना चौधरी की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से कहा गया कि आशियाना थाने में दर्ज एक मुकदमे के चलते, पासपोर्ट नवीनीकरण का निर्देश देने संबंधी एक प्रार्थना पत्र अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ की कोर्ट में उसके द्वारा दिया गया था। हालांकि उक्त प्रार्थना पत्र निचली अदालत ने खारिज कर दिया। याची की ओर से दलील दी गई कि वह विदेशों में भी परफार्म करने जाती हैं, लेकिन पासपोर्ट नवीनीकरण में बाधा आने के कारण वह कहीं नहीं जा पा रही हैं। न्यायालय ने सभी तथ्यों पर विचार के उपरांत सपना चौधरी को 20 दिनों में नवीनीकरण के लिए प्रार्थना पत्र देने का आदेश दिया तथा सम्बंधित रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर को एक माह में इस पर निर्णय लेने को कहा है। न्यायालय ने सपना चौधरी को यह भी आदेश दिया है कि विदेश जाने की सूचना वह ट्रायल कोर्ट को देंगी।

शिल्पा व राज कुंद्रा की संपत्तियां कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन मामले में की कार्रवाई, 98 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपये के शेयरों के अलावा एक बंगला और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है।

कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी शेयर शामिल हैं। इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपये है। दंपति के एक वकील ने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और वे प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है।

आरोप लगाया कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन प्रवर्तकों ने निवेशकों से धोखाधड़ी की। उसने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए।

सीबीआई ने रिश्वत ले रहे रेलवे इंजीनियर को पकड़ा

लखनऊ। सीबीआई ने रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इंजीनियर ने यह रिश्वत अपने अधीनस्थ से उसके तबादले के बाद कार्यमुक्त करने के बदले में मांगी थी।

आरोपी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सलेमपुर, देवरिया, वाराणसी में तैनात था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसकी वर्तमान तैनाती से मुरादाबाद मंडल के लिए कार्यमुक्त करने के लिए उससे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अफसरों ने जाल बिछाकर शिकायतकर्ता को इंजीनियर के पास भेज दिया।

जिला न्यायालयों के प्रति नागरिकों में बढ़ रही अवमानना की प्रवृत्ति

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय की कार्य प्रणाली पर की टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय की कार्य प्रणाली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मामलों पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में जिला न्यायाधीशों में डर रहता है। क्योंकि इससे प्रशासनिक शिकायतें और बाद में स्थानांतरण की संभावना बनी रहती है। यद्यपि सिविल न्यायालय के संबंध में नागरिकों के रवैये को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह सत्य है कि सिविल न्यायालय विभिन्न कारणों से सुस्त हो गए हैं, जिनमें हड़ताल भी शामिल है, जो न्यायिक समय को छीन लेती है।

कोर्ट ने आगे कहा कि नागरिकों के मन में जिला न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र के प्रति एक दृढ़ अनिच्छा, एक प्रकार की झुंझलाहट और अवमानना उत्पन्न हो गई है। इन सभी कारणों ने सिविल कोर्ट को ऐसे व्यक्ति के लिए निराशापूर्ण बना दिया है जो त्वरित राहत चाहता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकलपीठ ने माया देवी की याचिका को खारिज करते हुए की। याचिका में संपत्ति पर कब्जा वापस देने और निषेधाज्ञा के लिए याची ने कोर्ट से जिला मजिस्ट्रेट, एसडीएम, पुलिस कमिश्नर और एसएचओ, कानपुर नगर को निर्देश देने की मांग की थी। कोर्ट ने सिविल कोर्ट की शक्तियों को व्याख्यायित करते हुए बताया कि न्यायालय का क्षेत्राधिकार व्यापक आयाम का है और ऐसी अदालतों द्वारा दी जाने वाली कोई भी राहत केवल उसी अदालत द्वारा दी जा सकती है।

जेल वाहन में महिला कैदी से सामूहिक दुष्कर्म

जींद, एजेंसी

- इलाज के लिए लाया गया था पीजीआई, दो कैदियों पर आरोप

रोहतक स्थित स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में इलाज के लिए ले जाई गई महिला कैदी से वाहन में ही दो अन्य कैदियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया। बुधवार देर रात जींद के सिविल लाइन थाना में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच के लिए रोहतक पुलिस के पास भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सजा काट रही महिला कैदी ने तहरीर दी है कि उसका इलाज पीजीआई, रोहतक में चल रहा है और 20 फरवरी को उसे जेल के वाहन से वहां ले जाया गया था। महिला के मुताबिक वाहन में उसके मनीष और सतीश नामक दो अन्य कैदी थे। उसने आरोप लगाया कि पीजीआई अस्पताल में जब सुरक्षाकर्मी वाहन खड़ा कर कागजी कार्रवाई पूरी कर रहे थे, तभी दोनों साथी कैदियों ने वाहन में ही कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर उसे नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सिविल लाइन थाना के प्रभारी सुखबीर ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिला कैदी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पांच सहकारी बैंकों पर 60.3 लाख का जुर्माना

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए पांच सहकारी बैंकों पर कुल 60.3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। राजकोट नागरिक सहकारी बैंक पर 43.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना 'निदेशकों और उनके रिश्तेदारों को कर्ज और अग्रिम पर प्रतिबंध समेत अन्य बातों को को लेकर रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने को लेकर लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने द कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक (नई दिल्ली), राजधानी नगर सहकारी बैंक (लखनऊ) और जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल (कोटद्वार, उत्तराखंड) पर 5-5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

जीवनसाथी के नियोक्ता से शिकायत क्रूरता के समान

नई दिल्ली, एजेंसी

हाईकोर्ट की पीठ ने जोड़े को दी विवाह को समाप्त करने की अनुमति

- चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची अपमान करने वाली शिकायतें करना क्रूरता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जीवनसाथी की पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा से उसके नियोक्ता से की गयी अपमानजनक शिकायत क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने जोड़े को विवाह को समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि इस तरह की शिकायतें आपसी सम्मान और सद्भाव की कमी को प्रदर्शित करती है जो स्वस्थ वैवाहिक संबंध के लिए अहम होता है।

अपीलकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने के कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उन्हें शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं। पीठ ने इस महीने के शुरुआत में फैसला देते हुए टिप्पणी की, चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची, इस तथ्य से परे पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावना को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के नियोक्ता को अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है।

इस पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल थीं। अदालत ने कहा, ''ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह कहने से कि ऐसी शिकायतें पक्षकारों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है। दंपति का जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह हुआ था और दोनों सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। पीठ ने फैसले में कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति को चिंतित किया और उसकी मानसिक शांति भंग हुई जिसकी वजह से दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना मुश्किल हो गया।

अदालत ने कहा, नियोक्ता से शिकायत करने की प्रतिवादी की स्वीकारोक्ति को क्रूरता माना जा सकता है। ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है।

एक नजर

50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: एसटीएफ ने गुरुवार को अलीगढ़ से 50 हजार के इनामी वांछित को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त लड्डू उर्फ लड्डन के खिलाफ अलीगढ़ के विभन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। लंबे समय से एसटीएफ लड्डन की तलाश कर रही थी। इस दौरान एसटीएफ अलीगढ़ इकाई को सूचना मिली कि लड्डन अलीगढ़ पहुंचने वाला है। ऐसी स्थिति में निरीक्षक हुकुम सिंह मुखबिर द्वारा बताए हुए स्थान पर पहुंचकर सिविल लाइन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

योगी ने की हनुमत प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत

गोरखनाथ मंदिर में हनुमान के नव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 21 को, 22 को महायज्ञ की पूर्णाहुति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ की विधि विधान से शुरुआत की। हनुमान की नव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 अप्रैल को होगी, जबकि रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को होगी। इस दौरान पूर्णाहुति तक विविध प्रकार के पूजन, अधिवास व अनुष्ठान के कार्यक्रम चलते रहेंगे।

गुरुवार से इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, रामानुज त्रिपाठी, डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, अरविंद चतुर्वेदी, रोहित मिश्र, बृजेश मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रांगेश मिश्र, अभिषेक पांडेय, डॉ. हृदय नारायण शुक्ल आदि मौजूद रहे।

गोरखनाथ मंदिर की यज्ञशाला में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महायज्ञ की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

चुनाव कराने को अफसरों सहित पहुंचे 70 हजार से अधिक जवान

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

बुन्देलखंड में न हो पेयजल की समस्या, दी हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मुख्य सचिव ने की समीक्षा कहा- 24 घंटे सतर्क रहे मशीनरी**

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि गर्मी के दिनों में उप्र. में विशेष तौर पर बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिये। यह सुनिश्चित कराया जाये कि उपलब्ध सभी पेयजल स्रोत सुचारू रूप से संचालित रहें। सम्बन्धित विभागों की जिला स्तरीय प्रशासनिक मशीनरी 24 घंटे सतर्क पर रहे।

मुख्य सचिव ने गुरुवार को जल जीवन मिशन, नमामि गंगे एवं राज्य भूगर्भ जल प्रबंधन और नियामक प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर जिले में कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया जाए, जिसे जिलों की तहसीलों, विकास खण्डों, ग्राम पंचायतों से जोड़ा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या की सूचना जनता से प्राप्त करने एवं प्राप्त सूचना के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। वहीं, एमडी जल निगम (ग्रामीण) राजशेखर ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब तक 2,17,32,512 घरों को पेयजल कनेक्शन से जोड़ा जा चुका है, जो लक्ष्य का 81.84 प्रतिशत है। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद थे।

छात्रवृत्ति आवेदन का मिल सकता है मौका

अनुसूचित जाति के 86 हजार छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल 26 से 3 मई तक खुलेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **7 मई तक कॉलेजों को फार्म अग्रसारित करना होगा**

अमृत विचार : छात्रवृत्ति से वंचित रह गए अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन करने के लिए अंतिम अवसर मिल सकता है। शासन से अगर स्वीकृति मिली तो 86 हजार 173 छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल 26 अप्रैल से तीन मई तक के लिए खोला जाएगा।

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक्स के अनुसूचित जाति के 3,74,963 और पोस्टमैट्रिक्स के 9,24,947 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया था। 86,173 छात्र-छात्राएं योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए थे, क्योंकि इनका परीक्षा परिणाम नहीं आया पाया था। इनको लाभ देने के लिए 26 अप्रैल से दोबारा पोर्टल खोला जा सकता है। छात्र-छात्राओं को अपने आवेदन में सुधार करते हुए पुनः आवेदन करना होगा। सात मई तक कॉलेजों को भी फार्म की जांच कर अग्रसारित करना होगा। अधिकारियों का कहना है कि फार्म में संशोधन करते समय प्राप्तांक, पूर्णांक और अनुक्रमांक सही भरना होगा। इसको भरने के बाद मिलान जरूरी है, क्योंकि इसमें गड़बड़ी होने पर छात्रवृत्ति अटक सकती है। आवेदनों को स्वीकृति के लिए जिला समिति को भेजा जाएगा। जिला समिति से जो आवेदन स्वीकृत होंगे, उनको समाज कल्याण विभाग की ओर से 18 जून से भुगतान किया जाएगा।

आज तय होगा सामान्य छात्रों को मौका मिलेगा या नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलितयों का खामियाजा भुगत रहे 77,352 छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए दोबारा अवसर मिलेगा या नहीं इस पर आज फैसला होगा।

मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण सामान्य वर्ग के 77,352 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज शाम को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में प्रमुख सचिव वित्त, प्रमख सचिव समाज कल्याण, प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण निदेशक के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव को बताया जाएगा कि किन कारणों से उक्त छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ नहीं मिल सका।

प्रश्नपत्र लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल दो आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का प्रिंटिंग प्रेस से संपर्क बताया जा रहा है। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी सहित 14 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

एसटीएफ मेरठ इकाई ने गुरुवार की शाम चार बजे मोदीपुरम फ्लाइओवर पल्लवपुरम से अजीत चौहान और अजय कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो प्रश्नपत्र की प्रति, एक उत्तर कुंजी, तीन मोबाइल और एक ब्लैक स्कार्पियो बरामद की गई है। पूछताछ में इन दोनों अभियुक्तों के नामों का पता चला था। गौरतलब हो कि प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक एसटीएफ ने दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, नवीन कुमार, साहिल, अभिषेक, शिवम, रोहित, सतीश, राजीव नयन और रवि को गिरफ्तार किया है।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष संजीव कटियार ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन और सनातनियों का विरोध करना इंडी गठबंधन के नेताओं की सोची समझी नीति है। वे वोट बैंक की राजनीति में तुष्टिकरण के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। जनता को ऐसे लोगों का बायकॉट करना चाहिए, इनका हुक्का पानी भी बंद कर देना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने किया। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और डॉ. अंकुश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

भाजपा की हार देश की प्रगति की गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि लोकसभा चुनाव भाजपा की हार देश की प्रगति की गारंटी है। दोनों नेता गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को साझा तौर पर संबोधित कर रहे थे।

नेताओं ने कहा कि बीते दस वर्षों में प्रदेश और देश की भाजपा सरकारों ने अपनी सत्ता की भूख मिटाने को समूचे देश के सामाजिक, राजनीतिक, संवैधानिक और आर्थिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया है। देश के प्रजातंत्र के लिए आज परीक्षा की घड़ी है। हमारे देश की इस परीक्षा में 19 अप्रैल से एक जून तक सात प्रश्न पत्र होंगे, जिसमें देश की जनता भाजपा सरकारों का मूल्यांकन करेगी। परिणाम 4 जून को आएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा विश्वास है कि जिन भाजपा सरकारों ने किसान, नौजवान, जवान, बेटियों दलितों, पिछड़ों और पहलवानों सबका अपमान किया है, उन्हें देश की जनता इस परीक्षा में फेल करेगी।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्विजेन्द्र त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष शाहनवाज आलम आदि मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करतीं विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, प्रवक्ता अभय दूबे।

पहले मतदान फिर जलपान : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करने की अपील की**

अमृत विचार : बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को मतदाताओं से 'पहले मतदान फिर जलपान' की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर जनमानस से पुरजोर अपील करते हुए कहा कि वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें और देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें।

बसपा प्रमुख ने मतदाताओं को सावधान करते हुए कहा कि अपने वोट देने के अधिकार की रक्षा आप पूरे जी जान से करिये। ताकि आपका कोई वोट खरीदा न जा सके, लूटा न जा सके। साथ ही उन्होंने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि व कर्तव्य की याद दिलाते हुए कहा कि कोई वोट पड़ने से न रह जाए तथा धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो, वोट जरूर डालें। एक्स पर बयान में मायावती ने निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के आश्वासन का हवाला देते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन रोका जाना चाहिये।

20 हजार नमो वालंटियर्स करेंगे भाजपा का प्रचार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रत्येक बूथ पर दस लोगों को जोड़कर पार्टी के पक्ष में प्रचार करने के लिए टीम तैयार की गई है। 20 हजार वालंटियर्स रक्षा मंत्री के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाएंगे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट स्थित कार्यालय में नमो वालंटियर्स की बैठक के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि चुनावी रणनीति के तहत प्रत्येक बूथ पर 10 लोगों को जोड़कर ऐसे लोगों की टीम तैयार की गई है, जो राजनीति में तो नहीं हैं लेकिन जनहित और कल्याणकारी मुद्दों पर अपनी बात आमजन तक पहुंचाते हैं। यह सभी भाजपा के पक्ष में प्रचार करते हुए राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

तस्करी कर ले जाए जा रहे 676 तोते बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **एसटीएफ ने गोरखपुर से तीन तस्करों को किया गिरफ्तार**

अमृत विचार : एसटीएफ ने संरक्षित प्रजाति के वन्यजीवों व उनके अंगों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 676 तोते बरामद किए हैं। हालांकि कार्रवाई के दौरान एक अन्य तस्कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश शुक्ला ने बताया कि गोरखपुर के थाना राजघाट के ग्राम रायगंज निवासी मो. इम्तियाज उर्फ विक्की, रईस अहमद निवासी छोटे काजीपुर मिस्का टोला, मंसूर आलम निवासी मिस्का टोला, थाना आलमगंज, पटना को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, शमशाद मौके से फरार हो गया है। तीनों तस्करों के पास से 676 तोता (रोजरिंग पैराकीट), आठ पिंजड़ा, महिंद्रा बोलेरे भी बरामद किया है। आरोपियों को गोरखपुर कसया मार्ग थाना एम्स नंदानगर अंडर पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले से मिल रही सूचना के आधार पर तस्करों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई गई थी। एसटीएफ फील्ड इकाई अयोध्या द्वारा जानकारी एकत्रित की जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि गोरखपुर में वन्यजीवों एवं संरक्षित प्रजाति के जीवों का अवैध व्यापार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तोते (रोजरिंग पैराकीट) को अवैध व्यापार के लिए ले जाया जा रहा था।

चौथे चरण के लिए छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था, वीडियोग्राफी भी कराई जा रही**

अमृत विचार : प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लिए गुरुवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। खीरी में दो, सीतापुर में एक, हरदोई (अजा) में एक, मिश्रिख में एक व अकबरपुर में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि खीरी लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से अजय कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सिंह भदौरिया ने नामांकन किया। सीतापुर सीट के लिए भाजपा से राजेश कुमार वर्मा ने नामांकन किया। हरदोई (अजा) सीट के लिए भाजपा के जय प्रकाश ने नामांकन भरा। मिश्रिख सीट के लिए भाजपा के अशोक कुमार, अकबरपुर सीट के लिए भाजपा से से देवेन्द्र सिंह भोले ने नामांकन किया। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जाएगी। 29 अप्रैल को अपरान्ह तीन बजे तक नाम वापसी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

मतदान केंद्रों पर ओआरएस घोल समेत जरूरी दवाएं रहेंगी उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **सभी सरकारी अस्पतालों में एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेगी पैरामेडिक्स टीम**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर हीट वेव समेत संभावित बीमारियों के बचाव संबंधित दवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पताल एलर्ट मोड पर रहेंगे, जो कि सूचना मिलते ही एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचेंगे। यह जानकारी गुरुवार को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने दी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पहले चरण के मतदान होंगे, इसके लिए सभी जिला अस्पताल प्रशासन के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश भेज दिये गये हैं। गर्मी बढ़ चुकी है, हीट वेव की संभावना है, इसलिए मतदान केन्द्रों पर बचाव में ओआरएस घोल समेत अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। मतदान केन्द्रों पर पीने के पानी समेत अन्य जरूरी संसाधन जुटाने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि पैरामेडिक्स की टीमें गठित की गई हैं, जो कि कंट्रोल में एंबुलेंस के साथ उपलब्ध रहेंगी। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी एलर्ट किया गया है। सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों को ऑनकॉल उपलब्ध रहने के निर्देश दिये गये हैं।

भाजपा में शामिल हुए लोगों के साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण समाज में विभिन्न वर्ग के लोग भाजपा का दामन थाम रहे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने वाल्मीकि समाज एवं अन्य पार्टियों के पदाधिकारियों को भाजपा की सदस्यता दिलाने के दौरान उक्त बात कही। सदस्यता ग्रहण करने वालों में डॉ. हरिराम सिंह, मो. फैजान, राकेश सिंह प्रदेश अध्यक्ष किसान मंच एवं समाजवादी पार्टी पूर्व नगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा नवल किशोर धानू आदि शामिल हैं।

तीसरे चरण के लिए 52 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए गुरुवार को 52 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सम्भल में चार, हाथरस (अजा) में छह, आगरा (अजा) में दो, फतेहपुर सीकरी में छह, फिरोजाबाद में नौ, मैनपुरी में दो, एटा में छह, बदायूं में दो, ऑवला में पांच व बरेली में 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में अब तक 97 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल, समाजवादी पार्टी से जियाउर रहमान, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी से प्रेमपाल सिंह ने नामांकन पत्र भरा। हाथरस (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर, आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द्र कर्दम ने नामांकन पत्र भरा। फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर व कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार नामांकन पत्र भरा। मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से शिव प्रसाद ने नामांकन पत्र भरा। एटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान एडवोकेट, बदायूं क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से मुस्लिम खां ने नामांकन पत्र भरा। ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बसपा से आबिद अली, भाजपा से धर्मेन्द्र कश्यप ने नामांकन पत्र भरा।

16 सीटों के लिए कांग्रेस के मीडिया प्रभारी नियुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने 16 लोकसभा सीटों के लिए अलग-अलग मीडिया प्रभारी नियुक्त किये हैं। कानपुर के एडवोकेट प्रदीप सिंह व प्रेम नारायण पाल, रायबरेली के लिए सुशील पासी व सुधा मिश्रा, अमेठी के लिए पुनीत पाठक, प्रियंका गुप्ता, सीतापुर के लिए प्रियंका गुप्ता व सचिन रावत मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं।

सूचना न देने पर जुर्माना

अमृत विचार, लखनऊ : विकास खंड माल में तैनात एक सचिव पर राज्य सूचना आयोग ने 25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। ग्राम खकरा निवासी अंकित पाल ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी जो सचिव द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर आयोग ने अर्थदंड लगाया है। आयोग के आदेश पर संबंधित सचिव को जिला पंचायत राज अधिकारी ने धनराशि जमा करने के लिए लिखा है।

शत प्रतिशत मतदान कर राजनाथ को दिलाएं ऐतिहासिक जीत

कार्यक्रम के दौरान लोगों से संवाद करते भाजपा नेता नीरज सिंह।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा नेता नीरज सिंह ने संवाद कार्यक्रम में लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने एसकेडी स्कूल राजाजीपुरम में शिक्षकों के साथ संवाद किया।

मेहंदीगंज में आयोजित बैठक में शामिल हुए साथ ही क्षेत्र में जनसंपर्क किया। कश्मीरी बाग मेहंदी गंज में आयोजित चाय पर चर्चा और अशरफाबाद वाल्दा कॉलोनी में कार्यकर्ताओं से संवाद किया। देर शाम राजाजीपुरम डी ब्लॉक और हैदरगंज वार्ड द्वितीय के आदर्श नगर मलपुर में नुक्कड़ सभा कर वोट मांगे। इस दौरान मेयर महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व सांसद कुसुम राय, एसकेडी सिंह, कुसुम बत्रा, अमित गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह, राजन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

शहर में आज

- माल एवेन्यू स्थित सराका आर्ट गैलरी में जबलपुर के वरिष्ठ चित्रकार रघुवीर अम्बर की 23 कलाकृतियों की एकल प्रदर्शनी – 11:00 बजे।
- बीपी हलवासिया मेमोरियल इंडियन पैरा जूडो एकेडमी, हलवासिया कोर्ट में युवा एथलेटिक्स में एनर्जी और स्टेमिना पर सेमिनार – 3.45 बजे।
- डॉ. अनिल रस्तोगी द्वारा राज्य ललित कला अकादमी में समूह चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन – 4.00 बजे।

एक नजर

डेढ़ करोड़ का चोरी का सामान बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने मोबाइल टॉवर से सामान चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गुरुवार को गिरफ्तार कर डेढ़ करोड़ का माल बरामद किया है। गिरोह में दो कबाड़ी भी शामिल हैं। डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि नगराम के प्रवीण तिवारी ने 23 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को गुरुवार को कटी बगिया स्थित उत्तम कबाड़ी के गोदाम में चोरी सामान होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंच सामान बरामद कर सरोजनीनगर के आजादनगर निवासी कबाड़ी उत्तम, बंथरा के कबाड़ी जय प्रकाश व नरेन्द्र को गिरफ्तार किया। नरेन्द्र एक टॉवर कंपनी में टेक्नीशियन है। बताया आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

अच्छी फिल्में बच्चों को अच्छा इंसान बनाती हैं : अनूप जलोटा

अमृत विचार, लखनऊ : कानपुर रोड स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में चल रहे अन्तरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में गुरुवार को भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा, अभिनेता दर्शील सफारी और अली हाजी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अनूप जलोटा ने कहा कि अच्छी फिल्में बच्चों को अच्छा इंसान बनाती हैं। फिल्मों से अच्छी आदतें और बातें सीखने को मिलती हैं। महोत्सव में कई देशों की बाल फिल्में दिखायी गईं। फिल्म महोत्सव में सिटी मांटेसरी के अलावा राजधानी के दूसरे स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने भी फिल्में देखीं।

हल्दी के बाद प्रेमिका से मिला, फेसबुक पर पोस्ट की रील, फंदे पर मिला शव

रस्म के बाद प्रेमिका को चाचा के बंद मकान में मिलने के लिए बुलाया था

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

- पिता ने युवती के परिवार के चार लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट
- पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, तीन की तलाश

अमृत विचार: हल्दी की रस्म के बाद बुधवार रात युवक ने प्रेमिका को अपने चाचा के बंद मकान में मिलने बुलाया और उसके साथ तीन रील बनाकर फेसबुक एकाउंट पर अपलोड कर दी। इसके कुछ देर बाद युवक का शव उसी मकान में मिला। गले में रस्सी का फंदा था और पैर जमीन में छू रहे थे। पिता ने युवती के परिवार के चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नबीनगर निवासी सुरेश पीआरडी में गार्ड हैं। उनका बेटा रवि गांव में खाद-बीज की दुकान किए था। रवि का गांव की एक युवती से तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग था। 22 अप्रैल को युवती की शादी होनी है, बुधवार को उसकी हल्दी की रस्म थी। रात में रवी ने अपने चाचा संतोष के बंद मकान में प्रेमिका को मिलने बुलाया। उसने रात करीब 13:30 बजे प्रेमिका के साथ तीन रील फेसबुक एकाउंट पर पोस्ट की। उधर, युवती की तलाश में लगे उसके परिजन वहां पहुंच गए। प्रेमिका के एक परिजन ने ही सुरेश के बड़े बेटे पंकज को बताया कि संतोष के मकान में रवि पड़ा है। पंकज वहां पहुंचा तो रवि के गले में फंदा कसा था और उसके पैर जमीन में छू रहे थे। परिवार के लोगों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

पत्नी की सूचना पर ड्यूटी से घर पहुंचे सुरेश ने युवती के परिवार के चार लोगों पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेश सिंह ने बताया पिता सुरेश सिंह की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, तीन की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को शव परिजन को सौंप दिया गया।

दोनों पक्षों में कई बार हुआ था विवाद

रवि और युवती के प्रेम प्रसंग की जानकारी दोनों के परिवार वालों को थी। इसको लेकर दोनों पक्षों में कई बार विवाद भी हुआ था। कई बार गांव में पंचायत भी हुई थी। आरोप है कि युवती के परिजनों ने पहले कई बार रवि को जान से मारने की धमकी दी थी। मां ने बताया कि युवती के परिवार के लोगों ने पहले भी रवि के साथ मारपीट की थी। मां का कहना था कि रवि के दोनों पैर जमीन छू रहे थे, जीभ अंदर थी। गले पर फंदे से लटकने की तरह निशान नहीं थे। मोहल्ले वालों ने खाली मकान से कुछ लोगों निकलकर भागते भी देखा था।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन

रवि का शव शाम को गांव पहुंचने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इससे पुलिस ने गांव में डेरा डाल दिया। चारों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इससे अंतिम संस्कार नहीं किया। शुक्रवार को अंतिम संस्कार करने की बात कह रहे हैं।

गृहकर के साथ जलकर जमा करने के लिए करना होगा इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : गृहकर के साथ जलकर, सीवर टैक्स जमा करने के लिए भवन स्वामियों को इंतजार करना पड़ेगा। नगर निगम ने नगर विकास विभाग को इसका प्रस्ताव भेज है। यह सुविधा शुरू होने से भवन स्वामियों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अब एक ही छत के नीचे टैक्स जमा कर सकेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में पिछले महीने कार्यकारिणी बैठक में गृहकर के साथ जलकर और सीवर टैक्स नगर निगम द्वारा वसूलने का प्रस्ताव पास हुआ था। इसे 1 अप्रैल से लागू किया जाना था, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण इसमें देर हो रही है। नगर निगम और जलकल विभाग का बायलाज (उपनियम) अलग होने से शासन की अनुमति के बिना इसमें बदलाव नहीं किया जा सकता है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि नगर निगम ने शासन को यह प्रस्ताव भेज दिया है। बायलाज में संशोधन के बाद इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

विस्थापितों के लिए एलडीए ने फिर लगाया पंजीकरण शिविर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- छह विस्थापितों ने 1,000 रुपये देकर कराया पंजीकरण
- 29 तक शिविर का होगा आयोजन

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को एक बार फिर अकबर नगर के विस्थापितों को आवास देने के लिए पंजीकरण शिविर लगाया है। जिसमें छूटे हुए विस्थापित 1,000 रुपये शुल्क देकर प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। शिविर का आयोजन 29 अप्रैल तक किया जाएगा। गुरुवार को कुल छह विस्थापितों ने 1,000 रुपये शुल्क देकर पंजीकरण कराया। अकबर नगर प्रथम में पांच और द्वितीय में एक विस्थापित ने पंजीकरण कराया।

अकबर नगर में कुकरैल बंधे और नदी की जमीन पर बने लगभग 1,200 मकानों, शोरूम, दुकानें और कॉम्प्लेक्स तोड़े जाने हैं। न्यायालय के निर्देश पर विस्थापितों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में आवास देने के लिए एलडीए ने 31 मार्च तक अकबर नगर में शिविर लगाकर विस्थापितों का पंजीकरण कराया था। इसमें लगभग 1,700 लोगों ने पंजीकरण कराया था। आवेदन के साथ एलडीए की नोटिस लगाने वाले विस्थापितों को एलडीए पहले आवास आवंटित करेगा। सर्वोच्च न्यायालय में मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होनी है। न्यायालय के निर्देश पर एलडीए एक बार फिर अकबर नगर में छूटे हुए विस्थापितों के लिए 29 अप्रैल तक शिविर लगा रहा है।

चालक-परिचालक अफसरों को देंगे बस हादसों की सूचना

कार्लयालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रोडवेज बस हादसों की सूचना चालक-परिचालक को अपने डिपो के अधिकारियों को सूचना देंगे। सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर जाकर हादसे की फोटो एक्सीडेंट रिपोर्टिंग सिस्टम के ग्रुप पर अपलोड करेंगे। सूचना देने में लापरवाही पर चालक-परिचालक और मौके पर न पहुंचने पर अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। ये निर्देश रोडवेज बस हादसों की समीक्षा को लेकर हुई बैठक में प्रधान प्रबंधक ने दिए।

प्रधान प्रबंधक ने कहा कि पिछले काफी समय से देखने में आया कि परिवहन निगम की बसों से होने वाली दुर्घटनाओं को तत्काल अटैंड करके सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

बुधवार को निगम मुख्यालय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ बैठक की। इसमें जीएम कार्मिक अशोक कुमार ने दुर्घटना होने पर मानक परिचालन कार्य प्रणाली का क्रियान्वयन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने पर चालक-परिचालक अपने डिपो के एआरएम, केंद्र प्रभारी व सयमपाल को सूचना देंगे। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही आरएम और एआरएम करेंगे। इसके अलावा दुर्घटना स्थल पर नहीं पहुंचने वाले अफसरों को पूर्णतया दोषी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक वाहन भर सकेंगे फर्राटा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

प्राधिकरण भवन के सभागार में अधिकारियों व अभियंताओं के साथ बैठक करते एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

- एलडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों व अभियंताओं को बैठक में दिए निर्देश

अमृत विचार : ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण में हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक वाहन फर्राटा भर सकेंगे। उन्हें जाम की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण हनुमान सेतु, निशातगंज व कुकरैल पर तीन नए पुलों का अगले महीने की 10 तारीख से एक साथ निर्माण शुरू करेगा। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुरुवार को परियोजना के संबंध में अधिकारियों व अभियंताओं के साथ बैठक करके निर्देश जारी किए।

उपाध्यक्ष को बैठक में बताया गया कि टू लेन व फोर लेन पुलों के निर्माण के लिए मिट्टी का परीक्षण करा लिया गया है। पुलों की ड्राइंग व डिजाइन भी तैयार हो गई है, जिसकी रिपोर्ट अगले महीने मिल जाएगी। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि 10 मई से एक साथ तीनों पुलों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। ट्रैफिक डायवर्जन की आवश्यकता हो तो उसका प्लान भी पहले से तैयार करा लिया जाए, जिससे उक्त रास्तों से गुजरने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत गऊ घाट पर बनाए गए पुल के नीचे खाली हिस्से में लैंड स्केपिंग कराते हुए पौधे लगवाए जाएं।

बैठक में सचिव विवेक श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह, पीआईयू के प्रभारी एके सिंह सेंगर, अधिशासी अभियंता मनोज सागर, संजीव कुमार गुप्ता, अजीत कुमार एवं अजय गोयल समेत अन्य अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दो शिफ्टों में श्रमिकों से कराया जाए काम

एलडीए उपाध्यक्ष ने हीटवेव से बचाव के लिए श्रमिकों से दो शिफ्ट में काम कराने के अभियंताओं व ठेकेदारों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चल रहीं साइट पर सुबह 7 से 12 बजे तक और शाम 5 से 9 बजे की शिफ्ट में काम कराया जाए। पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए।

15 तक प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण कराएं पूरा

बसन्तकुंज योजना के सेक्टर आई में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे 4,512 में से 3,800 भवनों का काम पूरा हो चुका है। उपाध्यक्ष ने शेष भवनों का कार्य 15 मई तक पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ ही साथ योजना के पार्कों को भी विकसित करा लिया जाए। फ्रैगरेंस पार्क आदि कार्यों की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष ने कहा कि घंटा घर के पास सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों को तैनात किया जाए।

तय स्थान पर रुकें सिटी बसें, नहीं तो चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

- शहर के यातायात को लेकर हुई बैठक में मंडलायुक्त ने दिए निर्देश
- अव्यवस्थित खड़े हाथ ठेलों को वेंडिंग जोन में विस्थापित कराएं
- नगर आयुक्त खुद करें वेंडिंग जोन ठहराव स्थलों का निरीक्षण

अमृत विचार : सिटी ट्रांसपोर्ट की बसें अपने निर्धारित स्थान पर ही रुकें। इधर-उधर बसें रोकने या खड़ा होने पर उनका चालान कराया जाए। चौराहे पर खड़ी गाड़ियों का भी चालान होना चाहिए। अव्यस्थित हाथठेलों को वेंडिंग जोन में विस्थापित कराएं और नगर आयुक्त खुद ठहराव स्थलों और वेंडिंग जोन का निरीक्षण करें। ये निर्देश मंडलायुक्त गुरुवार को हुई बैठक में अधिकारियों को दिए।

राजधानी की यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। नियमों का अनुपालन कठोरता से कराया जाए। चालक दोपहिया वाहन हेलमेट पहनकर ही चलाएं इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंडलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त से कहा कि चौराहों पर अव्यवस्थित खड़े होने वाले हाथठेलों को चिह्नित कर वेंडिंग जोन में विस्थापित कराएं। शहर में बनाए गए वेंडिंग जोन और पार्किंग जोन का नगर आयुक्त खुद निरीक्षण करें। अतिक्रमण भी नियमित रूप से हटाया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि पीडब्ल्यूडी साइनेजज लगाने और पैच मरम्मत के कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए। उन्होंने कहा कि वारलेस चौराहे पर ब्लैक टॉप की बढ़ोतरी के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों निरीक्षण कर काम शुरू कराएं।तेलीबाग चौराहे पर बने बस स्टॉप को जंक्शन छोड़कर आगे शिफ्ट किया जाए, जिससे यातायात और आवागमन बाधित न हो। अधिकारियों ने बताया कि पालीटेक्निक चौराहे के चौड़ीकरण का काम तेजी से हो रहा है।

बीकेटी में खाली कराई 10 करोड़ की जमीन

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को बीकेटी के आधारखेड़ा गांव में अभियान चलाकर 10 करोड़ मूल्य की 1,13,960 वर्गफिट जमीन खाली कराई। इस भूमि पर लोगों ने पक्के निर्माण कर लिये थे। खसरा संख्या 137, 138, 139, 86 और 79 लगभग 1.065 हेक्टेयर भूमि ऊसर, खलिहान, पशुचर, बंजर व नवीन परती में दर्ज है। प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव के निर्देश पर तहसीलदार अरविंद कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार संजय सिंह, राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में उक्त भूमि पर किए गए निर्माण पुलिस बल की सहायता से जेसीबी से ध्वस्त कर दिए।

इकाना में मैच आज, शहीद पथ पर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोपहर 3 से रात 12 बजे तक लागू रहेगा डायवर्जन
- टिकट की हार्ड कॉपी के बिना नहीं मिलेगा स्टेडियम में प्रवेश

अमृत विचार : इंडियन प्रीमियम लीग में शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंटस के बीच मैच खेला जाएगा। मैच में होने वाली भीड़ को देखते हुए स्टेडियम की ओर जाने वाले रास्तों पर रूट डायवर्ट किया गया है। जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 3 से रात 12 बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा। उन्होंने स्टेडियम के आसपास रहने वालों से शाम 6 से 8 बजे तक शहीद पथ पर आवाजाही से बचने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

टिकट के क्यूआर कोड पर दिखेगा पार्किंग स्थल का मैप

- टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा, जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप के साथ दिखेगा।
- पीआईपी के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों को स्टेडियम में जाने की बिना पास अनुमति नहीं होगी।
- टिकट की हार्ड कॉपी के बिना स्टेडियम में एंट्री नहीं मिलेगी। मैच के दिन कोई काउंटर नहीं खुलेगा।
- मैच शुरू होने से तीन घंटे पहले तक प्रवेश दिया जाएगा। अंतिम प्रवेश मैच की दूसरी पारी के बीच तक दिया जाएगा।
- स्टेडियम से निकलने के बाद दोबारा आने की अनुमति नहीं मिलेगी।
- पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एंड ड्राप स्टैंड होगा। यहां निजी वाहन, ऑटो रिक्शा सवारी उतार व बैठा सकेंगे।
- कोई व्यक्ति बिना ड्यूटी कार्ड या टिकट के स्टेडियम में प्रवेश नहीं करेगा, पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

सिटी बसें चलेंगी

मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया और सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच में नहीं रुकेंगी। ये सड़क के दाईं ओर ही चलेंगी।

रोडवेज और निजी बसों की आवाजाही नहीं होगी

- मैच के दौरान शहीद पथ पर रोडवेज और प्राइवेट बस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक रूट से वाहन निकाले जायेंगे। निजी वाहनों, किराये की टैक्सी और कार पर रोक नहीं होगी।
- सुल्तानपुर रोड पर वाहन अमूल तिराहे से डायवर्ट होंगे। अर्जुनगंज, कैंट की तरफ से आने वाले वाहन कटाई पुल से मुड़ेंगे।

ऑटो और ई-रिक्शा नहीं चलेंगे

- ई-रिक्शा व ऑटो शहीद पथ और सर्विस रोड पर नहीं चलेंगे।
- अर्जुनगंज से आने वाले ई रिक्शा और ऑटो अहिमामऊ से बाएं मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे। पीएचक्यू के सामने से होकर जी-20 तिराहे से गोमती नगर की ओर जाएंगे। सुल्तानपुर रोड से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा बाएं मुड़कर लूलू मॉल की ओर सवारी उतारेंगे। अहिमामऊ से 500 मीटर एरिया में सवारी उतारी व बैठाई नहीं जाएंगी।

कैब की यह रहेगी सुविधा

- सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर कैब चालक सवारी नहीं बैठाएंगे।
- एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे।
- अर्जुनगंज की ओर से आने वाले वाहन अहिमामऊ से बाएं मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे और पीएचक्यू के सामने से जी-20 तिराहे से गोमती नगर की ओर जाएंगे।

वाहन पार्किंग व्यवस्था

- पास वाले वाहन अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहे से प्लासियो होते हुए चिन्हित पार्किंग में पार्क किए जाएंगे।
- जिनके पास वाहन नहीं हैं। वह अहिमामऊ से एचसीएल होकर जाएंगे। पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियो मॉल में पार्किंग दी जाएगी। प्लासियो मॉल की पार्किंग भरने पर वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग सुविधा रहेगी।

दो पहिया वाहन यहां किये जायेंगे पार्क

- दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुए प्लासियो माल के पीछे पार्क कराये जायेंगे।
- वीवीआईपी व वीआईपी के साथ आने वाले स्कोर्ट स्टेडियम से वापस मॉल व पीएचक्यू के पीछे वाली सड़क पर वाहन पार्क करेंगे। स्टेडियम के पास वाहन पार्क नहीं होंगे।
- प्लासियो माल के सामने या स्टेडियम के सामने इधर-उधर अवैध पार्किंग करने पर गाड़ी टो कर लाई जायेगी।

सफर तो तब हो ठंडा और कूल, जब वॉल्वो बसों का हो अनुबंध

बढ़ती गर्मी, सिकुड़ता एसी बेड़ा, दावे नहीं उतरे धरातल पर, हाई-एंड सेवाओं (वॉल्वो, स्कैनिया) के लिए अभी करना होगा इंतजार

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : गर्मी से पहले ही एसी बसों के बढ़ाए जाने के दावे अभी धरातल पर नहीं उतर पाए हैं। परिवहन निगम प्रबंधन के नियमों में शिथिलता देने के बाद भी अब तक वॉल्वो सरीखी सेवाएं नहीं जुड़ पाई हैं।

हाल यह है कि पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी में जब सबसे ज्यादा मांग और सीट बुकिंग एसी (ठंडी) लग्जरी सेवाओं की होती है उस वक्त निगम के जिम्मेदार अभी अनुबंध का इंतजार कर रहे हैं। यहां तक कि परिवहन मंत्री ने एसी सेवाओं की शुरुआत के लिए लक्ष्य तय किए थे।

जल्द ही लग्जरी बसों का बेड़ा बढ़ाया जाएगा। इसके अनुबंध पर काम चल रहा है। यह सही है कि तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में वातानुकूलित बसों की मांग बढ़ना तय है। अनुबंध के आधार पर एसी बसों का बेड़ा समृद्ध किया जाएगा।

–अजीत सिंह, प्रवक्ता उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम

बावजूद इसके अभी तक 'हाई-एंड सेवाओं' को विस्तार नहीं दिया जा सका है। एसी शताब्दी बसें काफी पुरानी हैं।

लखनऊ से दिल्ली के लिए वॉल्वो नहीं

अभी अधिक वक्त नहीं हुआ है जब लखनऊ के आलमबाग टर्मिनल और कैसरबाग से एसी की लग्जरी सेवाओं का लगातार संचालन होता था, लेकिन अब हाई-एंड सिगमेंट की बसें अहम रूट से गायब हैं। हाल यह है कि राजधानी लखनऊ से दिल्ली तक पहुंचने के लिए एक भी वॉल्वो नहीं है। निगम प्रबंधन अभी नई वॉल्वो सेवाओं का अनुबंध तक नहीं कर सका है। पारा लगातार चढ़ रहा है।

प्रदेश में 697 एसी बसों की फ्लीट

रोडवेज के बेड़े में अभी करीब 697 बसें हैं। इनमें एसी स्लीपर, एसी चेयरकार विद स्लीपर, मिड सिगमेंट एसी बसों के अतिरिक्त हाई-एंड सेवाएं (वॉल्वो, स्कैनिया) सरीखी लग्जरी गाड़ियां हैं। कुछ समय पहले पवनहंस सेवाएं भी रोडवेज की फ्लीट में शामिल की गई हैं। रोडवेज अफसर इन्हें वॉल्वो कैटगरी की मानते हैं। छह और बसें वॉल्वो श्रेणी में आती हैं। इनकी कुल संख्या 18 है। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी के मुताबिक राजधानी में वॉल्वो श्रेणी की आठ बसें हैं।

एसी बसों के संचालन स्थिति

- जनरथ, पिंक, शताब्दी, वॉल्वो एसी बसों की संख्या – 697
- वॉल्वो और पवनहंस बसें – 18
- लखनऊ – 8
- प्रयागराज – 4
- गाजियाबाद – 2
- शताब्दी-95
- लखनऊ संभाग में संचालित एसी बसों का ब्योरा – 167
- स्लीपर-3
- वॉल्वो-8
- पिंक-17
- शताब्दी-36
- जनरथ-103

एक नजर

सिस गोमती मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्रों का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : सिस गोमती मुख्य अभियंता ने उपकेंद्रो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अधिकारियों से उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली सप्लाई मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बिजली के बकायेदारो से वसूली के लिए अभियान चलाने के लिए कहा है। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि चौक उपकेंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटरो के रिचार्ज से लेकर नये बिजली कनेक्शन देने मे तेजी से काम करने को कहा है।साथ ही ढ़ीले तारों को कसने, जम्फर के रिपेयरिंग कार्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए है।

कृष्णा सिंह को किया याद

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय महिला संस्थान की 25 वर्षों तक राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीं कृष्णा सिंह को संस्थान की ओर से आयोजित शोकसभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्रदेश में महिला कल्याण व पोषण और ग्राम्य विकास विभाग की निदेशक रह चुकी कृष्णा सिंह का 14 अप्रैल की सुबह 80 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया था। उनके निधन पर रिवर बैंक कालोनी स्थित केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित शोकसभा में संस्थान के महासचिव आदर्श कुमार ने उनके सहज व्यक्तित्व की चर्चा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुसुईया शर्मा, संगठन सचिव ज्ञानेंद्र शर्मा, हनुमन्त श्रीवास्तव, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

शिया कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस सहित पांच विषयों में छात्र कर सकेंगे पढ़ाई

12 शिक्षकों को किया गया नियुक्त, फीडबैक के लिए कार्यकारिणी का गठन

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : 104 वर्ष पुराने शिया पीजी कॉलेज में नए सत्र के साथ छात्र अब पॉलिटिकल साइंस और एजुकेशन सहित पांच विषयों में अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। कॉलेज प्रशासन ने इसको लेकर नव नियुक्त शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी है। कॉलेज प्राचार्य का कहना है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसको लेकर मिलने वाले फीड बैक के लिए एक कार्यकारिणी भी गठित हो गई है।

शिया पीजी कॉलेज में पांच पाठ्यक्रमों को विस्तार देने के लिए एक माह पूर्व से मंथन किया गया। व्यवस्थाओं को विस्तार देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संबद्ध महाविद्यालय में 12 शिक्षकों को नियुक्त किया गया। फिर पांच विषयों को कॉलेज में शुरू करने के लिए सहमति बनी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. एस शबीहे रजा बाकरी कहते हैं कि 12 शिक्षकों की नियुक्ति के बाद ही विषयों को विस्तार दिया गया। इसमें पॉलिटिकल साइंस और एजुकेशन के अलावा एम हिस्ट्री विषयों को भी शुरू किया गया है। बताते हैं कि नए पाठ्यक्रमों से जुड़े फीडबैक को लेकर कॉलेज प्रशासन की ओर से कार्यकारिणी का भी गठन कर दिया गया है।

▸▸ पांच विषयों को कॉलेज में शुरू करने के लिए बनी सहमति

संबद्ध कॉलेजों में बैचलर डिग्री, विवि में नदारद : लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध शिया पीजी कॉलेज ही नहीं कई अन्य विश्वविद्यालयों में जर्नलिज्म की बैचलर डिग्री से जुड़ा पाठ्यक्रम उपलब्ध है। लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय में इस व्यवस्था का पूरी तरह से अभाव है। यहां मॉस्टर डिग्री तो है लेकिन बैचलर डिग्री से जुड़ा पाठ्यक्रम अब तक शुरू नहीं हो सका।

सूत्रों की मानें तो जिम्मेदार बड़ी संख्या में शामिल होने वाले छात्रों से बचते रहे हैं। इसी कारण शासन स्तर पर इसे स्वीकृति देने के लिए प्रस्ताव भी नहीं भेजा गया। उधर, लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े महत्वपूर्ण विषय को लेकर जब विभागाध्यक्ष प्रो. मुकुल श्रीवास्तव से बातचीत की गई तो वे अपना पक्ष देने से बचते नजर आए, उनका मानना था कि विवि में बैचलर कोर्स की कमी है। क्यूं, इसका जवाब न देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय का जवाब केवल प्रवक्ता ही दे सकते हैं। उधर, जब प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव से बात गई तो उन्होंने बताया कि पदों की कमीं के कारण ही बैचलर कोर्स शुरू नहीं हो सका है। फिलहाल विवि में शोध और परास्नातक कोर्स ही पढ़ाए जा रहे हैं।

पांच वर्षीय एलएलबी और बैचलर ऑफ जर्नलिज्म भी शामिल

शिया पीजी कॉलेज इस बार एलएलबी करने वाले छात्रों के लिए पांच वर्षीय कोर्स लेकर आया है। प्राचार्य बताते हैं कि अभी तक ये व्यवस्था कॉलेज में नहीं थी। इस बार पाठ्यक्रमों के विस्तार में इसे भी शामिल किया गया है। अतिरिक्त पाठ्यक्रमों में बैचलर ऑफ जर्नलिज्म भी सम्मिलित है।

इन असिस्टेंट प्रोफेसरों को मिली जिम्मेदारी

पुलकित, विनय तिवारी, नेहाल, मुज्तबा, फरहत आजमी, साईमा मेंहदी, श्रेय शुक्ला, नाजिया नकवी, नाजिया इकबाल।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में साफ-सफाई करतीं एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

स्वच्छता अभियान में आगे आएं कैडेट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भाषा विवि परिसर में बड़ी संख्या में छात्राओं ने किया प्रतिभाग

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही कक्षाओं एवं गलियारों की साफ - सफाई की गई।

विश्वविद्यालय की एनओ डॉ. लेफ्टिनेंट बुशरा अलवेरा ने कैडेट्स को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देकर जागरूक किया। ऐसे में एनसीसी कैडेट्स ने विवि परिसर के भीतर साफ-सफाई की। इस दौरान विवि के छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डॉ. बुशरा बताती हैं कि स्वच्छता अभियान में विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ - चढ़कर प्रतिभाग किया। आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।

दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई चैत्र नवरात्र दशमी

अमृत विचार : रोटी कपड़ा फाउंडेशन ने रेनबो सोसाइटी के साथ जुड़े दिव्यांग बच्चों के साथ चैत्र नवरात्र की दशमी मनाई। फाउंडेशन ने बच्चों को कंप्यूटर का प्रिंटर भेंट किया। साथ ही जरूरतमंद बच्ची को व्हीलचेयर देकर उसका पूजन किया।

सर .. आईएएस अधिकारी बनने के लिए कैसे करें तैयारी

संवाद के दौरान छात्रा ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा से ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सर, हमें भी बता दीजिए कि आईएएस अधिकारी बनने के लिए किस तरह से तैयारी करनी पड़ती है? हम भी आपकी तरह अफसर बनना चाहते हैं। ऐसा सवाल सरोजनीनगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की एक छात्रा ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा से पूछा।

छात्रा की जिज्ञासा देखकर प्रमुख सचिव हैरान रह गए। बाद में उन्होंने विस्तार से बताया कि किस तरह आईएएस बनने को परीक्षा दी जाती है। इस परीक्षा को पास करने को कठोर परिश्रम पहला कदम माना जाता है।

प्रमुख सचिव बेसिक केएस सुंदरम कस्तूरबा गांधी विद्यालय सरोजनीनगर सहित कई सरकारी विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता को परखने के लिए गुरुवार को निकले थे। इस दौरान उनके साथ शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा, बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल, उप शिक्षा निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश, बीईओ मुख्यालय राजेश कुमार भी मौजूद थे। प्रमुख सचिव ने इसके अलावा प्राथमिक व उच्च विद्यालय हसनपुर खेवली का भी निरीक्षण किया। जहां सभी सुविधाएं और शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर पाया।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने भी बच्चों के साथ संवाद किया। विद्यालयों में बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए संचालित कंप्यूटर लैब को भी देखा गया। इस दौरान बच्चों ने अधिकारियों को कंप्यूटर चला कर दिखाया।

सरोजनीनगर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कार्यालय में बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव केएस सुंदरम से बातचीत करती छात्रा। अमृत विचार

▸▸ कई विद्यालयों में अधिकारियों ने परखी शैक्षिक गुणवत्ता

लविवि में कुलपति ने व्यवस्थाओं का जाना हाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति गुरुवार को वाणिज्य संकाय और टैगोर लाइब्रेरी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। छात्रों और कर्मचारियों के अलावा संकाय सदस्यों से बातचीत भी की।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सबसे पहले नए वाणिज्य ब्लॉक में पहुंचे। छात्राओं से बातचीत की तो पता चला कि वॉटर कूलर की कमी है। ऐसे में उन्होंने नए शौचालयों के अलावा अलग-अलग मंजिलों पर दो वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी शामिल किए जाने को कहा गया। टैगोर लाइब्रेरी पहुंचकर कुलपति ने पुस्तक निर्गम काउंटर पर छात्रों से बातचीत की और संबंधित विषयों पर सवाल पूछे। यहां एमए अर्थशास्त्र की छात्रा मानसी को व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कुछ छात्रों से परीक्षाओं की तैयारी के बारे में पूछा। इस दौरान विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

छात्रा से जानकारी लेते कुलपति।

▸▸ छात्र-छात्राओं से बातचीत के बाद दिए सुझाव

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम आकाश से बदलकर आकाश निषाद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **आकाश निषाद पुत्र लक्ष्मी नारायण ग्राम सनाहा, पोस्ट मिर्जापुर बाजार, जिला गोरखपुर**

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम BARQAT ALI था से बदलकर BARKAT ALI CHOUDHARY रख लिया है। अब मुझे BARKAT ALI CHOUDHARY के नाम से जाना व पहचाना जाये। -BARKAT ALI CHOUDHARY S/o MOHD IDREES CHOUDHARY निवासी- ग्राम-तिलहवा पुरवा, चौघवा पोस्ट- सीतारामपुर ग्रान्ट, जिला- गोण्डा -271312

सूचना

सूचित हो कि **बच्चा लाल पुत्र गरीबे, निवासी-गाम शिवबक्श खेड़ा, पो0- कोरारी, जिला- उन्नाव,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0- एजेवीपीएल 8396ए में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश गरीवे अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड जिसका नं0 80 10 7309 9118 में गरीबे (GARIBE) दर्ज है। अत मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में गरीवे के स्थान पर गरीबे (GARIBE) दर्ज किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मेरी बेटी के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम ज़ोहा फातिमा के स्थान पर ज़ोहा फातिमा सैयद और मेरा सही नाम ज़हीन फातिमा के स्थान पर सैयद ज़ैबीन अब्बास अंकित हो गया है- **निवासी 463/72, शिवपुरी, मुर्गखाना, लखनऊ। पिन कोड-226003**

सूचना

सूचित हो कि मेरे प्लॉट नंबर G/3/0052, सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र, बिल्डर क्रेता अनुबंध ग्रीन बुकलेट, ग्रीन ट्रांसफर फार्म वास्तव में खो गये हैं। जिसका उपयोग अवैध है - **अरुणेश प्रताप सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह निवासी 4/79 विजयंत खंड गोमती नगर लखनऊ**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बचपन में अनमोल पांडेय पुत्र स्व0 विजय बहादुर पांडेय था, मेरे माता- पिता ने कक्षा केजी में मेरा नाम अनमोल पांडेय लिखवाया था जो विद्यालय के रिकार्ड में अंकित है। बाद में माता पिता ने मेरा नाम आगे की कक्षाओं में अक्षय पांडेय रख दिया और इसी नाम से मेरी पढ़ाई लिखाई हुई। अक्षय पांडेय के नाम से ही आधार, पैन आदि सभी अभिलेखों में दर्ज है। अतः मेरा नाम अनमोल उर्फ अक्षय पांडेय है। **अक्षय पांडेय पुत्र स्व विजय बहादुर पांडेय निवासी ग्राम प्रजापति पुरम जानकी नगर वि. खं. झंझरी गोंडा**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम चन्दन से बदलकर चन्दन राजभर रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **चन्दन राजभर पुत्र जितेन्द्र ग्राम बसडीला महंत, पोस्ट फरेन्दा, जिला कुशीनगर।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम राहुल से बदलकर राहुल सिंह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **राहुल सिंह पुत्र सुदर्शन ग्राम भटवलिया, पोस्ट पडरौना, जिला कुशीनगर** 274304

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Jay Kumar Chawdhari से बदलकर Ajay Kumar Chaudhary रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अजय कुमार चौधरी पुत्र राम नारायण ग्राम व पोस्ट सेखुआनी, जिला महराजगंज।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Ram Briksh Vishwakarma से बदलकर Ramvrix Vishvakarma रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **रामवृक्ष विश्वकर्मा पुत्र महेश ग्राम करहल, पोस्ट भूसवल, जिला गोरखपुर।**

युवा संसद के सहारे नेतृत्व क्षमता का विकास

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में युवा संसद का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम छात्रों को संसदीय प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए आयोजित हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि युवाओं में नेतृत्व की भावना का विकास करना जरूरी है। इससे युवाओं में लोकतांत्रिक अवधारणाओं को समझने में सहायता मिलती है। जज पैनल में सम्मलित डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. शशि कनौजिया, डॉ. संजय श्रीवास्तव और डॉ. अवधेश शुक्ला द्वारा नेतृत्व क्षमता संबंधी जानकारियां साझा कीं। प्रतियोगिता में बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर की टीम विजयी रही। इसमें विपक्ष टीम से अपूर्व विनायक तिवारी थे। वहीं पक्ष में नेता हर्षित मिश्रा रहे।

मलेरिया पर नई खोज की आवश्यकता

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भेषजिक विज्ञान संस्थान में एमिनेंट लेक्चर सीरीज का आयोजन किया। कार्यक्रम में सीएसआईआर - सीडीआरआई की चीफ साइंटिस्ट बायोकेमिस्ट्री एंड स्ट्रक्चरल बायोलॉजी डॉ. समन हबीब ने बताया कि मलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है। यह बीमारी जानलेवा भी हो सकती है। इसकी दवाईयां भी कम है। ऐसे में नई दवाईयों की खोज की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को एंटी मलेरियल ड्रग रिसेप्टर टारगेट पर विस्तृत जानकारी दी।

सूचना

सूचित किया जाता है की मेरी हाई स्कूल प्रमाण पत्र में नाम फारुकी असमा गलती से लिख गया है जबकि आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में सही नाम असमा फारुकी है असमा फारूकी और फारुकी असमा दोनों एक ही व्यक्ति है। **असमा फारूकी पत्नी अब्दुल तौहीद, निवासी सोना विहार कॉलोनी आलम नगर लखनऊ।**

मेहंदी लगा महिलाओं को किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से महिलाओं के स्वायत्तता के माध्यम से मेहंदी अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लोखरिया, अल्लू नगर और डिगुरिया गांव में चला। महिलाओं को जागरूकता संबंधी जानकारी भी दी गईं।

भाषा विवि की एनएसएस यूनिट ने महिलाओं को स्वायत्तता की ओर एक कदम आगे बढ़ने में मदद की। महिलाओं को स्वायत्तता, स्वाशासन और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। इसके माध्यम से उन्हें उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान मोनिका सेंगर, अमृता, तान्या श्रीवास्तव, अलीजा, देविका सिंह एवं श्रद्धा श्रीवास्तव विधार्थी सम्मलित हुए।

ग्रामीण महिलाओं को मेहंदी लगाकर जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

समस्याओं को लेकर छात्रसभा का विरोध-प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : विभिन्न समस्याओं को लेकर केकेसी महाविद्यालय में समाजवादी छात्रसभा द्वारा विरोध- प्रदर्शन किया गया। बढ़ती गर्मी के बीच केकेसी कॉलेज में कई वाटर कूलर संचालित नहीं है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष सुमित राजभर का कहना है कि छात्रों को ठंडा पानी तो दूर पानी ही नहीं मिल रहा है। इनका कहना है कि परिसर की कैंटीन में लगे वाटर कूलर को संचालित करवाया जाए। कैंटीन में लगे पंखे की मरम्मत व गंदी पड़ी पानी की टंकियों को साफ कराना भी जरूरी है। विरोध- प्रदर्शन के दौरान मो. इस्तिखार, इकाई अध्यक्ष मोहित यादव, इकाई महासचिव अंकुर सिंह सहित काफी संख्या में छात्र शामिल रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन नोटिस सं.04/24

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल, मण्डल रेल प्रबन्धक (वा0), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.**-1, **लॉट सं.:** PnU-LJN-ASH-Toi-20-23-1 (Pay and Use-Toilets), **कार्य का विवरण:** ऐशबाग स्टेशन के वेटिंग हॉल (द्वितीय प्रवेश द्वार साईड) में स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। **क्र.सं.**-2, **लॉट सं.:** PnU-LJN-NTV-Toi-24-23-1 (Pay and Use-Toilets), **कार्य का विवरण:** नौतनवा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। **नोट:** • निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। आईआरईपीएस पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-आक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। • सभी लॉट के लिए ई-आक्शन दिनांक **03.05.2024, 15.00 बजे** प्रारम्भ होकर **03.05.2024, 15.40 बजे** बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिए मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-Auction module) पर उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) लखनऊ

मुजाधि/वा-18

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

शोध

लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा निहारिका शुक्ला ने किया शोध

क्रोध पर विराम लगाएगा निहारिका का शोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अगर आपको बार- बार गुस्सा आ रहा है, तो परेशान मत होइए। लखनऊ विश्वविद्यालय ने इसका उपाय ढूंढ निकाला है। विश्वविद्यालय की छात्रा ने समस्या से निजात के लिए 22 विश्वविद्यालयों के 200 छात्रों का सहारा लेकर अपना शोध पूरा किया है। ऐसे में निकले नतीजे आमजन को बड़ी राहत देने वाले हैं।

विवि की छात्रा निहारिका शुक्ला बताती हैं कि उन्होंने स्व-नियमन के माध्यम से क्रोध प्रबंधन पर शोध किया है। 22 विश्वविद्यालयों की मदद ली गई है। इसमें अध्ययनरत उन 200 छात्रों को शामिल किया गया, जिनको काम करते समय अक्सर गुस्सा आ जाता था। 21 दिनों तक चली काउंसलिंग में सभी के बीच बड़ा बदलाव देखने को मिला हैं।

मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख के साथ शोधार्थी छात्रा निहारिका शुक्ला।

एंगर मीटर सहित अन्य विधियों का प्रयोग

22 छात्रों के व्यवहार को चिंहित करते हुए संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी का सहारा लिया गया। छात्रों के गुस्से को प्रबंधित करने के लिए एंगर मीटर, डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज, प्रोग्रेसिव मस्कुलर रिलैक्सेशन तकनीकी, संघर्ष समाधान और मुखरता के सहारे छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

21 दिन बाद आया तेजी से बदलाव

21 दिन की काउंसलिंग के बाद छात्रों के व्यवहार का आंकलन किया गया। आत्म- नियमन के निर्धारण में पुनर्मूल्यांकन के दौरान देखा गया कि परिणामों के साथ छात्रों के अध्ययन स्तर में भी तेजी से बदलाव आए हैं।

तीन चरणों से हुआ आकलन

लखनऊ विवि में मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अर्चना शुक्ला बताती हैं कि उनकी देखरेख में हुए शोध अध्ययन में तीन चरणों को सम्मलित किया गया। आंकलन के आधार पर क्रोध, आत्म विनियमन और निपटने की रणनीतियों के स्तर का आंकलन किया गया।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर

विशाल खण्ड-04, गोमती नगर, लखनऊ-226010

मो.- 9455543942 Email.:-director-lucknow@csu.co.in

Website: http:// www.csu-lucknow.edu.in

प्रवेश प्रारम्भ (सत्र 2024-25)

अधिसूचना

प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु:- प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने के लिए परिसर स्तर पर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। परीक्षा की तिथि एवं अन्य जानकारी हेतु परिसर की वेबसाइट (www.csu-lucknow.edu.in) में सूचना उपलब्ध है।

शास्त्री एवं आचार्य प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु:- जिन छात्रों ने किसी अपरिहार्य कारणवश CUET के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र नहीं भर पाया है उनके लिए परिसर स्तर पर शास्त्री एवं आचार्य कक्षाओं में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। परीक्षा की तिथि एवं अन्य जानकारी हेतु परिसर की वेबसाइट (www.csu-lucknow.edu.in) में सूचना उपलब्ध है।

नोट:-सीट रिक्त रहने पर ही आगामी चरणों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी।

निदेशक

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

प्रभावित रहेगा सड़क मार्ग

लखनऊ : सीतापुर-खैराबाद रेलखंड के मध्य समपार संख्या 71 स्पेशल पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग और अन्य मरम्मत कार्य कराया जाना अपरिहार्य है। यह कार्य 19 अप्रैल की रात 11 से 20 अप्रैल को शाम 5 बजे तक किया जाएगा। ऐसे में खैराबाद चुंगी से लहरपुर को जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहेगा।

आकर्षक नंबरों के लिए बोली 21 को

अमृत विचार, लखनऊ : दो और चार पहिया वाहनों पर आकर्षक नंबर पाने के लिए वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूपी 32 पीएम से शुरू होने वाली सीरीज खोल दी गई है। आवेदन 20 तक लिए जाएंगे, उसके बाद 21 अप्रैल से आकर्षक नंबरों की नीलामी के लिए वाहन मालिक बोली लगाएंगे।

महापौर ने किया गोमती नगर क्षेत्र का भ्रमण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने पार्षद शैलेन्द्र वर्मा, सुशील कुमार तिवारी पम्मी, पार्षद दल के नेता के साथ गोमतीनगर क्षेत्र का भ्रमण किया। विकल्प खंड 2 में राजेन्द्र सिंह कनवाल, सुनीता कनवाल के आवास पर विकल्प 2 वासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। सुनीता कनवाल ने महापौर को टीका व माल्यार्पण करने के बाद पिछौड़ा/उत्तराखंडी परिधान व ओढ़नी भेंट की। महापौर ने जनसमूह के साथ क्षेत्रीय विकास एवं समस्याओं पर चर्चा की और लोक सभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। पार्षद शैलेन्द्र वर्मा ही राजेन्द्र सिंह कनवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विकल्प खंड 2 के यूपी सिंह, राजेन्द्र नेगी, जानकी बिष्ट, दिनेश कुमार, सर्वेंद्र द्विवेदी, मधुबाला, उमा सिंह, एसबीके त्रिपाठी, संगीता, गजेन्द्र चौहान, निर्मला, हेमा जोशी, एसएन गुप्ता, दिनेश सिंह, गोविन्द मदेसिया, गीता, सीमा, विकास, गुड़िया, मीरा ओझा, आयुष, सुमित, आरबी वर्मा, ललिता, राजरेखा, रेखा उपाध्याय, विद्या मिश्रा, अंजू जायसवाल, डीके पाल और रघुबर रौतेला आदि मौजूद रहे।

टीसी कनेक्शन का 30 लाख बकाया नया कनेक्शन दे लगाया ट्रांसफार्मर

चिनहट डिवीजन के कमता क्षेत्र में लेसा अधिकारियों का एक और कारनामा, नियमों को किया अनदेखा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बिजली अधिकारियों के एक से एक कारनामों के चलते इन दिनों चिनहट डिवीजन चर्चा में बना हुआ है। उपभोक्ता को फर्जी बिजली चोरी में फंसाने से लेकर नये कनेक्शनों को जारी करने में कर्मचारियों की हिस्सेदारी तय करने का खेल धडल्ले से खेला जा रहा है। अब इसमें एक नया कारनामा जुड़ गया है। पावर कारपोरेशन के आदेशों को दरकिनार करते हुए अधिकारियों ने टीसी कनेक्शन पर लाखों रूपये बकाये के बाद भी नया कनेक्शन जारी कर दिया। इतना ही नहीं आनन-फानन लोड बढ़ाकर तार खीचने के साथ ट्रांसफार्मर भी लगा दिया गया।

ये है मामला : चिनहट के कमता मे रहने वाले शक्ति सिंह ने 2019 में टीसी कनेक्शन लिया। इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग के ओर से जारी किये गये बिलों का भुगतान नहीं किया। अब बढ़कर करीब 37 लाख रूपये का हो गया। इसके बाद विभाग की ओर से राजस्व की वसूली के लिए को 27 फरवरी 24 को पत्र संख्या 1744 के जरिये उपभोक्ता को नोटिस जारी कर किया गया। उपभोक्ता को बकाया धनराशि भुगतान के लिए 23 मार्च 24 की अंतिम तारीख दी गई। इसके बावजूद उपभोक्ता की ओर से राजस्व की धनराशि को जमा नहीं किया गया। लाखों के बकाये के बाद भी विभाग ने बकायेदार उपभोक्ता को लोड बढ़ा कर कनेक्शन जारी कर दिया। उसकी सुविधा के लिए तार भी उपलब्ध कराया और ट्रांसफार्मर लगा दिया।

बकाये के बाद भी लगा दिया गया ट्रांसफार्मर। अमृत विचार



भेजा गया नोटिस। अमृत विचार

> ये मामला चिनहट डिवीजन के कमता का है। जानकारी के मुताबिक उपभोक्ता को बिल चुकाने को कहा गया है। वह किस्तों में धनराशि अदा कर रहा है।
>
> **-खालिद सिद्दीकी,** एक्सईन चिनहट डिवीजन

यह है नियम : पावर कारपोरेशन की ओर से जारी गाइडलाइन में किसी भी उपभोक्ता पर यदि एक रुपये की देनदारी है, तो उस उपभोक्ता को बिना बकाया धनराशि जमा किए नया कनेक्शन जारी नहीं किया जा सकता है।

बिजली रहेगी गुल, प्रभावित होंगे दो लाख उपभोक्ता

अमृत विचार, लखनऊ : आरडीएसएस योजना कार्य के चलते शहर के कई क्षेत्रों की बिजली सप्लाई शुक्रवार को बाधित रहेगी। इससे करीब दो लाख उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। हुसैनगंज के ऍबाट रोड़ से पोषित 11केवी पुराना किला में एबी केबल को बदलने के चलते इसके आसपास के इलाकों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी। जानकीपुरम इंजीनियरिंग कॉलेज में जर्जर तार की जगह एबीसी लाइनो और पोल को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण सेक्टर एच के पास, सुंदरम पार्क के आसपास, सेक्टर एफ, गौशाला, शिवविहार एम, के साथ सेक्टर-आई, जानकीपुरम मे रामपुर निसफ और एलीशा नगर चौराहे के आसपास के इलाकों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। पुरनिया उपकेंद्र से पोषित जनरल पूल पर जर्जर कंडक्टर और इंटरपपोलिंग का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण सेक्टर के, क्यू, पी, ए, सी, डी, कपूरथला चौराहा, नेहरू बालवाटिका के आसपास के इलाके में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। विकास नगर उपकेंद्र से पोषित इलाकों में अनुरक्षण कार्य किया जायेगा। जिसके चलते सेक्टर-8 विकासनगर, नगर निगम कॉलोनी और कल्याणपुर के आसपास के इलाकों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

अनुरक्षण कार्य के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित, उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी के बिजली उपभोक्ताओं को गर्मियों में बिजली कटौती से बचाने के लिए पावर कारपोरेशन ने फरवरी में डिवीजन स्तर पर अनुरक्षण कार्य शुरू कराया। इसके लिए एमडी मध्यांचल की ओर से लेसा अभियंताओं को फरवरी माह तक समय दिया गया था। ढाई माह बीत जाने के बाद भी शहर के दर्जनों डिवीजनों में अनुरक्षण कार्य के नाम पर घंटों शटडाउन लिया जा रहा है। 16 अप्रैल बीत जाने के बाद भी इस भीषण गर्मी में अनुरक्षण कार्य कराने वाले ठेकेदारों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आरडीएसएस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से मिली अरबों की धनराशि से यूपीपीसीएल सभी डिस्कामों में जनवरी माह से अनुरक्षण कार्य करा रहा है। पावर कारपोरेशन के निर्देश के बाद मध्यांचल डिस्काम के लेसा समेत सभी उपकेंद्रों के फीडरों, ट्रांसफार्मरों की क्षमता को बढ़ाने और सभी एलटी, एचटी लाइनों को बदलने का कार्य फरवरी में शुरू कराया गया। इसके लिए निजी कंपनियों के ठेकेदारों की ओर से घंटों का शटडाउन लेकर क्षेत्र की सप्लाई को बंद किया जा रहा है।

अनुरक्षण कार्य पूरा, फिर भी घंटों आपूर्ति बाधित

जनवरी माह से शुरू हुआ अनुरक्षण कार्य आज भी चल रहा है, जबकि कारपोरेशन की ओर से तय की गई समय सीमा खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद उपभोक्ताओं को 8 घंटे से ज्यादा बिजली कटौती का सामना रोज करना पड़ रहा है। सरोजनीनगर, चिनहट, बीकेटी, नादरगंज, आशियाना, इंदिरानगर, गोमती नगर, डालीगंज, चौक, सआदतगंज, यहियागंज, राजेन्द्रन नगर सहित कई इलाकों के उपभोक्ता ठेकेदारों की सुस्त चाल के कारण भीषण गर्मी झेलने को मजबूर हैं।

> अनुरक्षण कार्य पूरा करा लिया गया है। बिजनेस प्लान व आरडीएसएस योजना के तहत ही कार्य कराये जा रहे हैं। ठेकेदार यदि दिये गये समय सीमा में काम पूरा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाता है। उन पर कार्रवाई भी तय की जाती है।
>
> **-सुनील कपूर,** मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

उड़ान लखनऊ उतरने पर यात्रियों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तकनीकी खामी के कारण उतारना पड़ा था विमान

अमृत विचार : गोरखपुर से दिल्ली जा रही उड़ान तकनीकी खामी के कारण लखनऊ उतरने पर यात्रियों ने देर रात चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर हंगामा किया। एयरलाइंस के अधिकारियों ने पूरा पैसा वापस करने की बात कहकर यात्रियों को समझाने का प्रयास किया मगर बात नहीं बनी।

जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार की रात गोरखपुर से दिल्ली जा रही अलायंस एयर की उड़ान संख्या 9 आई 810 रात 21:38 पर गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरी थी। वहां से रात लगभग 22:20 पर उड़ान भरी। कुछ ही देर बात पायलट को पता लगा कि विमान में कुछ गड़बड़ी है। उसने एटीसी से मदद मांगी। इसके बाद एटीसी ने उड़ान को लखनऊ उतरने का निर्देश दिया। रात 23:20 बजे उड़ान लखनऊ उतर आई।

इंजीनियर मौके पर पहुंचे तो पता चला कि विमान की गड़बड़ी तुरंत ठीक नहीं की जा सकती। इसके लिए विशेषज्ञों को बुलाना पड़ेगा। ऐसे में उड़ान 9आई 810 निरस्त कर दी गई। उड़ान निरस्त होने के बाद यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। 72 सीटों वाला एटीआर विमान था जिसमें 55 यात्री सवार थे। यात्री दूसरी उड़ान से दिल्ली भेजे जाने की जिद पर अड़े हुए थे। काफी समझाने बुझाने के बाद यात्री शांत हुए।

रनवे के पास ग्रेडिंग का होगा काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रात 10 से सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगी उड़ानें
- हवाई अड्डे पर रनवे की पुरानी लाइटें बदलने के साथ ही नए टैक्सी वे बनाए जाएंगे

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अनुरक्षण कार्य के चलते हवाई सेवाएं रात दस से सुबह छह बजे तक बंद रहेंगी। इस अवधि में रनवे के पास ग्रेडिंग का काम किया जाएगा। अनुरक्षण कार्य जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा।

अनुरक्षण कार्य करने के लिए रात 10 से सुबह छह बजे तक हवाई अड्डे को बंद करने का भेजा गया था। मार्च के दूसरे सप्ताह में 18 अप्रैल से 30 अक्टूबर तक के लिए इसको स्वीकृति मिल गई थी। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे के पास ग्रेडिंग का काम होगा। रनवे पर 105 मीटर तक मिट्टी का काम होना है। इसकी स्ट्रेंथ को मजबूत किया जाना है। साथ ही पुरानी लाइटें बदली जाएंगी। उक्त अवधि में नए टैक्सी वे बनाए जाएंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमौसी एयरपोर्ट का रनवे 2744 मीटर का है। इसको बढ़ाकर 3500 मीटर किया जाना है। जिससे कि यहां पर बड़े विमानों को भी उतारा जा सके। रात में करीब आधा दर्जन से अधिक उड़ानें हैं जिनको सुबह से रात तक के बीच समायोजित किया गया है। एयरपोर्ट प्रवक्ता के अनुसार रनवे भले ही रात में बंद रहेगा लेकिन विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों के समय में बदलाव कर लिया है।

तेज हवाओं के साथ हो सकती है बौछार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ और आसपास शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ बौछार हो सकती है। बूंदाबांदी के बीच आकाशीय बिजली गिरने की संभावनाएं भी मौसम अनुसंधान केन्द्र की ओर से लगाई गई है। गुरुवार को दिन में धूप की तेजी के बीच गर्म हवाएं चलीं। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री गिरावट आई, ऐसे में तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, शुक्रवार को तेज हवाएं चलेंगी। बूंदाबांदी हो सकती है। ऐसे में कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली सकती है।

ब्रीडिंग सेंटर व पेट क्लीनिक से लाइसेंस शुल्क वसूलने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- आवेदन न करने वालों पर चुनाव बाद नगर निगम शुरू करेगा कार्रवाई

अमृत विचार : नगर निगम ब्रीडिंग सेंटर व पेट्स क्लीनिक से जल्द लाइसेंस शुल्क वसूलना शुरू करेगा। आवेदन न करने वाले संचालकों पर चुनाव बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी। केंद्रीय पशुपालन विभाग द्वारा प्रतिबंधित नस्ल के विदेशी कुत्तों के प्रजनन, पालने और खरीद फरोख्त पर रोक लगाने के आदेश के साथ नगर निगम से लाइसेंस लेना भी अनिवार्य कर दिया गया है।

लाइसेंस शुल्क से अपनी आय बढ़ाने के लिए 18 सितंबर 2022 को आयोजित नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में यह प्रस्ताव पास किया गया था। पहली बार ब्रीडिंग सेंटरों व पेट्स क्लीनिक को भी लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाया गया था। इस प्रस्ताव को नगर निगम सदन से भी मंजूरी मिल गयी थी। शासन से अनुमति न मिल पाने से इसे लागू नहीं किया जा सका था।

> नगर निगम ब्रीडिंग सेंटर और पेट क्लीनिक से भी जल्द लाइसेंस शुल्क वसूलना शुरू करेगा। जो संचालक लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं करेंगे, चुनाव बाद जांच कराने के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय पशुपालन विभाग ने हाल ही में जारी गाइडलाइन में स्पष्ट कर दिया है कि नगर निगम से लाइसेंस लेना अनिवार्य है।
>
> **-डॉ. अभिनव वर्मा,** पशु कल्याण अधिकारी, लखनऊ नगर निगम

कैसरबाग क्षेत्र में पेट स्टोरे जहां मिलता है कुत्तों का आहार। अमृत विचार

है आंकड़ा : ब्रीडिंग सेंटर व पेट क्लीनिक विदेशी नस्ल के कुत्तों को बेचकर मोटी कमाई करते थे। गंदगी तो करते थे, लेकिन नगर निगम से लाइसेंस लेते न कोई शुल्क देते थे। नगर निगम सदन में यह मुद्दा उठने के बाद कार्यकारिणी बैठक में इनसे भी लाइसेंस शुल्क वसूलने का प्रस्ताव तो पास हुआ, लेकिन रसूखदारों की पहुंच के बल पर शासन से इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल पायी। नगर निगम के पास शहर में संचालित ब्रीडिंग सेंटर व पेट क्लीनिक का कोई रिकार्ड तक नहीं है। इन लोगों ने न तो लाइसेंस लिया न कभी आवेदन किया।

ये लाइसेंस शुल्क लगेगा

- अधिकतम तीन ब्रीड के लिए 10,000 रुपये
- अधिकतम पांच ब्रीड के लिए 15,000 रुपये
- पेट दुकान और स्टोर के लिए 10,000 रुपये
- वेटनरी डायग्नोस्टिक लैब और क्लीनिक के लिए 10,000 रुपये
- वेटनरी डायग्नोस्टिक लैब, क्लीनिक, पेट स्टोर एक साथ होने पर 20,000 रुपये लाइसेंस शुल्क लगाया गया है।
- पेट्स क्लीनिक पालतू पशु के उपचार के लिए 5000 रुपये

मरीज-तीमारदार पानी को तरसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बलरामपुर अस्पताल में पानी की आपूर्ति हुई थी ठप

अमृत विचारः बलरामपुर अस्पताल में बुधवार रात को पानी की आपूर्ति ठप हो गई। इससे वार्ड में मरीज-तीमारदार पानी को तरस गए। जानकारी होने पर अस्पताल प्रशासन ने मैकेनिक को बुलाया गया। पूरी रात पंप की मरम्मत हुई। इस दौरान जलकल विभाग के टैंकर कई विभागों के सामने खड़े कराए गए ताकि लोगों को पानी की दिक्कत न हो। अस्पताल प्रशासन का कहना है पंप में खराबी आई थी। जिसे ठीक करा लिया गया है।

बलरामपुर अस्पताल की बोरिंग काफी पुरानी हो चुकी है। वहां पर लगा पंप भी करीब 18 घंटे तक लगातार चलता है। बुधवार रात पंप अचानक खराब हो गया। इससे वार्डों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई। स्टॉफ ने मामले की जानकारी अफसरों को दी। अफसरों ने आनन फानन में मैकेनिक को बुलाया। पंप की मरम्मत का काम पूरी रात चला। सुबह करीब चार बजे पंप को ठीक करके पानी की आपूर्ति वार्डों में शुरू हुई। पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए इमरजेंसी व एसएसबी ब्लॉक के बाहर जलकल के टैंकर खड़े कराए गए। अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया पंप में खराबी आई थी। जिसे ठीक करा लिया गया है।

केजीएमयू में बेड चार्ज के नाम पर फर्जीवाड़ा

आईटी सेल के कर्मचारी तीमारदारों को फर्जी रसीद पकड़ाकर शुल्क डकार रहे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

अमृत विचार : केजीएमयू में बेड चार्ज के नाम पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। आईटी सेल के कर्मचारी ने डेंटल ओपीडी में कटी रसीद पर क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती मरीज का नाम, पता चढ़ा कर रुपयों की हेराफेरी कर दी। केजीएमयू प्रशासन का कहना है आईटी सेल का जो भी कर्मचारी इस खेल में शामिल हुआ तो उसे बाहर करने संग कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के पांचवें तल स्थित क्रिटिकल केयर यूनिट में अलीमुनिशा (44) भर्ती हैं। यहां हर दिन बेड चार्ज का एक हजार रुपए जमा होता है। यूनिट के कर्मचारियों ने मरीज के तीमारदार को तीन दिन का बेड चार्ज जमा करने को कहा। तीमारदार कैश काउंटर पर गया और आईटी सेल के कर्मचारी को पर्चा दिया। तीन दिन के तीन हजार रुपये जमा करने के लिए कहा। आईटी सेल के कर्मचारी ने रुपये ले लिए लेकिन दूसरे मरीज रज्जन लाल की पहले से कट चुकी रसीद पर नाम व शुल्क दर्ज कर अलीमुनिशा के तीमारदार का थमा दी। रज्जन लाल की रसीद डेंटल ओपीडी में कटी थी।

बेड चार्ज जमा न करने पर क्रिटिकल केयर यूनिट कर्मचारियों ने तीमारदार को टोका। उसने तीन हजार रुपये की वही रसीद दिखा दी। इस पर कर्मचारियों ने जांच की। इसमें पता चला कि क्रिटिकल केयर यूनिट में बेड चार्ज जमा नहीं हुआ है। डेंटल ओपीडी में कटी रसीद पर नाम व पता बदलकर फर्जीवाड़ा किया गया है। जानकारी मिलने पर विभागीय अफसरों ने रिपोर्ट केजीएमयू प्रशासन को भेजी है। आईटी सेल की प्रभारी डॉ. ऋचा खन्न के नंबर पर कई दफा कॉल की गई मगर उनका फोन नहीं उठा। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कर्मचारी जरिए फर्जीवाड़ा किया गया तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

रेस्टोरेंट में अवैध रूप से चल रहे मयखाने, छलक रहे जाम

अमित कुमार पांडेय, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के कई रेस्टोरेंट में बिना बार लाइसेंस के शराब परोसी जा रही है। अधिकारियों की मिलीभगत से यह सब चल रहा है। शिकायत मिलने पर कुछ जगह कार्रवाई कर खानापूरी कर दी जाती है।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई रेस्टोरेंट में शराब परोसी जा रही है। यहां खाना खाने गए अच्छे परिवारों के लोग जाम टकराते देख खुद को असहज महसूस करते हैं। शिकायत पर संचालक उन्हें ही चुप करा देते हैं। रेस्टोरेंट में अवैध रूप से चल रहे बार से आबकारी विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है, इसके बावजूद उसका सूचना तंत्र खामोश रहता है। लंबे समय बाद रेस्टोरेंट में बार चलने की आबकारी विभाग को खबर लग पाती है। तब जाकर कुछ एक जगह कार्रवाई होती है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि बिना लाइसेंस शराब पिलाने वाले रेस्टोरेंट के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सूचना प्राप्त होते ही अधिकारी पहुंच कर पड़ताल करते हैं और संचालकों को गिरफ्तार किया जाता है। विभाग द्वारा अभियान भी चलाया जाता है।

इन पर हो चुकी है कार्रवाई : पिछले एक साल में हजरतगंज स्थित अल्फा रेस्टोरेंट, गोमती नगर स्थित साइबर हाइट्स बिल्डिंग में रसियन रेस्टोरेंट, जानकी पुरम रिंग रोड स्थित अपर डेक रेस्टोरेंट, अलीगंज स्थित चिकी चिक रेस्टोरेंट, अलीगंज स्थित द ग्रिल चिल रेस्टोरेन्ट और पत्रकार पुरम स्थित द कानसेप्ट हेडक्वार्टर में विदेशी शराब बरामद की गई। रेस्टोरेंट संचालकों को गिरफ्तार भी किया गया। इसके बावजूद रेस्टोरेंट में शराब पिलाने का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है।

ड्रोन उड़ाकर फसलों को पोषक तत्व देंगी दीदी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में महिलाएं खेतों पर ड्रोन उड़ाकर फसलों में नैनो यूरिया व डीएपी के साथ कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करेंगी। कृषि कार्यों में नई तकनीक का प्रयोग कर सरल बनाने के साथ महिलाओं को आजीविका देने के लिए इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफ्को) ने यह कदम उठाया है।

कृषि विभाग के साथ बीकेटी की दीपिका सिंह व इंटौजा की शरीन सिद्दकी का चयन कर निशुल्क ड्रोन दिए हैं। यह पढ़ाई के साथ कृषि कार्य से जुड़ी हैं। जिन्हें अब ड्रोन दीदी का नाम दिया है। साथ ही, गोसाईंगंज के एफपीओ संचालक शिव कुमार को भी एक ड्रोन मिला है। जो किसानों से 300 रुपये प्रति एकड़ शुल्क लेंगे और आधे एकड़ से ज्यादा यानी बड़े खेतों में इसका प्रयोग करेंगे। यह राशि इनकी कमाई और ड्रोन के रखरखाव पर खर्च होगी। इससे किसानों की लागत कम आएगी और समय बचत के साथ गुणवत्तापूर्ण कृषि कार्य होंगे।

सभी को इफ्को द्वारा मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग सेंटर प्रयागराज में ड्रोन उड़ाने का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया है। खाद व कीटनाशक की मात्रा, मिलान करना व स्प्रे करना आदि तकनीकी जानकारी दी गई है। प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ ड्रोन उड़ाने का नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से पायलट लाइसेंस भी दिया गया है। क्योंकि बिना लाइसेंस ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है।

- जिले में इफ्को ने दो महिला व एक पुरुष किसान को निशुल्क दिए ड्रोन
- नई तकनीक से कृषि कार्य होंगे आसान, महिलाओं को मिलेगा रोजगार

12 लाख का ड्रोन, जेनरेटर व थ्री व्हीलर भी साथ

क्षेत्रीय प्रबंधक इफ्को अरविंद कुमार यादव ने बताया कि सरकार की तरफ से सभी का तीन माह पहले साक्षात्कार लेकर चयन किया था और इस माह प्रशिक्षित होने पर ड्रोन दिए हैं। ड्रोन के साथ चार्जर, जेनरेटर व थ्री व्हीलर भी दिया है। एक ड्रोन सेट की कीमत 12 लाख रुपये है। थ्री व्हीलर से खेतों पर ड्रोन, जेनरेटर व पानी ले जाना आसान होगा। क्योंकि 10 एकड़ में 100 लीटर पानी की जरूरत होती है। जो बिना साधन कई जगहों पर नहीं पहुंच पाता है।

> पहले चरण में तीन ड्रोन जिले को मिले हैं। इससे कृषि कार्य आसान होंगे। जल्द प्रचार-प्रसार कराएंगे और इस्तेमाल कराएंगे। कृषि कार्य के साथ महिलाओं की आजीविका के लिए यह अच्छा साधन है।
>
> **-तेग बहादुर सिंह,** जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ

बदल जाती है चालक की ड्यूटी किसके परिवार की लगाएं फोटो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन विभाग का आदेश रोडवेज के लिए बना परेशानी का सबब

अमृत विचारः सड़क दुर्घटनाएं रोकने को सार्वजनिक वाहनों में चालक सीट के सामने परिवार की फोटो लगाया अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश से रोडवेज के अधिकारियों को परेशानी में डाल दिया है। परिवहन निगम के 12 हजार बसों में भी चालकों के परिवार की फोटो लगाई जानी है, लेकिन बसों में चालकों की ड्यूटी बदलती रहती है, ऐसे में किस चालक के परिवार की फोटो लगाए, यह समझ नहीं आ रहा है। खास बात यह है कि लंबी दूरी की बसों में एक नहीं दो चालक मौजूद होते हैं।

बस चलाते समय जब नजर अपने परिवार पर पड़ेगी तो उसे उनकी परवाह होगी। उसे इस बात का एहसास होगा कि घर पर परिजन उसका इंतजार कर रहे होंगे। परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह के अनुसार ट्रांसपोर्ट कमिश्नर की ओर से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

जल्द एमडी की अध्यक्षता में इस मामले को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ बैठक होगी। बैठक में बस चालकों की ड्यूटी के दौरान परिवार की तस्वीर लगाने को लेकर दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

पुनीत अस्थाना का 73वां जन्मदिन आज

अमृत विचार, लखनऊ : भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक, भारतीयम के निदेशक और वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना का शुक्रवार को जन्मदिवस है। उनके जन्मदिन पर तमाम रंगकर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। संगीत नाटक अकादमी सम्मान एवं भारतेन्दु नाट्य अकादमी सम्मान से अलंकृत पुनीत अस्थाना पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से अभिनेता और निर्देशक के रूप में सक्रिय हैं। भारतेन्दु नाट्य अकादमी के निदेशक रहे पुनीत अस्थाना को उत्तर प्रदेश शासन ने भारतेन्दु नाट्य अकादमी की एग्जीक्यूटिव बाडी एवं सोसाइटी का तीन बार सम्मानित सदस्य नियुक्त किया। 48वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, गोवा में इंडियन पैनोरामा वर्ग की चयन समिति के सदस्य रह चुके पुनीत अस्थाना सीसीआरटी केंद्र सरकार की नेशनल स्कॉलरशिप सिलेक्शन कमेटी के सम्मानित सदस्य और केंद्र सरकार की ही एनसीईआरटी कला उत्सव के जूरी मेंबर भी रहे हैं। पुनीत अस्थाना ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सौ से अधिक नाट्य कार्यशालाओं का निर्देशन किया है। उन्होंने हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी में 125 से अधिक नाटकों की प्रस्तुति परिकल्पना और निर्देशन किया है। दृष्टि बाधित बच्चों और युवाओं के साथ आपने उल्लेखनीय कार्य किया है। स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना के पुत्र पुनीत अस्थाना का जन्म 19 अप्रैल 1951 को हुआ था।

एक नजर

पुलिस ने अपराधी सालिम की खोली हिस्ट्रीशीट

अमृत विचार, निगोहां : थाना पुलिस ने गुरुवार को अपराधी सालिम उर्फ सलीम निवासी निगोहां की हिस्ट्रीशीट खोली। उसके खिलाफ पांच मामले दर्ज हैं। डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि आरोपी अपराधियों से सांठगांठ रखता है। इसे देखते हुए पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोली है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी पर दर्ज मामलों की जांच शुरू कर दी गई है।

घर में घुसकर मारपीट, दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के बनी गांव निवासी पीड़िता ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता राधा का कहना है कि बुधवार को अनीस, शबनम और असलान ने उसके घर में घुस उसे और उसकी बेटी स्नेहा की पिटाई कर दी। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकले। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया। बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के कल्लन खेड़ा निवासी राजेश गौतम ने अपने भाई हरिश्चंद्र और भतीजे उमेश पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश का कहना है 7 अप्रैल को हरिश्चंद्र और उसके बेटे उमेश ने रामगढ़ी चौराहे के आगे कैम्पाकोला फैक्ट्री के सामने उसे रोक मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। जो भी दोषी होगा बख्शा नहीं जाएगा।

बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दब कर दो की मौत, तीसरा घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट स्थित किसान पथ क्षेत्र का मामला

अमृत विचार : चिनहट इलाके में किसान पथ पर बुधवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक व क्लीनर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां अयोध्या के पटरंगा निवासी सुरेश और बाराबंकी के गोकुलपुर निवासी विपिन की मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार एक मजदूर भी घायल हो गया।

इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि सुरेश टाइल्स फैक्ट्री में रहकर ट्रैक्टर- ट्रॉली चलाता था। बुधवार रात तीन बजे सुरेश फैक्ट्री के हेल्पर बाराबंकी गोकुलपुर निवासी विपिन व मजदूर प्रहलाद संग ट्रैक्टर- ट्राली में भूसा भरने जा रहा था। किसान पथ पर ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गये। सुरेश और विपिन ट्रैक्टर के नीचे दब गए। जबकि प्रहलाद उछल कर दूर जा गिरा। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे पुलिकर्मियों ने ट्रैक्टर हटवा सुरेश और विपिन को निकाल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों की मौत हो गई। प्रहलाद का इलाज चल रहा है। सुरेश के परिवार में पत्नी गीता और दो बेटे अनिकेत और आदित्य हैं। विपिन के परिवार में पत्नी काजल और एक बेटा है। गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिये।

बेटे के जन्म की खुशियां मातम में बदलीं

विपिन के 4 अप्रैल को बेटा हुआ था। परिवार में खुशी का माहौल था। हादसे में विपिन की मौत से खुशियां मातम में बदल गईं। पत्नी काजल को पति की मौत की सूचना मिलते ही बेसुध हो गई।

बिहार के मजदूर को वाहन ने रौंदा, मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईंगंज इलाके में सुल्तानपुर हाइवे पर गंगागंज में बुधवार रात मजदूर विजय चौहान (35) को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। एनएचएआई कर्मियों की सूचना पर पुलिसकर्मियों ने क्षत विक्षत शव कब्जे में लिया। जेब से मिले आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त मूलतः बिहार निवासी विजय के रूप में हुई। वह गोसाईंगंज के भदुवा स्थित ईंट भट्टे पर परिवार के साथ रहकर मजदूरी करते थे। बुधवार रात 12 बजे विजय खाना खाकर निकले थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। बताया जा रहा है कि करीब चार घंटे शव चार घंटे वाहन रौंदते रहे। इससे क्षत विक्षत हो गया।

तीन युवकों ने छात्र के सिर पर बोतल फोड़ी ताबड़तोड़ वार कर किया लहूलुहान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्र को निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात
- कृष्णानगर के बल्दी खेड़ा का मामला, रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को तलाश रही पुलिस

अमृत विचार : कृष्णानगर कोतवाली के बल्दीखेड़ा इलाके में भोजपुरी गाना बजाने को लेकर कैफे में विधि छात्र का विवाद हो गया। आरोपी युवकों ने छात्र के सिर पर बोतल फोड़, टूटी बोतल से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर प्रयास के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली अंतर्गत एलडीए कॉलोनी के सेक्टर आई निवासी आर्यन सूद बुधवार दोपहर साथी संग बल्दीखेड़ा के डी-फायर कैफे के मालिक से मुलाकात करने गए थे। जहां सोफे पर बैठ संचालक का इंतजार कर रहे थे। इस बीच आर्यन ने डीजे पर बज रहे भोजपुरी गाने को बदलने कहा। इस पर पहले से बैठे तीन युवक आर्यन से गाली गलौज करने लगे। आर्यन ने विरोध किया तो तीनों ने कांच की बोतल से सिर पर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर घायल हो गिर गया। इसके बाद भी हमलावरों ने टूटी बोतल से कई वार किये। मरणासन्न देख आरोपी भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जबकि परिजन ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर कृष्णानगर संजय सिंह ने बताया सीसीटीवी कैमरों फुटेज में हमलावर चिन्हित कर लिये हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीम लगाई है।

अवैध रूप से संचालित है हुक्का बार

स्थानीय लोगों ने बताया कि कैफे में अवैध रूप से हुक्काबार संचालित है। स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी। मामले में पुलिस का कहना है कैफे चल रहा था। जांच में हुक्का बार चलने की पुष्टि पर कार्रवाई की जायेगी।

रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे के नये प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक अनूप कुमार सतपथी ने गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभागार में वाणिज्य, संरक्षा एवं परिचालन विभाग से संबंधी समीक्षा बैठक की। बैठक में पावर प्वाइंट के माध्यम से परिचालन, संरक्षा एवं वाणिज्य विभाग ने प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक अनूप कुमार सतपथी को मंडल की कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक ने सभी रेल उपभोक्ताओं को उन्नत परिचालनिक सुविधाओं को उपलब्ध कराना एवं रेल खंडों पर संरक्षा निर्देशों के अनुरूप माल यातायात एवं यात्री परिवहन ट्रेनों के सुरक्षित एवं संरक्षित परिचालन किये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा से संबद्ध कार्यरत सभी रेल कर्मचारियों की वृहद स्तर पर काउंसिलिंग किये जाने के लिए भी उन्होंने निर्देश दिए।

डेढ़ लाख रजिस्ट्रियों में फर्जी ढूंढना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार फर्जी रजिस्ट्री मामले में ढूंढे जाएंगे क्रेता-विक्रेता और गवाह
- निबंधन विभाग ने पकड़ा था फर्जीवाड़ा, पुलिस की कार्रवाई का है इंतजार
- बिना शिकायत फर्जी रजिस्ट्री ढूंढना विभाग के लिए मुश्किल

अमृत विचार : जिले में आवासीय व व्यावसायिक संपत्तियों पर कब्जा कर फर्जी रजिस्ट्री कराने के कई गिरोह सक्रिय हैं। जो बाहर जाली दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री करने का कार्य करते हैं और निबंधन विभाग को लाखों रजिस्ट्रियों में इसकी जानकारी नहीं हो पाती है। इसलिए बिना शिकायत ढूंढना भी मुश्किल है।

निबंधन विभाग ने गोमती नगर क्षेत्र में 2001 में कराई गईं चार फर्जी रजिस्ट्री जांच में पकड़ी हैं और एफआईआर कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। अब इस मामले की जांच पुलिस पर टिकी है। इसमें क्रेता-विक्रेता, गवाह व अन्य शामिल लोगों की तलाश पुलिस करेगी।

जांच में यह पता चला कि सभी जाली अभिलेख और रजिस्ट्री के कार्य बाहर हुए हैं न की रजिस्ट्रार कार्यालय पर। इनमें प्रपत्र, मोहर आदि चीजें बाहरी और जाली हैं। जो कहां से बनीं और लाई गईं अब यह पुलिस के लिए जांच का विषय है।

जांच में एक बात और सामने आई कि यह पूरा फर्जीवाड़ा बाहर होता है और पकड़े न जाएं इस डर से निबंधन विभाग में पंजीयन व अन्य प्रक्रिया नहीं कराई गई है। हर वर्ष जिले में डेढ़ लाख रजिस्ट्रियां होती हैं। इसलिए बिना शिकायत व जांच फर्जी ढूंढना विभाग के लिए मुश्किल है। ये चार रजिस्ट्री 2001 की हैं और न जाने ऐसे कितनी फर्जी रजिस्ट्रियां कराई गई होंगी व संपत्तियों पर कब्जा होगा। जिनके अभिलेख नहीं या फिर दर्ज नहीं हैं।

छात्रा का फर्जी अकाउंट बनाकर परिचितों को भेजी अश्लील फोटो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता की तहरीर पर कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: कृष्णानगर इलाके में रहने वाली छात्रा का फेक अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़िता के रिश्तेदारों को भी यह सामग्री भेज दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि पीड़िता निजी कालेज में स्नातक की छात्रा है। उसके नाम से अज्ञात ने फेक अकाउंट बना अश्लील स्टेटस लगा रखा है। जिसमें फोटो दूसरे लड़को के साथ जोड़कर उसके दोस्त, परिवार व अन्य रिश्तेदारों को भेज दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने पहले भी उसका फेक अकाउंट बनाया था। तब पुलिस ने बंद करा दिया था, अब दूसरी बार उसी तरह की घटना सामने आई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि साइबर सेल की मदद से आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

व्यापारी से दो कर्मियों ने 10 लाख व चेन पार की

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार में व्यापारी के घर से उनके दो कर्मचारियों ने 10 लाख रुपये और चेन पार कर दी। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है। थाना अंतर्गत रहने वाले पीड़ित व्यापारी सतीश कुमार राय ने बताया कि एमआइ रसलकोर्ट अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर उनका सेनेट्री शोरूम है। जबकि पहली व दूसरी मंजिल पर घर है। बताया 6 अप्रैल को दोपहर दो बजे परिवार संग अयोध्या गए थे। जहां से 11 बजे घर लौटे तो दरवाजे खुले मिले। बेडरूम में रखी अलमारी में रखे 10 लाख रुपये नकदी व चेन गायब थी। उन्होंने नौकरानी रिंकी गुलेरिया व उनके शोरूम में काम करने वाले अजय पर चोरी का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने बताया जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

पांच कालिदास मार्ग चौराहे के पास लगा बैनर तेज हवाएं चलने से फट कर बिजली के तारों पर आ गिरा, जो खतरे को दे रहा दावत। अमृत विचार

देवर ने हड़पी भाभी की संपत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भाई व पिता को मृत दिखाया पीड़िता ने तालकटोरा थाने में दर्ज कराई आरोपी पर रिपोर्ट

अमृत विचार: तालकटोरा इलाके में एक युवक ने संपत्ति के सभी हिस्सेदारों को मृत दिखा करोड़ों रुपये हड़पने के साथ रेस्टोरेंट अपने नाम करा लिया। पीड़ित ने थाने में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना अंतर्गत राजाजीपुरम बी-ब्लाक निवासी सुदेशा छाबड़ा ने बताया कि उनके पति नरेश आवास एवं विकास परिषद से आवंटित दुकान में रेस्टोरेंट चलाते थे। पति की मौत के बाद रेस्टोरेंट बंद हो गया था। बताया परिजन के कहने पर उसने दुकान पिता ओम प्रकाश के नाम कर दी थी। कुछ दिनों बाद उनकी भी मौत हो गई। जब दुकान अपने नाम कराने आवास एवं विकास परिषद कार्यालय पहुंचीं तो पता चला देवर सुनील ने ससुर के अन्य उत्तराधिकारियों की मृत दिखा जाली दस्तावेज लगा रेस्टोरेंट अपने नाम करा लिया है।इसके अलावा दिल्ली में ससुर की अन्य संपत्तियों को सुरेंद्र व कमल किशोर को बेच करोड़ों रुपये हड़प लिए। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी सुनील ने दामाद विशाल गांधी, बिल्डर सुरेंद्र व कमल किशोर संग जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र दुबे ने बताया कि दस्तावेजों का पता लगाने पत्र लिखा है।

जमीन के नाम पर महिला से हड़पे 10.50 लाख

नाका के मोती नगर पंजाबी मोहल्ला निवासी राधा वरुण ने बताया कि परिचित सहारनपुर के धन्ना गांव निवासी तारिक उर्फ गुड्डू, इनपुर निवासी राजकुमार वालिया व अकरम ने उनके ससुर को साझेदारी में जमीन खरीदने का झांसा दिया था। इस पर ससुर राम चरन वरुण ने 10.50 लाख रुपये निवेश किए थे। राधा के मुताबिक वह और उनके ससुर जब सहारनपुर जमीन की रजिस्ट्री कराने सहारनपुर पहुंचे तो आरोपितों ने टालमटोल कर उन्हें वापस लौटा दिया। रकम डूबने के कारण राम चरन की कुछ दिनों बाद मृत्यु हो गई। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने एक बार फिर आरोपितों से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिबंधित डीजल टेंपो से लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 20 वर्ष बाद भी नहीं बंद हो सका संचालन

अमृत विचार: शहर की हवा को साफ सुथरा रखने के लिए वर्षों पहले डीजल टेंपो के संचालन पर रोक लगाई गई थी, इसके बावजूद कई जगह से डीजल टेंपो चलाए जा रहे हैं। ऑटो टेंपो संचालन से जुड़े कर्मचारियों के अनुसार लखनऊ में तकरीबन 25 सौ डीजल टेंपो दौड़ रहे हैं। ये टेंपो मड़ियांव, चिनहट, अहिमामऊ, बंथरा, दुबग्गा, तेलीबाग, बंथरा सहित कई इलाकों में यह अवैध डीजल टेंपो चल रहे हैं। इन टेंपो के कारण जाम भी लगता है। सात सीटर टेंपो में अधिक सवारियां भी बैठाई जाती हैं। इन वाहनों में अश्लील गाने बजाने से यात्रियों को यात्रियों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है।

मानक के विपरीत दौड़ रहे टेंपो

- प्रतिबंधित रूटों पर दौड़ा रहे डीजल टेंपो
- सात के बजाय 11 यात्री को बिठाते हैं
- मनमाना किराया लेते हैं
- इनमें फूहड़ गाने बज रहे हैं
- अन्य जिलों के टेंपो का रिकार्ड आरटीओ कार्यालय में नहीं

> अन्य जिले के डीजल टेंपो लखनऊ में चलानेकी छूट नहीं है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। पहले भी इसके खिलाफ अभियान चल चुका है। चुनाव के बाद इन वाहनों के खिलाफ फिर अभियान शुरू होगा।
>
> – संदीप कुमार पंकज
> आरटीओ (प्रवर्तन), लखनऊ

> 20 वर्ष पहले ऐसे वाहनों को प्रतिबंधित किया गया था। लखनऊ में उन्नाव, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली सहित विभिन्न शहरों के डीजल टेंपो चल रहे हैं। नियमों को ताक पर रख कर इन वाहनों के चालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं।
>
> –राजेश राज, वरिष्ठ महामंत्री
> टेंपो–टैक्सी महासंघ, लखनऊ

जमीन पर कब्जा छोड़ने के एवज में मांगी 50 लाख रुपये रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बीबीडी थाने में 13 पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: बीबीडी इलाके में रियल एस्टेट कारोबारी से जमीन खाली करने के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने स्थानीय थाने में सुनवाई नहीं होने पर उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाई। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि मामले में 13 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

गाजीपुर के सर्वोदय नगर निवासी राकेश मिश्रा एमजेआर इंफ्रा हाउसिंग के मालिक हैं। बताया जुग्गौर में इंदिरानगर निवासी सुमन से जमीन खरीदी थी। कुछ दिन पहले वहीं पहुंचे तो सरस्वती देवी करीब 12 लोगों के साथ उन्हें गाली-गलौज करने लगीं। विरोध करने पर आरोपियों ने पीट दिया। सरस्वती ने जमीन पर कब्जा करने पर हरिजन एक्ट में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। इसके साथ ही जमीन के बदले आरोपियों ने उनसे 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी। राकेश का आरोप है कि मामला बीबीडी थाने में बताया तो पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद कर दिया। राकेश का आरोप है कि सरस्वती के परिवार के लोगों ने वर्ष 1990 में जमीन के मूल स्वामी वृंदा की हत्या की थी। मामले में चिनहट पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था, जिसमें उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी। वर्तमान में वह जमानत पर बाहर हैं।

जरदोजी कारोबारी का झाड़ियों में मिला शव

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- घटना स्थल से मिली जहरीले पदार्थ की डिब्बी
- काकोरी पुलिस कर रही जांच हत्या का आरोप

इरफान

अमृत विचार : काकोरी थाना क्षेत्र में जरदोजी कारोबारी का शव गुरुवार को संदिग्ध हालात में भलियां गांव की बड़ी नहर के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। उसके पास से जहरीले पदार्थ का डिब्बा मिला। परिजन ने अज्ञात पर हत्या का आरोप लगाया है।

थाना अंतर्गत दोना गांव निवासी इरफान (48) जरदोजी कारोबारी थे। भतीजे मो. आदिल ने गांव के ही मुन्ना, सगीर, शमीम और भांजा जुबैर पर मिलकर चाचा से मारपीट का आरोप लगाया। कहा कि चाचा का कंधा टूटा है। आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए जहरीला पदार्थ पिला दिया। परिजन ने बताया कि वर्ष 2017 में वर्तमान प्रधान शीबा के पति असलम की गांव में ही पीट-पीटकर हत्या की गई थी। जिसमें असलम के परिजन ने गांव निवासी फरीद, आदिल, कलीम, इब्राहिम, मुजीब, तहजीब, महेरबान, फंमू समेत दस लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में सभी को जेल भेजा गया था।

आदिल ने बदला लेने के लिए आए दिन पूर्व प्रधान के भाई मुन्ना, सगीर, समीम और भांजा जुबैर पर धमकियां देने का भी आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उक्त आरोपियों ने ही चाचा की हत्या की है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। जो भी दोषी मिलेगा उस पर कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

युवक को पीट वीडियो वायरल करने वाले दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना इलाके में युवक को कुछ लोगों ने बीच सड़क पर रोक लात-घूंसों से पीटने का वीडियो बना इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। पीड़ित ने वीडियो हटाने कहा तो जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर ने बताया पकड़े गये आरोपियों की पहचान सचिन तिवारी उर्फ सुख्खी और तुषार शुक्ला उर्फ भज्जी के रूप में हुई है। दोनों के पास से असलहा और कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया है। बताया घटना 13 अप्रैल की है। पीड़ित रोहित कुमार रावत पीजीआई अस्पताल से लौट रहा था। पीछा करते आये दोनों आरोपियों ने मोबाइल मांगा। इसके बाद पिटाई करने लगे। इस दौरान अन्य साथियों ने वीडियो बना वायरल कर दिया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

शोहदे ने दी महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : महिला से छेड़छाड़ कर वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले शोहदे पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी ने 4 अप्रैल को दिन दहाड़े पीड़िता से छेड़छाड़ की थी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी युवक ने महिला को झांसे में लेकर कई बार शोषण किया था। जब महिला ने बात मानने से इनकार किया तो आरोपी ने 4 अप्रैल को दिन दहाड़े वीआईपी गेस्ट हाउस के पास छेड़छाड़ की। आरोपी ने धमकी दी कि पुलिस से शिकायत करने पर उसके अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। मामले में पीड़िता ने गुरुवार को कोतवाली में तहरीर दे पीड़ा बताई।

महिलाओं से लूट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट व इंदिरानगर इलाके में एक ही दिन में महिलाओं से लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चिनहट में महिला से लूटी चेन आदि सामान बरामद किया है। इंस्पेक्टर इंदिरानगर ने बताया आरोपियों की पहचान दुबग्गा के शाहपुर भमरौली निवासी कल्लू उर्फ राजू व नूर आलम के रूप में हुई। कल्लू के खिलाफ इंदिरानगर थाने में पांच मामले दर्ज हैं। सोमवार को इंदिरानगर में मानस एन्क्लेव निवासी प्रीति चौहान की चेन लूट कर भाग निकले थे। दोनों को कुकरैल पिकनिक स्पॉट के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उधर, गाजीपुर पुलिस ने नशे व महंगे शौक पूरे करने के लिए लूट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गाजीपुर ने बताया आरोपियों की पहचान गुडंबा का जानकीपुरम गार्डन निवासी आकाश शर्मा व बहादुरपुर निवासी गौरव शर्मा के रूप में हुई है।

जंगली देवी माता मंदिर में लगा मेला

अमृत विचार, काकोरी : नवरात्र के अंतिम दिन पारा क्षेत्र के फतेहगंज गांव स्थित जंगली देवी माता के मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन और पूजन किया। मंदिर परिसर में लगे मेले में लोगों ने खरीदारी की और बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। मंदिर व्यवस्था में प्रधान यदुनाथ, पूर्व प्रधान वेद प्रकाश, पूर्व प्रधान मोहन लाल, बीडीसी दिनेश शर्मा, संजय गौतम, पूर्व प्रधान सरोसा भरोसा बनवारी लाल, मोहम्मद झब्बू, गुरु, विनोद यादव, महेश यादव, राजन अवस्थी, सुरेंद्र पाल, सरनम गुप्ता, उदय राज, मिठाई लाल का सहयोग रहता है।

ब्रम्हदेव बाबा की भूमि को सुरक्षित करने की मांग

अमृत विचार, बीकेटी : बख्शी का तालाब नगर पंचायत के वार्ड 15 रुदही प्रथम में चारागाह की भूमि पर ब्रम्हदेव बाबा का स्थान है। गांव के वेद रत्न सिंह चौहान के मुताबिक स्थान को सुरक्षित करने के लिए ग्रामीणों ने नगर पंचायत से बाउंड्रीवाल बनवाने की मांग की है। इस संबंध में सभासद प्रतिनिधि ज्ञान पटेल की अगुवाई में गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश रावत को सौंपा गया। शुक्रवार को विधायक और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

बुरा हाल बख्शी का तालाब की शिवपुरी ग्राम पंचायत में सफाई करने नहीं आते कर्मी

शौचालय पर ताला, नालियां चोक, सड़क पर गंदगी

संवाददाता, बख्शी का तालाब

ग्राम पंचायत शिवपुरी में अधूरा पड़ा अमृत सरोवर। अमृत विचार

अमृत विचार: ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवपुरी में व्यवस्थाओं का अंबार है। सामुदायिक शौचालय और आंगनबाड़ी में ताला बंद है। सफाईकर्मियों के न आने से नालियां कचरे से पटी हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

बख्शी का तालाब ब्लॉक के शिवपुरी ग्राम पंचायत की आबादी करीब 10 हजार है। ग्राम पंचायत में बीरमपुर, भीखमपुर, बाबापुरवा मजरे शामिल हैं। ग्राम प्रधान राम विलास वर्मा ने बताया कि गांव में सफाईकर्मी मनोज और अनिल तैनात हैं लेकिन दोनों गांव नहीं आते हैं। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। नालियों में झाड़ियां उगी आई हैं। ग्राम पंचायत सचिव आलोक चौधरी कई महीने से पंचायत भवन नहीं आए हैं। पंचायत सहायक अभय सिंह यादव भी छह महीने से नहीं आ रहे हैं। छोटे-छोटे कार्यों के लिए ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय जाना पड़ता है। गांव में व्याप्त अव्यवस्थाओं, सफाईकर्मियों, पंचायत सहायक और पंचायत सचिव के गांव न आने की सूचना अधिकारियों को भी दी जा चुकी है,इसके बावजूद सुधार नहीं हो रहा है। प्रधान के अनुसार अमृत सरोवर का निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा है। प्रधान ने बताया कि शिवपुरी गांव में सामुदायिक शौचालय और बीरमपुर मजरे में आंगनबाड़ी केंद्र बनवाया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र और सामुदायिक शौचालय पर ताला लटक रहा है। स्ट्रीट लाइटें भी खराब हो गई हैं। प्रधान का आरोप है कि पंचायत सचिव ने घटिया लाइटें लगवाई थी, वह कुछ ही दिन में खराब हो गईं। अब उनकी मरम्मत भी नहीं कराई जा रही है।

छात्रों पर बलवा, उपद्रव व मारपीट की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मैनेजर ने चार नामजद समेत 25 पर लगाया आरोप
- आशियाना पुलिस सीसीटीवी की मदद से कर रही जांच

अमृत विचार : बीबीएयू में बुधवार को कुलपति आवास का घेराव करने पहुंचे छात्रों को सुरक्षाकर्मियों के रोकने पर दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुई थी। विवि प्रशासन की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने छात्रों को शांत कराने का प्रयास किया था। लेकिन छात्रों के उपद्रव करने से कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। मामले में एरिया मैनेजर धर्मेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत 25 पर रिपोर्ट दर्ज की है।

आशियाना थाने में धर्मेन्द्र सिंह ने तहरीर दी। बताया कि बुधवार शाम समाजशास्त्र विभाग के अश्वनी कुमार, विकास कुमार, आलोक कुमार राव समेत 25 छात्र लाठी डंडो से लैस हो कुलपति आवास का घेराव करने जा रहे थे। सुरक्षाकर्मियों के रोकने पर छात्र गाली गलौज कर अभद्रता करने लगे। इसके बाद उग्र होकर लाठी डंडा व ईंट पत्थर चलाये। इसके अलावा जातिसूचक गालियां भी दी। इससे सुरक्षाकर्मी चोटिल हो गए थे। छात्रों ने आउटसोर्स कर्मचारी मो. मुर्सलीन पर भी हमला किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि छात्रों के खिलाफ मारपीट, बलवा, उपद्रव आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

चेन्नई बनाम लखनऊ के मैच को लेकर राजधानी के इकाना स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते भारतीय क्रिकेट टीम व चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी। अमृत विचार

हार की हैट्रिक रोकने को उतरेगी एलएसजी

चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ के बीच मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से

संजीव पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : मेजबान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को पिछले दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली और कोलकाता से मैच गवांने के बाद शुक्रवार को अपने घर में उतरने वाली एलएसजी जीत की लय वापस पाने उतरेगी। वह यहां पर हर हाल में हार की हैट्रिक को रोकना चाहेंगे।

दूसरी तरफ शानदार फार्म में दिख रही चेन्नई सुपर किंग्स लखनऊ के इकाना स्टेडियम में जीत हासिल कर इतिहास रचना चाहेगी। पिछले वर्ष हुए आईपीएल मैच में एलएसजी और चेन्नई के बीच खेला गया मुकाबला बारिश के चलते धुल गया था। ऐसे में शुक्रवार को दोनों टीमों के बीच होने वाले इस हाईवोल्टेज मुकाबले का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

मेजबान एलएसजी की आईपीएल शुरुआत अच्छी रही। लेकिन कुछ ही खिलाड़ियों के प्रदर्शन के भरोसे जीत दर्ज करने वाली टीम को कुछ मुकाबलों में हार का मुंह देखना पड़ा। स्टार स्पीडस्टार मयंक यादव के चोटिल होने के बाद एलएसजी की मुश्किलें बढ़ गई। उनकी कमी से टीम अभी तक जूझ रही है। स्पिनर रवि बिश्नोई का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। अभी तक उन्होंने छह मैच में 36.50 के औसत से महज चार विकेट चटकाए हैं। पेसर शमर जोसेफ को चेन्नई के खिलाफ टीम प्रबंधन आजमा सकता है। हालांकि कोलकाता के खिलाफ वह कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ सके।

स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस करते मार्कस स्टोइनिस। अमृत विचार

लखनऊ की बल्लेबाजी में कप्तान केएल राहुल (छह मैच में 204 रन) और निकोलस पूरन (छह मैच में 223 रन) ही प्रभावी दिखे। मैच जीतने के लिए अन्य बल्लेबाजों को भी लंबी पारी खेलनी है।

वहीं नए कप्तान रितुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में उतरने वाली चेन्नई टीम ने पिछले मैच में धोनी के दम पर शानदार जीत दर्ज की थी। महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी विरोधी टीमों के लिए हमेशा सिरदर्द रही है। टीम से शिवम दुबे (छह मैच में 242) और कप्तान रितुराज (छह मैच में 224 रन) ने शानदार बल्लेबाजी की है, जबकि गेंदबाजी में मुस्तिफिजुर (पांच मैच में 10 विकेट) और परिथाना (तीन मैच में आठ विकेट) ने प्रभावित किया है। टीम को प्लेऑफ तक पहुंचने को शानदार प्रदर्शन इकाना में करना होगा।

पिछले दो मुकाबलों में लखनऊ का प्रदर्शन भले ही खराब रहा हो लेकिन लेकिन हम उसे हल्के में नहीं लेंगे। टी-20 में किसी भी टीम को कम आंकना भारी पड़ सकता है। हम जीत के लिए तैयार हैं। अभी तक के मुकाबलों के दौरान हमारी टीम का क्षेत्ररक्षण शानदार रहा है।

-स्टीफन फ्लेमिंग, चीफ कोच, चेन्नई सुपरकिंग्स

टीम दमदार प्रदर्शन को पूरे दम के साथ मैदान में उतरेगी और जीत की लय हासिल करेगी। टीम को पूरे दमखम के साथ उतरना होगा। बल्लेबाजों को जोरदार हिट लगाने होंगे। लखनऊ में एक बार हम 199 का आंकड़ा छू चुके है। इस प्रदर्शन को फिर दोहराने की जरूरत होगी। मयंक के खेलने को लेकर अभी कुछ भी नहीं बता पाऊंगा।

-लांस क्लूजनकर , सहायक कोच, एलएसजी

इन खिलाड़ियों पर होगा दारोमदार

बल्लेबाजी विभाग

- **निकोलस पूरन :** लखनऊ के धाकड़ बल्लेबाज निकोलस पूरन ने 74 .33 की औसत और 161 .59 की स्ट्राइक रेट से 223 रन अपने नाम किए हैं। एलएसजी के इस खिलाड़ी पर टीम प्रबंधन को बहुत उम्मीद हैं।
- **शिवम दुबे :** चेन्नई के इस खिलाड़ी का बल्ला रन उगल रहा है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने छह पारियों में 60 .50 की औसत और 163 .51 की स्ट्राइक रेट के साथ 242 रन बनाए हैं। टीम प्रबंधन को इस बल्लेबाज पर पूरा भरोसा है।

गेंदबाजी विभाग

- **यश ठाकुर :** लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने सत्र में पांच मैच खेलकर 23 .85 की औसत ने सात विकेट अपनी झोली में डाले हैं। चेन्नई के खिलाफ यश को एक बार फिर करिश्माई गेंदबाजी करनी होगी।
- **मुस्तिफिजुर रहमान :** चेन्नई के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर ने इस सीजन में 18 .30 की औसत के साथ 10 विकेट चटका लिए हैं। किसी भी मैच का रुख मोड़ने में यह गेंदबाज सक्षम है।

मयंक के खेलने पर संशय

मात्र दो मुकाबलों में अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को परेशानी में डालने वाले स्पीडस्टार मयंक यादव के खेलने पर अभी भी संशय बना हुआ है। वह लखनऊ सुपरजायंट्स के अभ्यास सत्र के दौरान मौजूद रहे लेकिन खेलंगे या नहीं, इसकी तस्वीर साफ नहीं है।

दोनों टीमें आमने- सामने

31 मार्च 2022 लखनऊ छह विकेट से जीता

3 मई 2023 मैच रद

3 अप्रैल 2024 चेन्नई 12 रन से जीता

कौस्तुभ व रोहिन बालक एकल के फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पश्चिम बंगाल की अनाया बनीं चैंपियन, उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी को दी शिकस्त
- हेजलनट ऑल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट

अमृत विचार : हेजलनट आल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिश्वास ने तीन सेट तक खिंचे रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ बालिका एकल खिताब जीत लिया।

इसी के साथ बालक एकल में उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह व रोहिन राज ने सेमीफाइनल में जीत से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। बालक युगल सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के अर्जुन शर्मा व रोहिन राज और रिशांत जायसवाल व किंजलक श्रीवास्तव ने जीत दर्ज की।

गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला प्रोफेशनल टेनिस अकादमी में बालिका एकल फाइनल में शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल की अनाया बिश्वास ने दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी को 6-4, 0-6, 6-1 से हराया। पहले सेट में अनाया बिश्वास ने रोमांचक अंदाज में 6-4 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में आशी शमसेरी ने कुछ बेहतरीन शॉट खेले और एकतरफा 6-0 से जीत लिया। तीसरे व निर्णायक सेट में में अनाया बिश्वास ने बेहतर तकनीक के सहारे 6-1 की जीत के साथ खिताब भी जीत लिया।

बालक एकल के पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के रोहिन राज ने बिहार के अविनाश राय को 6-2, 6-3 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह ने बिहार के सिद्धांत चौधरी को 6-1, 6-2 से हराया।

बालक युगल के पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के अर्जुन शर्मा व रोहिन राज ने बिहार के अविनाश रॉय व सिद्धांत चौधरी को तीन सेट तक चले रोमांचक मैच में 6-1, 2-6, 10-7 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के रिशांत जयसवाल व किंजलक श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के ही प्रणव शर्मा व कृष्णा सिंह को 6-2, 6-3 से हराया।

जन्नतुल बकी का विध्वंस इतिहास का अफसोसनाक वाक्या : कल्बे जवाद

अमृत विचार, लखनऊ : सऊदी अरब की सरकार द्वारा जन्नतुल बकी में पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जहरा और अन्य इमामों के रौजों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में गुरुवार को दरगाह हजरत अब्बास में दरगाह कमेटी की तरफ से मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि जन्नतुल बकी में हजरत मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जहरा, हजरत इमाम हसन, हजरत इमाम जैनुल आब्दीन, हजरत इमाम मोहम्मद बाकिर और हजरत इमाम जाफर सादिक के रौजे थे। जिन्हें वर्ष 1925 में आले सऊद ने तोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि जन्नतुल बकी का विध्वंस इतिहास का अफसोस वाला वाकिया है। उन्होंने कहा कि इन रौजों का पुनर्निर्माण किया जाना चाहिए।

मजलिस के बाद अंजुमन कमर बनी हाशिम, गुंचा ए मजलूमिया, चश्मे कौसर, फातहे फुरात, नूरे हैदरी, नूरे ईमान, फरोगे इस्लाम, रियाजुल मोमेनीन, मेराजुल मोमेनीन, पंजेतनी, परचमे अब्बास, गुलदस्ते हैदरी और इमामे मेहदी आदि अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।

अखिल इंफ्रा और ट्रम्फ अकादमी ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएएल डेकाथलन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

अमृत विचार : सीएएल डेकाथलन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब, ट्रम्फ क्रिकेट अकादमी ,द क्रिएटर्स क्लब, आर्यव्रत क्रिकेट अकादमी, जेके स्पोर्ट्स क्लब, स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब और यार्कर क्रिकेट क्लब ने जीत के साथ पूरे अंक बटोरे।

मैन ऑफ द मैच अजीत वर्मा की (67 रन, 45 गेंद, 5 चौके और एक छक्का) की बदौलत अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने मेग्रा ट्रेंड्स को 8 विकेट से हरा दिया। सेठ आनंदराम जयपुरिया के मैदान पर खेले गए मैच में मेगा ट्रेंड्स के 129 रनों के जवाब में अखिल इंफ्रा ने 2 विकेट खोकर 130 रन बना लिए और जीत दर्ज की। विजयी टीम की ओर से अजीत ने 67 और हर्षित ने 42 रनों की पारी खेली।

इसी टूर्नामेंट के एक अन्य लीग मुकाबले में मैन ऑफ द मैच अतुल मिश्रा (4 विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत ट्रम्फ क्रिकेट अकादमी ने मल्टी एक्टीविटी प्रोफेशनल क्रिकेट एरिना को 78 रनों से हरा दिया।

टूर्नामेंट के एक अन्य लीग मुकाबले में द क्रिएटर्स क्लब ने ब्लेज विलो को 8 विकेट से हरा दिया। ब्लेजविलों के 98 रनों के जवाब में द क्रिएटर्स क्लब ने दो विकेट खोकर 102 रन बनाए और जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच अमन सिंह ने 37 गेंदों में 9 चौके और एक छक्के की सहायता से नाबाद 53 रनों की पारी खेली। आर्यव्रत मैदान पर खेले गए इसी टूर्नामेंट के एक अन्य लीग मैच में आर्यव्रत क्रिकेट अकादमी ने सीएसडी सहारा गोमती नगर को हरा दिया। आर्यव्रत अकादमी के 197 रनों के जवाब में सीएसडी सहारा की टीम सभी विकेट खोकर 185 रनों के योग पर ढह गई। मैन ऑफ द मैच अविनाश ने 55 रन बनाए। टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों में जेके स्पोर्ट्स क्लब ने सेंट एन्स अकादमी को 7 विकेट से, स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब ने आलमनगर क्रिकेट क्लब को 74 रनों से, यार्कर क्रिकेट क्लब ने सीएसडी सहारा बीकेटी को 42 रन से हरा दिया।

ऐशबाग स्थित तुलसी शोध संस्थान में आयोजित चैती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देते कलाकार। अमृत विचार

राम के भजनों व नृत्यों की प्रस्तुति के साथ चैती महोत्सव का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रिचा तिवारी के नृत्य निर्देशन में दी गईं आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां

अमृत विचार : तुलसी शोध संस्थान और रामलीला समिति ऐशबाग के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी रंगमंच रामलीला परिसर में चल रहे 10 दिवसीय भारतीय नववर्ष एवं चैती महोत्सव में गुरुवार को राम की महिमा से ओतप्रोत भजनों व नृत्य की प्रस्तुतियां की गईं। चैती महोत्सव की समापन संध्या पर मर्यादा में राम बंधा था और मैं भारत बोल रहा हूं जैसे गीतों ने समां बांध दिया। पं. आदित्य द्विवेदी द्वारा लिखित और सतेन्द्र आर्या द्वारा स्वरबद्ध गीतों मर्यादा में राम बंधा था, राम द्वादश कलाओं के भण्डार हैं और मैं भारत बोल रहा हूं पर सेंट जोसेफ स्कूल के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण अभिनययुक्त नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों के सम्मुख मर्यादा पुरुषोत्तम राम के व्यक्तिव को रेखांकित किया। आज यहां कलाश्री अमृत सिन्हा के नृत्य निर्देशन में कोपल सिन्हा, ऐशा किमोठी, प्रियांशी चौधरी, ईशा, वान्या, दीक्षिता, अनन्या, सरगम, सैअंशी, मयिसा, श्रेयांशी, मायरा और अमृत ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर राम के बाल रूप से लेकर वीरपुरुष तक की गाथा को भावाभिनय द्वारा प्रकट किया। ध्वनि फाउण्डेशन के कलाकारों ने रिचा तिवारी के नृत्य निर्देशन में कृष्ण और राम वन्दना पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर भास्कर बोस के निर्देशन में मंचित नाटक छलिया कृष्ण ने दर्शकों को कृष्ण भक्ति के सागर में डुबो दिया।

रहस्य और रोमांच से भरपूर फिल्म है तत्क्षण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ में शूट हुई फिल्म तत्क्षण का गुरुवार को लुलु मॉल स्थित पीवीआर में प्रीमियर शो किया गया। यह फिल्म शुक्रवार को दर्शकों के लिए रिलीज हो जायेगी। फिल्म के प्रीमियर के समय फिल्म की पूरी यूनिट पीवीआर में मौजूद रही। उत्तर प्रदेश सरकार की फिल्म नीति के तहत शूट हुई हिंदी फीचर फिल्म तत्क्षण रहस्य और रोमांच से भरपूर फिल्म है। इस फिल्म में पुलिस और अपराधियों के काम करने के तौर तरीकों पर रोशनी डाली गई है। इस फिल्म की शूटिंग पुराने लखनऊ के चौक के अलावा अलीगंज, गोमतीनगर, चिनहट और शहीद पथ पर की गई है।

फिल्म में विक्रांत राय, पल्लवी सिंह, गौरव सिंह, रूचि सिंह राठौर, आकांक्षा पांडेय, मुस्कान लालवानी समेत अन्य मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशन व लेखक वैभव वर्मा हैं और संगीत सतीश कुमार ने दिया है। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर राजेश द्विवेदी, एडिटर अनुराग सिंह, फिल्म के निर्माता प्रेम मोहन पांडेय हैं।

निर्वाण महामहोत्सव पर विभूतियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण महामहोत्सव समिति की ओर से महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव एक शाम महावीर के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय ख्याति के रचनाकारों ने काव्यपाठ किया। कवि सम्मेलन में इस रचना को लोगों ने खूब पसंद किया :- जहां संयम दया तप त्याग होता है, वहीं जाकर के तीनों लोक का भगवान रहता है, यदि तूने निकाला है किसी के पांव का कांटा तो निश्चित ही तेरे दिल में कोई भगवान रहता है।

चौक के खुनखुन जी रोड स्थित आनंदी माता मंदिर के सामने क्षेत्रीय पार्षद अनुराग मिश्रा के सहयोग से हुए कवि सम्मेलन में दिल्ली से कवि प्रताप फौजदार व सुदीप भोला, इटावा से गौरव चौहान, जयपुर से कमल मनोहर, बसंत विहार से डॉ. कमलेश जैन, लखनऊ से प्रख्यात मिश्रा, आगरा से भूमिका जैन ने काव्य पाठ किया।

चौक के आनंदी माता मंदिर स्थित जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी के निर्वाण महामहोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

समिति के अध्यक्ष आदीश जैन सराफ और महामंत्री ब्रजेश बंटी ने बताया कि महावीर स्वामी के 2550 वें निर्माण महोत्सव पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महावीर स्वामी की आरती हुई। भंडारे में मुख्य सहयोग चौक के नीतीश जैन का रहा। सिद्धार्थ जैन को तीर्थंकर जनसेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप चंद्र जैन, डॉ. संजीव कुमार जैन, रितेश, नितिन, संजीव जैन, अभिषेक, विद्या, राकेश जैन, निकांत जैन, जागेश जैन, राजेश, प्रभात और नीतीश जैन आदि मौजूद रहे।

इनका हुआ सम्मान

जैन समाज की ओर से अधिकारियों को जनसेवा सम्मान से नवाजा गया। सम्मान पाने वालों में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता वीरेंद्र जैन, मुख्य सिचाईं अभियंता आलोक जैन, ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख डॉ. संदीप तिवारी, अनुराग जैन, अंशु जैन, रिटायर्ड पुलिस अफसर अरविंद जैन, सचिवालय के ज्वाइंट डायरेक्टर शुभम जैन, अजय जैन, धर्मवीर जैन, आशू जैन, नीलम जैन, वीके जैन आदि सम्मानित हुए।

80 सर्वजातीय निर्धन कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चिनहट स्थित सिद्धिदात्री छोहरिया माता मंदिर में गुरुवार को 80 सर्वजातीय निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह का कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। यह आयोजन पिछले 24 वर्षों से लगातार होता चला आ रहा है।

यह सर्वजातीय सामूहिक विवाह मंदिर के महंत लल्ला बाबा की देखरेख में सामूहिक सहभागिता से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक व मंदिर के महंत लाला बाबा ने बताया कि 24 साल पहले इस कार्यक्रम की शुरुआत पांच बेटियों के विवाह से की थी और आज 25वें वर्ष में यह संख्या 80 बेटियों तक पहुंच गई है। आने वाले वर्षों में यह संख्या 100 और 1000 तक पहुंच जाएगी। लल्ला बाबा ने कहा कि कन्यादान महादान है और इस प्रकार के आयोजन से आत्म संतुष्टि मिलती है।

चिनहट क्षेत्र के मंदिर परिसर में छोहरिया शक्ति पीठ ट्रस्ट द्वारा आयोजित निर्धन कन्या सामूहिक विवाह समारोह में एक-दूसरे को वरमाला पहनाते वर-वधु। अमृत विचार

इस कार्यक्रम के बारे में समाजसेवी व मीडिया प्रभारी डीपी यादव ने बताया कि इस अवसर पर नव दंपतियों को सुखी व सफल वैवाहिक जीवन के लिए गृहस्थी से संबंधित वस्तुएं दी गई। जिससे वे अपना जीवन यापन बेहतर तरीके से कर सकें।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी व चिकित्सक डॉ. उपेंद्र शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी रामनरेश यादव, डॉ. रितेश यादव, यादवेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश प्रजापति व मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों तथा भक्तगण का सक्रिय योगदान रहा।

राज्य संग्रहालय ने विश्व विरासत पर लगाई प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चित्रकार पद्मश्री विजय शर्मा ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

अमृत विचार : विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राज्य संग्रहालय, लखनऊ ने यूनेस्को द्वारा संरक्षित भारतीय सांस्कृतिक विश्व विरासत स्थलों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रख्यात चित्रकार पद्मश्री विजय शर्मा ने किया। निदेशक राज्य संग्रहालय डॉ. सृष्टि धवन ने पद्मश्री विजय शर्मा और सारंग शर्मा का तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राज्य संग्रहालय ने प्रेम, भक्ति एवं दरबारी संस्कृति : पहाड़ी चित्रकला में ब्रज काव्य की कलात्मक अभिव्यक्ति विषयक व्याख्यान का भी आयोजन किया। पहाड़ी चित्रकला विशेषज्ञ वक्ता सारंग शर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने बिहारी, सत्सई, रसिक प्रिया आदि के दोहे, बंदिशों आदि के परिप्रेक्ष्य में पहाड़ी चित्रों के दर्शन पर प्रकाश डाला।

नायिका भेद का वर्णन करते हुए नायिका को किस प्रकार रीतिकालीन कवियों ने शब्दों में वर्णित किया है तथा चित्रकार द्वारा कांगड़ा शैली के सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में रुपायित किया गया है को समझाया। इस अवसर पर डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. मीनाक्षी खेमका, अल्शाज फात्मी, डॉ. कृष्ण ओम सिंह, धनंजय कुमार राय, शालिनी श्रीवास्तव, शशिकला राय, गायत्री गुप्ता, छाया यादव, आशुतोष श्रीवास्तव एवं बृजेश यादव आदि मौजूद रहे।

राज्य पुरातत्व निदेशालय में आयोजित प्रदर्शनी में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

पुरातत्व निदेशालय ने लगाई छायाचित्र प्रदर्शनी

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व धरोहर दिवस पर उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय ने बड़ा शिवाला (सिद्धनाथ मंदिर) मुन्ना लाल खेड़ा, सैन्था, काकोरी में प्रदेश की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन की प्राचार्य डॉ. अनुराधा त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत पुरातत्व विभाग की निदेशक डॉ. रेनू द्विवेदी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर लखनऊ जनपद अंतर्गत आंचलिक क्षेत्रों में स्थित इंटर कालेजों त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज, सिद्धनाथ इंटर कॉलेज, गोल्डन पब्लिक इंटर कॉलेज एवं सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में 16 अप्रैल को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के डॉ. राजीव कुमार त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र कुमार रस्तोगी, डॉ. कृष्ण मोहन दुबे, दीपा जोशी, बलिहारी सेठ और स्थानीय विद्यालयों के अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

एक नजर

पानी की टंकी से गिरे युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना इलाके में गुरुवार को पानी की टंकी पर चढ़ रील बनाने के चक्कर में गिरे युवक की मौत हो गई और नाबालिग साथी गंभीर घायल हो गया। नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर आशियाना छात्रपाल सिंह ने बताया रजनीखंड निवासी शिवांस अग्रवाल एक नाबालिग के संग रतनखंड इलाका में पहुंचे। जहां पानी की टंकी पर दोनों चढ़ गये। शिवांस मोबाइल से रील बनाने लगा। उसके पास ही नाबालिग भी खड़ा था। इस बीच पैर फिसलने से शिवांस नाबालिग को चपेट में लेते हुये टंकी से नीचे नाले में आ गिरे। हादसे में दोनों घायल हो गये। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाले से दोनों को निकलवा कर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान शिवांस की मौत हो गयी। जबकि नाबालिग का इलाज चल रहा है।

मैच के टिकट ब्लैक में बेच रहा आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज पुलिस ने गुरुवार को आईपीएल मैच के टिकट ब्लैक कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग के बीच होने वाले मैच के 12 टिकट बरामद किये। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि सप्रू मार्ग के पास बने आईपीएल के टिकट काउंटर के पास से पुलिस ने महाराष्ट्र पुणे के ताम्हणवाड़ी निवासी विजय दत्तात्रेय ताम्हणे को गिरफ्तार किया। उसके पास से मैच के 12 टिकट मिले हैं। पूछताछ में बताया कि एक टिकट 2500 रुपये में बेच चुका है। उसके पास मैच के 13 टिकट थे।

तारों की चिंगारी से 56 बीघा गेहूं की फसल जली

दो तहसील क्षेत्र के पांच गांवों में हुईं घटनाएं, करीब 45 किसानों को हुआ नुकसान

▸▸ दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू

मलिहाबाद/बख्शी का तालाब

अमृत विचार : दो तहसील क्षेत्र के पांच गांवों में गुरुवार को बिजली के ढीले तारों में स्पार्किंग होने से गेहूं की फसलों में आग लग गई। इन घटनाओं में लगभग 45 किसानों की 56 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के हमिरापुर के बाहर खेतों से निकली बिजली लाइन के तार ढीले हैं। गुरुवार दोपहर हवा में तार टकराने से स्पार्किंग हुई और चिंगारी गेहूं के खेत में जा गिरी। कुछ ही देर में आग विकराल हो गई। धुआं उठाता देख ग्रामीण फायर ब्रिगेड को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गए। दमकल की गाड़ियां पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने ट्यूबलों व तालाबों से पानी लेकर आग पर काबू पा लिया। आग से हिमरापुर और आसपास के करीब 20 किसानों की करीब 30 बीघे गेहूं की फसल राख हो गई। आशाखेड़ा जमोलिया में भी दोपहर में बिजली के तारों की स्पार्किंग से खेत में आग लग गई। इस घटना में करीब 20 किसानों की 12 बीघे गेहूं की पूरी तरह जल गई। सबसे ज्यादा सात बीघा फसल का नुकसान कैथुलिया के किसान जयकरन का हुआ है।

मवई कला गांव में गेहूं की फसल में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

निगोहां में फायर स्टेशन बनाने की मांग

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां और नगराम थाना क्षेत्रों के गांवों में मार्च के आखिरी सप्ताह से 15 अप्रैल तक दर्जनों किसानों की गेहूं की फसलें राख हो चुकी हैं। पीजीआई स्थितअग्निशमन केंद्र दूर होने के कारण दमकल की गाड़ियां अक्सर देरी से पहुंचती हैं, इससे नुकसान ज्यादा होता है। ग्रामीणों और स्थानीय पुलिस लाठी डंडों के सहारे और टयूबवेलों से बाल्टियों की मदद से आग पर काबू पाते हैं। क्षेत्र के लोगों ने निगोहां में फायर स्टेशन बनवाने की मांग की है। किसान कृष्ण मोहन तिवारी ने कहा कि फायर स्टेशन दूर होने से आग लगने पर नुकसान ज्यादा हो जाता है। निगोहा प्रधान अभय दीक्षित प्रधान निगोहा ने कहा कि निगोहा में फायर स्टेशन बनने से आग से नुकसान को बहुत कम किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल में हुई आग की घटनाओं से पीड़ित किसानों को अभी मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि दिसम्बर में निगोहां थाने के पीछे पुआल के गोदाम में लगी आग बुझाने में हफ़्तों लग गए थे। दमकल की 8 गाड़ियों के साथ दमकल कर्मियों को कैम्प करना पड़ा था।

20 बीघा पुआल, तीन बीघे गेहूं की फसल जली

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे महिंगवा थाना अंतर्गत हिम्मतपुर गांव के बाहर आग से अभिषेक के धान की पुआल का ढेर जल गया। मवई कला गांव में सरदार महेंद्र सिंह अपने खेत में मशीन से गेंहू की पुआल से भूसा बना रहे थे। करीब 12 :00 बजे पुआल में आग लग गई। हवा चलने के कारण आग विकराल हो गई। महेंद्र की 20 बीघे पुआल के अलावा पड़ोसी खेत में किसान कमलेश की दो बीघा व जगत नरायण की एक बीघा गेहूं की फसल राख हो गई।

इटौंजा थाना क्षेत्र के महोना गंगागिरी बाबा के मंदिर के पास निकली बिजली लाइन में स्पार्किंग से निकली चिंगारी से सुबह करीब 11:00 बजे महोना निवासी पुत्ती की तीन बीघा गेहूं की फसल जल गई। इसी तरह करीब एक बजे अर्जुनपुर गांव में विद्युत लाइन की चिंगारी से सुनील शुक्ला के खेत गेहूं की फसल में आग लग गई। दमकल की गाड़ी पहुंचती तब तक तीन बीघे फसल राख हो चुकी थी। करीब डेढ़ बजे नगर चौगवां में नहर किनारे विद्युत लाइन की चिंगारी से कालिका,कामता व रामू की 10 बीघा गेहूं की फसल जल गई। दमकल कर्मियों आग पर काबू पाया।

जिन गांवों में आग लगने से गेहूं की फसल नष्ट हुई है, वहां के लेखपाल को नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। लेखपालों की रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **सतीश चंद्र त्रिपाठी**
उपजिलाधिकारी बीकेटी

संदिग्ध हालात में घर में आग लगी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र गेट नंबर –1 के सामने रहने वाले नौशाद घोसी के खपरैल युक्त मकान में दोपहर करीब 2 बजे संदिग्ध हालात में आग लग गई। धुआं और लपटें उठती देख लोग दौड़े। आग बुझाने में सफलता न मिलने पर सरोजनीनगर फायर स्टेशन को सूचना दी। सरोजनीनगर अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग से नौशाद के घर का कुछ सामान जल गया। गहरू गांव के पास साढ़े 11 बजे बांस की कोठी में आग लग गई। दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर लगी आग

▸▸ आग में फंसे तीन लोगों को दमकल कर्मियों ने निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ठाकुरगंज के सरफ़राज़गंज इलाके में गुरुवार को पांच मंजिला अपार्टमेंट की तीसरी मंज़िल पर एसी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। अपार्टमेंट में तीन लोग आग में फंस गए। दमकल कर्मियों ने तीनों को सुरक्षित निकालने के साथ आग पर काबू पाया। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना पर दमकल की चार गाड़ियों को भेजा गया। रेस्क्यू कर अपार्टमेंट में फंसे तीन लोगों को सकुशल निकाला गया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि अपार्टमेंट से धुआं उठने पर स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे थे। सीएफओ ने बताया एसी में शार्ट सर्किट से आग लगी थी। सामान जल गया है।

एक घंटे तक छत पर फंसे रहे तीन लोग

अली अब्बास अपार्टमेंट की तीसरे मंजिल पर आग हिना के फ्लैट में लगे एसी में शार्ट सर्किट से लगी थी। हिना ने बेटी संग आग बुझाने की कोशिश की। तब तक आग भड़क गई। धुआं भरने से दम घुटने लगा तो जान बचाने शोर मचाते हुए दोनों भागकर बाहर पहुंचीं। तब तक चौथे माले पर रहने वाली जेबा और पांचवीं मंजिल की शिवानी और हर्षिता नीचे भागीं तो जीने तक आग पहुंच चुकी थी। इससे तीनों भागकर छत पर पहुंचीं। जहां करीब एक घंटे फंसी रहीं। जिन्हें दमकल कर्मियों ने बाहर निकाला।

अपार्टमेंट में आग से बचाव के इंतजाम नहीं

सीएफओ मंगेश कुमार के मुताबिक अपार्टमेंट में आग से बचाव के इंतजाम नहीं हैं। अपार्टमेंट मालिक को नोटिस जारी किया जायेगा। आग से बचाव के इंतजाम होते तो आग इतनी न फैलती। एफएसओ चौक पुष्पेंद्र यादव ने बताया दमकल कर्मियों ने दो हिस्से में बंट सीढ़ी और तीसरी मंजिल पर लगी आग बुझाई।

क्रेन चालक ने साइकिल सवार को रौंदा

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट इलाके में गुरुवार को दयाल गेट के सामने देर रात क्रेन चालक ने साइकिल सवार को रौंद दिया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपासा है। शिनाख्त नहीं हो सकी। हादसे के बाद आरोपी क्रेन चालक भाग निकला। उसकी तलाश की जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उपहार देते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

बच्चों के बीच मनाई राम नवमी

अमृत विचार, लखनऊः टीएचडीसीआईएल (टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड) के नेतृत्व में बच्चों के बीच राम नवमी मनाई गई। इस अवसर पर रूबरू एक्सप्रेस सामाजिक सेवार्थ संस्था के संचालकों ने बच्चों को बधाई दी। उत्सव में बच्चों ने मां दुर्गा की पूजा के साथ राम नवमी की शुरूआत की। माधुरी यादव ने बच्चों के साथ मां दुर्गा एवं प्रभु श्रीराम की आराधना की। टीएचडीसीआईएल के जीएम अमर नाथ त्रिपाठी ने कहा कि समाज सेवा से बच्चों के पठन -पाठन में रुकावट न हो इसके लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

एडवांस लेकर गाड़ी न भेजने का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत निवासी युवक ने दो ड्राइवरों पर एडवांस लेने के बाद तय समय पर गाड़ी न भेजने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत निवासी अंकित शर्मा ने बताया वह ड्राइवर है।उसने एक विवाह में जाने के लिए मुन्ना ड्राइवर को 5 गाड़ी के लिए और रामकुमार ड्राइवर को एक गाड़ी और अन्य को 4 गाड़ी का बयाना 200 रुपए के हिसाब से दिया था। गाडियां अम्तोरा से ककरघटा जानी थी। रात में ही गाड़ियों की वापसी थी, किंतु गुरुवार को मौके पर मात्र 3 गाडियां पहुंची अन्य विपक्षी ड्राइवर मुन्ना और रामकुमार न तो गाड़ी भेज रहे न ही उसका फोन उठा रहे हैं। कोतवाली में पीड़ित ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

यात्रियों की सुविधा के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। रेल प्रशासन कई प्रमुख शहरों की ओर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चला रहा है, जिससे यात्रियों को खासी राहत मिलेगी।

वलसाड-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल-ट्रेन नंबर 09031 वलसाड-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 18 अप्रैल को वलसाड से दोपहर 3 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन लखनऊ शाम 6:25 बजे, गोरखपुर रात्रि 11 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09032 गोरखपुर-वलसाड

ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 20 अप्रैल को गोरखपुर से सुबह 5 बजे प्रस्थान कर लखनऊ सुबह 10:40 बजे, दूसरे दिन वलसाड दोपहर 12:30 बजे पहुंचेगी।

उधना-भागलपुर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल-ट्रेन नंबर 09047 उधना-भागलपुर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 18 अप्रैल को उधना से रात्रि 8 बजे रवाना होकर ऐशबाग रात्रि 11:05 बजे, मालदा टाउन तड़के 4:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09048 मालदा टाउन-उधना ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 21 अप्रैल को मालदा टाउन से रात्रि 8 बजे प्रस्थान कर ऐशबाग रात्रि 10:35 बजे और उधना देर रात्रि एक बजे पहुंचेगी।

दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल -ट्रेन नंबर 04051 दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 19 अप्रैल को दरभंगा से रात्रि 8:30 बजे प्रस्थान कर ऐशबाग सुबह 10:45 बजे, नई दिल्ली रात्रि 8 बजे पहुंचेगी।

सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल-ट्रेन नंबर 04037 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 20 अप्रैल को सहरसा से सुबह 7 बजे प्रस्थान कर ऐशबाग रात्रि 10:25 बजे नई दिल्ली सुबह 7:00 बजे पहुंचेगी।

मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल-ट्रेन नंबर 04033 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 19 अप्रैल को मुजफ्फरपुर से शाम 5 बजे प्रस्थान कर लखनऊ तड़के 4:10 बजे आनन्द विहार टर्मिनस दोपहर एक बजे पहुंचेगी।ट्रेन नंबर 04518 चंडीगढ़-गोरखपुर 25 अप्रैल से 27 जून तक चंडीगढ़ से हर गुरुवार गोरखपुर से हर शुक्रवार को चलाई जाएगी। यह ट्रेन चारबाग में ठहराव करेगी। ट्रेन नंबर-05303 गोरखपुर-महबूबनगर 20 अप्रैल से 29 जून तक चलेगी।

नवजात की हुई मौत, जिला महिला अस्पताल में हंगामा

अमृत विचार, हरदोई। ज़िला महिला अस्पताल का इलाज ला-इलाज होता जा रहा है। वहां बगैर पैसे के पत्ता तक नही हिलता। मुंह मांगे पैसे देने के बाद भी सही इलाज हो,इसकी कोई गारंटी भी नही। हर दूसरे-तीसरे दिन ऐसे मामले सामने आ रहें है,जो सरकारी इलाज को ला-इलाज साबित करने के लिए काफी है। गुरुवार को ज़िला महिला अस्पताल में भर्ती कराई गई प्रसूता के ऑपरेशन के लिए 45 सौ और जांच के नाम पर डेढ़ हज़ार रुपये वसूल करने के बाद भी ऐसी लापरवाही बरती गई कि बच्चे की मौत हो गई और प्रसूता की जान पर बन आई। इसे ले कर वहां हंगामा होने लगा, इससे पहले कहानी और आगे बिगड़ती उसी बीच प्रसूता को वहां से रिफर कर दिया गया। बताया गया है कि सवायजपुर निवासी श्याम सिंह का कहना है कि बुधवार को उसने अपनी पत्नी नीलम को प्रसव पीड़ा होने पर ज़िला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उसका आरोप है कि वहां के डाक्टरों ने ऑपरेशन के लिए उससे 45 सौ रुपये मांगे,जब तक रुपये दे नहीं दिए गए,तब तक किसी ने हाथ तक नही लगाया। उसके बाद जांच के नाम पर उससे डेढ़ हज़ार रुपये लिए गए। इतना सब करने के बाद लापरवाही का ऐसा बोलबाला रहा कि नीलम के बच्चे की मौत हो गई।

गंगा एक्सप्रेस-वे पर मिट्टी डालने के लिए खेत के बगल में खोदी जमीन

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए मानकों के विपरीत की गई मिट्टी खोदाई के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। अब बरसात के मौसम में किसानों को और ज्यादा दिक्कत होगी। जिन किसानों के खेतों में या उनके नजदीक खेतों में मिट्टी खोदी गई, अब वहां मौत के कुएं बन गए हैं। हर समय किसानों पर खतरा मंडरा रहा है। उनके परिवार और खासकर बच्चों को यह गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं।

मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा गंगा एक्सप्रेस-वे तहसील क्षेत्र के कई दर्जन गांवों से होकर गुजर रहा है। अभी भी इस पर मिट्टी डालने का काम चल रहा है। शुरुआती दौर में सभी क्षेत्रों में बिना मानक के मिट्टी खोदने के मामले सामने आए थे। कई इलाके में किसानों ने इसका विरोध किया था। किसानों का कहना था कि उन्हें करीब छह फुट गहराई तक मिट्टी उठाने को कहा गया है।

खेतों के बगल में खोदी गई मिट्टी से बने गड्ढे में भरा पानी। अमृत विचार

लेकिन 15 से 20 फुट गहराई तक मिट्टी खोदी जा रही है। इसकी शिकायत एसडीएम से लेकर आला अफसरों तक की गई, किंतु जिम्मेदार आंख बंद किए है। क्षेत्र के हटवा, शहजादपुर, लक्ष्मीगंज, मिर्जापुर ऐहारी, डिहवा सरगपुर, उमरन समेत दर्जनों गांवों में अवैध रूप से मानक से अधिक खोदाई करके गांवों के पास मौत के कुएं तैयार कर दिए गए है। अब वहां बरसात होने से पानी भर जाने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे गड्ढे मौत के कुएं बन गए हैं। जिले के कई भागों में इन गड्ढों में डूबकर बच्चों की मौत तक हो चुकी है।

अप्रशिक्षित के इलाज से एक की और मौत, आरोपी फरार

अमृत विचार, हरदोई। बीच बाज़ार में दुकान खोल कर बैठे झोलाछाप ने खांसी-बुखार की दवा लेने पहुंचे मरीज़ को इंजेक्शन लगा दिया। जिससे उसकी तबियत और बिगड़ गई। जब तक उसके घर वाले कुछ समझ पाते,उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। मामला अरवल थाने के मनोहरपुर चौंसार का बताया गया है। इसका पता होते ही झोलाछाप अपना झोला समेट कर वहां से भाग निकला। अरवल थाने के मनोहरपुर चौसार निवासी खेती-किसानी करने वाला 40 वर्षीय रामभरोसे पुत्र सियाराम को कुछ दिनों से खांसी-बुखार आ रहा था। उसके छोटे भाई ओमकार ने बताया कि बुधवार को वह चौंसार की बाज़ार में दवाखाना खोले बैठे सुनील कटियार के पास दवाई लेने पहुंचा। बताते है कि सुनील ने उसके इंजेक्शन लगाया और दवा दी। उसके कुछ ही देर बाद एका-एक तबियत और बिगड़ गई,उसके घर वाले कुछ समझ पाते,उससे पहले ही रामभरोसे के हाथ-पांव ठंडे पड़ गए। आनन-फानन में उसे सीएचसी पहुंचाया जाता, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही सुनील अपना झोला समेट कर वहां से भाग खड़ा हुआ।

मरम्मत के लिए दिन भर बंद रहा रेलवे गेट, जाम से जूझे लोग

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। नगर का एकमात्र रेलवे गेट गुरुवार को मरम्मत के लिए बंद रहा, जिसके कारण नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और पूरा दिन नगर जाम की समस्या से जूझता रहा। नगर के थाना रोड पर स्थित रेलवे का गेट संख्या 43 सी ही पूरे नगर के आवागमन का एकमात्र रास्ता है।

लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग की क्रासिंग बंद होने के बाद से पूरे क्षेत्र के लोग और एनटीपीसी को जाने वाले वाहन, निजी सवारी बसें इसी गेट से आवागमन करती हैं। इस रेलवे गेट की लाइन काफी नीचे हो गई थी। जिसकी मरम्मत गुरुवार को की गई। इस कारण से पूर्वाह्न 11 बजे से इस गेट को बंद कर दिया। उसके बाद दिन भर रेलवे लाइन की मरम्मत का काम चलता रहा। गेट बंद होने के कारण दिन भर जाम की समस्या बनी रही। नगर के मुख्य चौराहा पर इस मार्ग के बंद होने का कोई नोटिस या सुरक्षा बल नहीं लगाया गया था। सड़क सकरी होने के कारण बड़े वाहनों को वापस मुड़ने में काफी असंगत होती थी , जिससे जाम की भयावहता काफी बढ़ जाती थी।

रेलवे लाइन की मरम्मत करते कर्मचारी।

आयोजन राज्यमंत्री ने कलाकारों का किया उत्साह वर्धन, जवाबी कीर्तन एवं रात्रि जागरण में झूमे श्रद्धालु

रात भर चला जवाबी-कीर्तन का महासंगम

▸▸ सचदेवा ने कहा- अब मुख में मीठी जुबानी कौन रखता है

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र एवं राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अंतर्गत पूरे पाण्डेय स्थित अवधेश्वर महादेव मन्दिर व रामजानकी मन्दिर एवं ठाकुर द्वारा परिसर में गत वर्षों की भांति नवें जवाबी-कीर्तन एवं जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें कानपुर के कीर्तन कलाकार सचदेवा शरारती व उरई जालौन के कीर्तन कलाकार अजय के मध्य रातभर कटपीस एवं बेहतरीन ज्ञानवर्धक कीर्तन का महासंगम चलता रहा।

दोनो कीर्तन कलाकारों ने ज्ञानवर्धक कीर्तन गाकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।वहीं श्रोता रातभर तालियां बजाकर कीर्तन कलाकारों का उत्साह वर्धन करते नजर आए। सचदेवा शरारती के गीत 'अब मुख में मीठी जुबानी कौन रखता है, पक्षियों के लिए पानी कौन रखता है, हमीं संभाले रहे गिरती दीवार को, वरना सलीखे से बुजुर्गों की निशानी कौन रखता है' पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। प्रातःकाल निर्णायक मण्डल के पूर्व प्रधान नन्द किशोर तिवारी, राजकुमार शुक्ला, रामाकिशंकर शुक्ला, अमित अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा द्वारा दोनों कीर्तन कलाकारों को बराबरी की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। जवाबी-कीर्तन एवं जागरण का शुभारम्भ कार्यक्रम के आयोजक रमेश प्रकाश मिश्रा, व्यवस्थापक अंकुर मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। राम जन्मोत्सव एवं मातारानी के जागरण में पहुंचे स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, हैदरगढ़ चेयरमैन आलोक तिवारी, गोविंद नारायण शुक्ला, किरन तिवारी ने मन्दिर में माथा टेककर क्षेत्र वासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना मांगी।

जवाबी-कीर्तन करते कलाकार।



कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को व्यवस्थापक अंकुर मिश्रा ने माला पहनकर एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीके शुक्ला, शिवा वर्मा, राजेंद्र प्रकाश मिश्रा, पवन शुक्ला, राकेश प्रकाश मिश्रा, धर्म प्रकाश मिश्रा, शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल, शिव मोहन सिंह, काशीदीन, रिंकू सिंह, प्रशांत मिश्रा, जयप्रकाश, अजय वर्मा, दिनेश शुक्ला, योगेश, चंद्रेश सिंह, रामकिशोर मौर्य, पंकज मिश्रा, रजत मिश्रा, प्रांजुल, प्रियांशु, पंकज दीक्षित सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

तेज धूप में स्कूल से घर जाने को छात्र मजबूर

सरेनी, रायबरेली। मौसम के गर्म तेवर देख अभिभावकों की भी त्यौरियां चढ़ने लगी हैं। क्षेत्र के अभिभावकों ने छोटे बच्चों को विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग शुरू कर दी है। गौरतलब है कि क्षेत्र में नन्हें-मुन्ने बच्चों के विद्यालय सुबह खुल रहे हैं, किन्तु बंद होने का समय अपरान्ह दो बजे है। इससे गर्मी व उमस में लू के थपेड़े खाते हुए जब बच्चे घर पहुंचते हैं तो उनकी माताएं अपने बच्चों का चेहरा देखकर ही परेशान हो जाती हैं। हसनापुर के सज्जन बाजपेयी ने कहा कि की बच्चों की पढ़ाई का समय अब एक माह तक सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े ग्यारह कर देना चाहिए। अस्सी वर्षीय बुजुर्ग कालीशंकर दर्जी ने कहा कि विद्यालय से बच्चों को लेने उनकी पुत्रबधू रोजाना पैदल स्कूल जाती है। जब वह परेशान हो जाती है तो बच्चे कितनी परेशानी झेल रहे हैं। दुधवन गांव के रामेन्द्र सिंह का कहना है कि भीषण गर्मी में जब तेज हवा चल रही है तो विद्यालय के समय में बदलाव की जरूरत है।

इच्छा मृत्यु मांग रहे गरीब को मिली रेलवे से नोटिस

▸▸ 15 दिनों में जमीन खाली करने का अल्टीमेटम

ऊंचाहार, रायबरेली। अपनी पैतृक जमीन पर भूमाफिया के कब्जे को हटवाने के जद्दोजहद में लगे गरीब को अब रेलवे ने नोटिस थमा दिया है। जमीन खाली कराने के लिए राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु मांगने वाले को रेलवे विभाग ने उसी जमीन को लेकर नोटिस थमा दिया है। नोटिस में 15 दिन के अंदर जमीन खाली करने को कहा है।

मामला नगर से जुड़ा है। नगर के खरौवां कुआं निवासी इंद्रेश कुमार के पिता राम प्यारे ने अपनी भूमि संख्या 2824 में आंशिक भाग करीब ढाई विश्वा का बैनामा हरिकिशन नाम के व्यक्ति को किया था। किंतु उसने जबरन साढ़े सात विश्वा में कब्जा करके भवन निर्माण कर लिया। इससे अपने जमीन को पाने के लिए गरीब परेशान है। इसी भूमि के शेष भाग पर जब पीड़ित अपना निर्माण करने पहुंचा तो रेलवे लाइन के किनारे भूमि स्थित होने के कारण रेलवे और राजस्व अधिकारियों ने उसका निर्माण ढहा दिया। खास बात यह है कि एसडीएम ने अपनी जांच आख्या में इस बात को स्वीकार किया है कि उसकी जमीन के अधिक भाग पर अवैध कब्जा करके निर्माण किया गया है, किंतु राजस्व विभाग अवैध कब्जा को हटाने में रुचि नहीं ले रहा है। उसने अपनी जमीन को मुक्त कराने के लिए राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु भी मांगी है। इस बीच रेलवे ने गुरुवार को उसे नोटिस थमाया है।

एक नजर

सपा विधायक के खिलाफ सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : पड़ोसी जिले के गौरीगंज से सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के मुकदमे में सुनवाई टल गई है। बताते चलें कि विधायक के खिलाफ गौरीगंज के नगर पंचायत अध्यक्ष रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह ने केस दर्ज कराया था। दर्ज कराए गए केस में सुनवाई एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण गुरुवार को टल गई। अब मामले में सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख रखी गई है। मानवाधिकारों का उल्लंघन, मारपीट, हमला और जबरदस्ती भूमि कब्जा करने के मामले में मानवाधिकार की विशेष कोर्ट में आरोपी गुरुवार को कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। नौ लोगों को जारी नोटिस पर थानाध्यक्ष ने तो जवाब दाखिल किया लेकिन अन्य आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हुए।

राप्ती नदी में डूब कर चचेरे भाई बहन की मौत

श्रावस्ती, अमृत विचार। थाना क्षेत्र मल्हीपुर के मजरा संगम पुरवा गांव में बृहस्पतिवार को दोपहर में दो बच्चे अपने खेत को जा रहे थे। राप्ती नदी को पार करते समय गहरे पानी मे अचानक पैर फिसलने से नदी में डूब कर मौत हो गई। संगम पुरवा निवासी राम नरेश का पुत्र श्रावण कुमार (03) व विनोद कुमार की पुत्री अंजली देवी दोनों चचेरे भाई बहन राप्ती नदी को पार कर अपने खेत में जा रहे थे।पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में चले गये जिससे पानी में डूबकर दोनों नौनिहालों की मौत हो गई।

छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

संतकबीरनगर, अमृत विचार : कोतवाली अंतर्गत एक गांव की 10 दसवीं की छात्रा ने आरोप लगाया था कि मेरे स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र ने मोबाइल गिफ्ट देकर मुझसे दोस्ती की। शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। कुछ दिनों पूर्व मुझे एक जगह बुलाकर मेरे साथ उसके दो अन्य साथियों ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। डरा धमकाकर उसके एक दोस्त ने खलीलाबाद स्थित बाईपास से दिल्ली जाने वाली बस में बिठाया और दिल्ली में मेरा फोन छीन लिया। यह लोग मुझे बेचने की कोशिश कर रहे थे।

हाईवे पर कार पलटी, तीन की मौत

चार लोग कार से जा रहे थे लखनऊ, अमौसी एयरपोर्ट से थी सऊदी की फ्लाइट

रफ्तार की मार

▸▸ एक घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र के शुक्लई गांव के पास गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे बलरामपुर से लखनऊ जा रही एक कार हाईवे पर बेकाबू हो गयी और पलटते हुए सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकरायी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि एक युवक घायल हो गया। इनमें से दो लोगों को सऊदी अरब जाना थाघायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर निवासी अब्दुल खालिद (48), जुनैद अहमद (39), अब्दुल मुईन (30) और जमशेद कार से लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट जा रहे थे। तभी इनकी कार लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर अचानक अनियंत्रित हो गई। कार पलटते हुए हाईवे किनारे पटरी पर लगे पेड़ से जा टकराई। हादसे में अब्दुल खालिद, जुनैद अहमद और अब्दुल मुईन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जमशेद घायल

अब्दुल खालिद अब्दुल मुईन जुनैद।

हो गया। जुनैद और अब्दुल मुईन को सऊदी अरब जाना था। इनकी शाम की फ्लाइट थी। हादसे की जानकारी मिलते ही एएसपी (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि घायल जमशेद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एएसपी (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि हादसा कार की ओवरस्पीडिंग के चलते होने का अंदेशा है।

संतों ने खेली कुमकुम व चंदन की होली

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीरामलला के जन्मोत्सव के बाद भी मठ-मंदिरों में भक्ति-भाव की धूम है। रामलला के प्राकट्य के दूसरे दिन लक्ष्मण घाट स्थित प्रसिद्ध लक्ष्मण किला मंदिर में चैत्र शुक्ल एकादशी तिथि पर रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया गया। जिसमें अवध धाम और मिथिला धाम के संतों सहित श्रद्धालुओं ने भी मंदिर परिसर में श्रीराम जन्मोत्सव पर बधाइयां गाते हुए जमकर रंग बरसाए। खुशी का इजहार करते हुए तरह-तरह खिलौने अर्पित किए।

महंत मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि प्रभु के जन्मोत्सव के दूसरे दिन हम सभी संत खुशियां

मंदिर में रंगभरी एकादशी के उत्सव के दौरान नाचते-गाते भक्त व साधु-संत।

मनाते हैं। भगवान को झूले पर बैठाकर झूलन उत्सव मनाया गया। दोपहर में अन्नप्राशन के पहले बधाइयां गायन और रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें अयोध्या के साधु संत और मिथिला से भी आये भक्त शामिल हुए। उत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे जनकपुरी सीताधाम के अधिकारी रामरोशन दास ने कहा कि जनकपुर प्रभु राम का ससुराल है। अयोध्या और जनकपुर का संबंध आदिकाल से है।

आजम से जेल में मिले रामपुर सपा जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले जेल में बंद पूर्व मंत्री आजम खां से बेटे अदीब और रामपुर सपा जिलाध्यक्ष ने मुलाकात कर सियासी गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। बेटे अदीब के साथ आजम की बहन ने भी जेल में मुलाकात की है। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के बाद रामपुर में शुक्रवार को होने वाला मतदान काफी प्रभाव डाल सकता है। बेटे अदीब से मिलकर आजम परिवार को लेकर भावुक भी नजर आये।

बताते चलें कि रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम और पत्नी तंजीम सहित बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई थी। रामपुर प्रशासन ने आजम को सीतापुर और

बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट कर दिया था। 22 अक्टूबर की सुबह आजम को सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। जेल में बंद आजम खां से गुरुवार को हुई सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर, बेटे अदीब आजम और बहन निकहत अल्ताफ ने रामपुर से जेल पहुंचकर आजम से मुलाकात की। सूत्रों की मानें तो इस मुलाकात में पारिवारिक बातों पर कम रामपुर की लोकसभा सीट का भविष्य तय करने पर दिग्गज नेता आजम ने ज्यादा जोर दिया है।

रेलवे लाइन पर मिले प्रेमी युगल के शव

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार: मसौली थाना क्षेत्र के के पहलीपर गांव के पास गुरुवार की सुबह बाराबंकी-गोंडा रेल खंड पर प्रेमी युगल के शव रेलवे लाइन पर पड़े मिले। दोनों अलग-अलग धर्मों के थे। आशंका जतायी जा रही है कि दोनों ने ट्रेन से कटकर जान दे दी है। पुलिस ने मौके से युवक का आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया। मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पहलीपर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रेमी युगल का शव देखा।

प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर एक बाइक खड़ी मिली। शवों की शिनाख्त अयोध्या के मवई के पकरिया निवासी शैलेंद्र कुमार दुबे उर्फ जैकी पुत्र पवन कुमार (22) और माहे निगार पुत्री इबरार (26) के रूप में हुई।

विपक्ष के पास न नीति न नेता : केशव

हरदोई

अमृत विचार। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने गुरुवार को गांधी भवन में हुई नामांकन सभा में कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचार की अम्मा बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा लगा होगा उस गाड़ी में एक न एक गुंडा जरूर बैठा होगा। इस चुनाव में सपा और बसपा की जमानत जब्त होगी। विपक्ष के पास न नीति है और न ही नेता बचे हैं। सिर्फ यह लोग झूठे वादे कर रहे हैं।

जनसभा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह चुनाव साधारण नहीं है। पीढ़ियों की मजबूती इसी चुनाव से तय होगी। उन्होंने कहा कि चार सौ पार का नारा सुनते ही विपक्षी दलों की जमीन खिसकने लगती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था और तब भी जीत का विश्वास था। इस बार दोनों

नामांकन सभा में बोलते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

अलग हैं तो जीत का विश्वास चार गुना हो गया है। श्री मौर्या ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री पर आरोप लगाने वाले राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी ने संसद में कहा था कि एक रुपया भेजते हैं तो लाभार्थी तक 15 पैसे पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 34 लाख करोड़ रुपये लाभार्थियों के खातों में भेजे और एक एक रुपया खाते तक पहुंचा। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है, लेकिन सपा बसपा वाले राशन बेचकर अपनी तिजोरियां भर लेते थे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र भी किया। जनसभा को सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने भाजपा के द्वारा किये गए विकास कार्य गिनाएं। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने भाजपा को जिताने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सांसद जय प्रकाश, सांसद अशोक रावत ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच पर विधायक श्याम प्रकाश, माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, प्रभाष कुमार, रामपाल वर्मा, आशीष सिंह आशू, अलका अर्कवंशी भी मौजूद रहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, हरदोई लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रीतेश दीक्षित, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, छोटे महाराज, पीके वर्मा, गंगेश पाठक, मुकुल सिंह आशा भी मौजूद रहे।

सभी सीटें जीतेगी एनडीए: राजभर

सुलतानपुर, अमृत विचार: अखण्डनगर के निराला नगर में आयोजित भाजपा के जनसभा में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गुरूवार को जिले में पहुंचे पंचायतीराज मंत्री ओपी राजभर ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। साथ ही मोदी और योगी के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि एनडीए धरातल पर है। जबकि विपक्ष एसी में बैठकर राजनीति कर रहा है। उत्तर प्रदेश में विकास की राजनीति और कानून का राज चलता है। अपराधी बाबा के बुल्डोजर से डरते है। हम नफरत की नहीं विकास की राजनीति करते है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, सीताराम वर्मा, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

मधुमक्खियों के हमले में अधेड़ की गई जान

धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार: पशुओं के लिए चारा लाने खेत गये अधेड़ पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीण किसी तरह अधेड़ को बचाते हुए घर लाये। गंभीर हालत देखते हुए सीएचसी ले गये। जहॉ मौजूद चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात अधेड़ की मौत हो गयी। स्थानीय थाना क्षेत्र के बिछौरा गांव निवासी रामबहादुर 52 वर्ष खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गये थे। मधुमक्खियों ने उनपर हमला बोल दिया। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीण कडी मशक्कत के बाद मधुमक्खियों को भगाते हुए रामबहादुर को सीएचसी धनपतगंज ले गये। जहॉ मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था देखते हुए सुलतानपुर रेफर कर दिया।

पति को पत्नी और उसके प्रेमी ने पीटा

सुलतानपुर, अमृत विचार: थाने पहुंचे आंख से दिव्यांग ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया मेरी पत्नी व उसके प्रेमी ने उसे पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी है। दिव्यांग की तहरीर पर पुलिस ने उसकी पत्नी व प्रेमी के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अखण्ड नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पत्नी व उसके प्रेमी पर पिटाई का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि वह एक आंख से दिव्यांग है।

नपा अध्यक्ष के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : नगर पालिका गोण्डा की अध्यक्ष उज्मा राशिद के सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर गुरुवार को रोक लगा दी गई है। शत्रु सम्पत्ति प्रकरण में प्रथमदृष्टया आरोप सिद्ध होने पर यह कार्यवाही की गई है। शासन के आदेश पर इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

साथ ही, शासन ने नगर पालिका अध्यक्ष उज्मा राशिद को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट किया है कि जब तक नगर पालिका अध्यक्ष को शत्रु सम्पत्ति प्रकरण में लगे आरोपों से विमुक्त नहीं कर दिया जाता है, जब तक यह व्यवस्था प्रभावी रहेगी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि शासन के आदेशों के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट को प्रशासक नामित कर दिया गया है। बता दें, नगर पालिका परिषद गोण्डा की अध्यक्ष उज्मा राशिद पर शत्रु सम्पत्ति पर अवैध रूप से कब्जा करने के प्रकरण में कार्यवाही की गई है।

रेल यात्रियों के इंतजाम का लिया जायजा

नई दिल्ली, अमृत विचार: उत्तर रेलवे जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के साथ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने गर्मियों के दौरान रेल यात्रियों के लिए किए गए विभिन्न इंतजामों का जायजा लेने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया।

इस अवसर पर दिल्ली मंडल के डीआरएम सुखविंदर सिंह और रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जया वर्मा सिन्हा ने अपने दौरे के दौरान नई दिल्ली

व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श करते रेलवे के अधिकारी। अमृत विचार

स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत की, सीसीटीवी कार्यप्रणाली, पेयजल सुविधाओं और वैशाली एक्सप्रेस के क्लोन सेट का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलयात्रियों के लिए की गयी व्यवस्थाओं की सराहना की और निर्देश दिए कि यात्रा करने वाले लोगों को अधिकतम सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यही प्रयास विपरीत दिशा में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी होने जाने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों को उनकी सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिये। उत्तर रेलवे सभी यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बदले की राजनीति करती है भाजपा : पीएल पुनिया

बाराबंकी : अमृत विचार : कांग्रेस के केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य व पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र कुर्सी की न्याय पंचायत खिंझना के अकम्बाघाट चौराहा और विकासखण्ड देवां के ग्राम सिपहिया में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की झूठ फरेब की कहानी जनता के सामने आ गयी है। पिछले दस वर्षो से भाजपा सबका साथ सबका विकास का राग अलाप रही है, लेकिन हकीकत में भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाया है।

वर्ग पहेली-44

बाएं से दाएं

1. जिसे जीता न जा सके; अजेय।
2. 1. मुहल्ला, टोला 2. खेत की सीमा, हद 3. भैंस का नर बच्चा।
3. 1. बालक, पुत्र, शिशु 2. तर्पण, पितरों को जल देना।
5. ईख
6. 'चुर-चुर' ध्वनि उत्पन्न होना।
8. प्रकाश, उजाला।
10. कपड़े आदि के दो भागों को आपस में मिलाने और अलग करने वाला एक छोटा उपकरण, (चेन)।
11. 1. वेद-विधि अनुसार अनुष्ठान करना, यज्ञ करना 2. यज्ञभूमि 3. यज्ञस्थल।

ऊपर से नीचे

1. 1. पाश्चात्य दार्शनिक मेलब्रांश तथा ज्यूलोक का सिद्धांत 2. अवसर के अनुरूप कार्य कर अपना मतलब साधने का सिद्धांत।
4. 1. वह सोता जहां से पानी लगातार गिरता है 2. किसी चीज़ का लगातार गिरना 3. लगातार बहने वाली छोटी जल-धारा 4. अनाज छानने की एक छलनी 5. लंबी डंडी की एक झंझरीदार चपटी कलछी, पौना।
5. 1. दीपक, चिराग 2. सूर्य।
7. 1. बचपन, कम उम्र की अवस्था, लड़कपन 2. लघुता, छोटापन, छोटाई।
9. 1. नीति, ले जाना 2. अगुआ, नेता 3. युक्ति, उपाय 4. नेतृत्व।



वर्ग पहेली -43 का हल

			1 अ			2 त
	3 इ	बा	द	त	ख़ा	ना
4 टा			ल			सु
प			ब		5 ले	ख
ना		6 ग	द	न		
	7 पा	य	ल			8 फे
9 गे	ली			10 को	स	र

सुडोकू -123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				8		2	5	
	5			1			4	
6			5					
		2		6		9		
	1					8	6	
8		9		2		4		
			3		9			6
	3			7			8	
		4		5				

सुडोकू -122 का हल

9	4	8	6	5	3	2	7	1
7	1	3	4	2	9	8	6	5
6	2	5	1	8	7	4	3	9
1	3	7	2	6	4	9	5	8
4	8	6	9	7	5	1	2	3
2	5	9	3	1	8	6	4	7
5	7	2	8	4	1	3	9	6
8	9	4	7	3	6	5	1	2
3	6	1	5	9	2	7	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 20 .04 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस-एकादशी व्रत।
दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

वृष — आज काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें।

मिथुन — आज ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर काफी निर्भर हो सकते हैं। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं।

कर्क — आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही से बचें।

सिंह — आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

कन्या — आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

तुला — आज भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं।

वृश्चिक — आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें।

धनु — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

मकर — आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और दिनचर्या अनुशासित रखें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी,लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

कुंभ — आज इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

मीन — आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिव्य शक्ति — सुबह : 08 .09
रेस — रात : 08 .39

SONY PIX
मैड मैक्स फरी रोड — सुबह : 11 .00
एनाकोंडा — शाम : 06 .33

SONY SMAX
दिल तो बच्चा है — सुबह : 11 .44
पटेल की पंजाबी शादी — शाम : 06 .00

ZEE CINEMA
सनम — सुबह : 09 .45
सत्यमेव जयते — रात : 08 .20

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम : 06 .00 बजे

colors CINEPLEX
फिर हेरा-फेरी — सुबह : 07 .57
आर राजकुमार — शाम : 06 .05

जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा

सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?

मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?

चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए

डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?

चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

भारत की मजबूत दावेदारी

बीते कुछ समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता पर सवाल उठे हैं। सुरक्षा परिषद के बारे में कहा जाता है कि वो अपने मौजूदा रूप में पुराना और कम प्रतिनिधित्व वाला संगठन बन गया है। दूसरी ओर भारत का वैश्विक कद बढ़ा है। भारत लंबे समय से विकासशील दुनिया के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग कर रहा है जिसका समर्थन वैश्विक समुदाय भी करता है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि इसमें 21 वीं सदी की दुनिया को प्रतिबिंबित किया जा सके। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत के पास सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। इसके चलते परिषद बेतुकी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधार के लिए समर्थन की पेशकश की है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले 14 अप्रैल को जारी अपने घोषणापत्र में भाजपा ने कहा हम वैश्विक निर्णय लेने में भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2 अप्रैल को कहा था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी, क्योंकि दुनिया में यह भावना है कि उसे यह पद मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है और उनका मानना है कि इससे मामला थोड़ा आगे बढ़ेगा। यह एक वैश्विक मंच है, जहां विवादों को निपटाने पर चर्चा होती है। फिलहाल सुरक्षा परिषद में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और यूनाइटेड किंगडम स्थायी सदस्य हैं। परिषद के 10 अस्थायी सदस्य हैं। भारत फिलहाल अस्थायी सदस्य है। अस्थायी सदस्य जनरल असेंबली द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। सुरक्षा परिषद में जब भी किसी मसले पर फैसला लेना होता है तो उसके लिए 15 में से 9 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। वोटिंग में स्थायी सदस्य काफी अहम होते हैं। अगर कोई भी एक स्थायी सदस्य फैसले से सहमत नहीं होता है तो वो पूरा प्रस्ताव या निर्णय खारिज हो जाता है। स्थायी देशों की इस शक्ति को वीटो पावर कहा जाता है। पिछले कुछ सालों में भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के बिना भी वैश्विक नेतृत्व की भूमिका हासिल कर ली है। अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से भारत के दावे को मजबूती मिली है।

पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन क्यों जरूरी है भाजपा के लिए

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर .के . पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं, यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में आज यानी 19,26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, "हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।"

पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें है। इसके अलावा मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर है। असम में सीएए को लेकर लंबे समय से सियासी उथल-पुथल मची हुई है।

इस बीच एक खबरिया चैनल के मुताबिक 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं।

इस बीच पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15 वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था।

पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने घरों से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। वो प्यारी सी मुस्कान बिखरते हुए बताते हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी.वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और शेष स्टाफ नार्थ ईस्ट से है। बेशक दिल्ली पुलिस की नार्थ ईस्ट यूनिट के गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। वे नार्थ ईस्ट के नागरिकों से लगातार मिलते भी हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एम.पी. बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेडिट यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। अब दिल्ली पुलिस में पूर्वोत्तर के सैकड़ों महिला-पुरुष काम कर रहे हैं। बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं। यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

व्यंग्य

एक अनूठी कला

छेड़खानी भारतीय संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा है। हमारे यहां छेड़ने वाले आदरणीय देवता मान लिए गए है। नंदलाल का ही उदाहरण ले लीजिए। पनघट पर जाने वाली कन्याएं प्रतीक्षा करती थी उनकी, मनुहार करती थी। कृपया पधारें। आएं और छेड़े हमें। पानी भरना तो बहाना मात्र है, हमें तो आपसे छिड़ जाने में आनंद आता है। आपका कंकरिया मार हमारी मटकी तोड़ देना, हमारी बैंया मरोड़ कर या हमारे वस्त्र चुराकर आपके कदंब के पेड़ पर चढ़ जाने में जो सुख है वो किसी और बात में हैं नहीं।

छेड़खानी है क्या? छेड़खानी के लिए कम से कम एक लड़की का होना आवश्यक है। भारतीय उपमहाद्वीप में लड़का छेड़ू होता है। प्रायः और लड़कियां छेड़ी जाती हैं। लड़की का ध्यान खींचने के लिए किए गए सारे ही क्रियाकलाप छेड़खानी की परिभाषा में आते हैं। मुंह चलाना या उसे छूने की कोशिश करना भी शामिल है इसमें। ऐसा किया जाना तब तक ही सुरक्षित है जब तक कि खुद कन्या अथवा उसका भाई या बाप इसका बुरा न मानें। इनके बुरा माने जाने का डर ही वो वजह है जिससे हमारे देश में कानून एवं व्यवस्था बनी हुई है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

छेड़खानी दरअसल प्रेम निवेदन का ही पर्याय है। हमारे पुराणों में मत्स्य कन्या सत्यवती का जिक्र है। नदी पार करने के लिए ऋषि पाराशर उसकी नाव में बैठे। उसकी सुंदरता पर रीझे। कन्या को अपनी अभिलाषा सूचित की उन्होंने। वो सरल कन्या ऋषि के निवेदन को ठुकरा नहीं सकी। नदी और नाव की सार्वजनिक उपस्थिति को देखते हुए कोहरे के वितान का इंतजाम भी ऋषि ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत ऋषि ने उसे आजीवन सुगंधित और चिरकुमारी रहने का आशीर्वाद दिया। इस कथा का सार यह कि यदि पुरुष समर्थ है तो छेड़खानी दोनों ही पक्षों को प्रसन्न कर सकती है और इसे आध्यात्मिक क्रिया माना जा सकता है। छेड़खानी कभी वर्जित विषय नहीं रहा हमारे यहां। हमारे पारिवारिक रिश्तों में भी छेड़छाड़ की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। हमारी संस्कृति में भाभी-देवर, जीजा-साली के बीच हंसी-मजाक, छेड़खानी शास्त्र सम्मत मान्य है। होली जैसे पर्व भी इसी मनोवृत्ति को समर्पित है, होली का एक दिन केवल इसीलिए निश्चित किया गया है ताकि जो अभागे संपूर्ण वर्ष इस आनंद से वंचित रहे हैं वो भी अपने मन की भड़ास निकाल लें। इस दिन ससुर और जेठ के देवर हो जाने को अन्यथा नहीं लिया जाता और शायद यही कारण है कि होली हमारा सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहार है। छेड़खानी मनोरंजन हमारा है। हमारी हिंदी फिल्मों को ही देख लें। हिंदी फिल्मों के हीरो आधी फिल्म में हीरोइन को छेड़ता है और बची हुई आधी फिल्म में अपनी बहन को विलेन से छिड़ने में बचाता है। आप समझ नहीं पाते कि जब हीरो और विलेन एक जैसी ही सांस्कृतिक क्रिया में लिप्त हैं तो हीरोइन खुश क्यों होती है और हीरो की बहन क्यों बुरा मान जाती है?

दरअसल छेड़खानी तभी दुस्साहस है जब आपकी नायिका इसे अन्यथा ले। यदि आपकी छेड़खानी उसे भा रही है, तब तो आपकी चांदी है और यदि ऐसा नहीं तो आपको सर मुंडाने के बाद गधे की सवारी भी करना पड़ सकती है। यह तो हुई पुराणों और फिल्मों की बातें। सच बात तो यह कि हर भारतीय पुरुष छेड़खानी की कला में सिद्धहस्त मानता है खुद को। किसी भी कन्या की उपस्थिति मात्र से उनकी आंखें चमकने लगती हैं। हमारे देश में कन्या, कन्या होने भर से छेड़खानी की पात्र हो जाती है। एकांत हो, भीड़ हो, किसी कन्या का दिखना भर पर्याप्त होता है। जब भी ऐसा होता है भारतीय पुरुषों का मन की करने के लिए रोम-रोम तड़पने लगता है।

छेड़खानी का परिणाम पीटा जाना ही हो हर बार, ऐसा भी जरूरी नहीं। छेड़खानी कला है और आप इस कला में पारंगत है तो आप कन्या की प्रशंसा भी प्राप्त कर सकते हैं। देखने दिखाने में ठीक-ठाक हों आप। जेब में भरा हुआ पर्स हो और बातें बनाना आता हो आपको तब तो आप मास्टर हो सकते हैं इस विधा के। मनोविज्ञान का जानकार होना आपको सफल बना सकता है। छेड़खानी यदि शिष्टता पूर्ण है, तमीज की हद में हो। लड़की की प्रशंसा का भाव शामिल हो, उसमें तो मुमकिन है आप अपनी करनी में सफल हो जाए। यदि आपने जीवन में किसी लड़की को छेड़ा नहीं। छेड़ने का प्रयास या विचार नहीं किया तो आपके इस ग्रह के निवासी होने पर बाबत शक होगा मुझे। यदि आपने ऐसा किया है और समस्त विघ्न बाधाओं से सुरक्षित रहते हुए किया है, आपके ऐसा करने से लड़कियां प्रसन्न होती हैं तो यकीनन आप आकर्षक सुदर्शन समर्थ और निडर मनुष्य हैं।

साहित्य चोरी के लिए हटाए गए नार्वे के दो मंत्री

के . विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है।

संपन्न उत्तरी यूरोप राष्ट्र नार्वे, एक विकसित राजतंत्र की गत दिनों बड़ी वैश्विक फजीहत हुई। सरकार की दो मंत्री श्रीमती सांद्रा बोर्स जो रिसर्च और उच्च शिक्षा विभाग संभालती हैं तथा स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती इंगविल्ड क्जेर्कोल को बेशर्मी से पद त्याग करना पड़ा। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने अपनी थीसिस के लिए दूसरे छात्रों के शोधकार्य से चोरी की। आश्चर्य यह था कि सत्ता और शिक्षा का प्रशासन संभालने वाले सत्तासीन ने ही शैक्षिक तस्करी की। नार्वे की संसद में भी मसला उठा। छात्रों ने गंभीर गुस्सा प्रगट किया।

हालांकि भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है। ठीक जमींदार जैसा जो खेतिहर श्रमिक का शोषण करता है। अब इन महिला मंत्री, वह भी रिसर्च और शिक्षा की, ऐसी ओछी हरकत करें? अक्षम्य ही न है, कठिन दंड की भागी हैं। कई भारतीय विश्वविद्यालय में तो डाक्ट्रेट रिसर्च की थीसिस की चोरी आम बात है। ऐसे चोरी के अभियुक्त साधारण नहीं, ऊंचे लोग भी हैं। विचार कर लें कि साहित्यिक चोरी क्या है? दूसरे के विचारों या शब्दों को अपना मानना, स्रोत को श्रेय दिए बिना उपयोग करना और किसी मौजूदा स्रोत से प्राप्त विचार या उत्पाद को नए और मौलिक के रूप में प्रस्तुत करना।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति और वर्तमान डेमोक्रेटिक प्राथमिक उम्मीदवार जो बाइडन तक, साहित्यिक चोरी करते हुए पकड़े गए। साहित्यिक चोरी के 'वास्तविक जीवन' में बहुत कम या कोई परिणाम नहीं होते हैं। इसके खिलाफ कोई कानून नहीं है। केवल अपमानजनक टिप्पणी, नकारात्मक और शर्म ही है, लेकिन शिक्षा जगत में अमूमन ऐसा नहीं होता है। साहित्यिक चोरी के परिणाम, जो शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन है, गंभीर सजा हो सकती है जिसमें कक्षाओं में असफल होना और डिग्री रद करना शामिल है। उदाहरण के लिए साहित्यिक चोरी के आरोप लगने के बाद एक कनाडाई शिक्षक को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा, उसकी पीएचडी रद कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नौकरी के लिए नामित एक व्यक्ति ने उस समय अपना नाम वापस ले लिया जब उसकी पीएचडी थीसिस में साहित्यिक चोरी का पता चला।

यहां मेरा अभिप्राय भी मेरे कई लेखों की निंदनीय चोरी से है। यह एक अति गंभीर बौद्धिक तथा शैक्षणिक गुनाह है। इसके वर्गीकृत अपराध हैं : हार्वर्ड के 2006 में एक स्नातक ने एक पुस्तक प्रकाशित की जो 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की सर्वाधिक पठनीय वाली सूची में काफी ऊपर आ गई। मगर जब पता चला कि उसके कई हिस्से दूसरी पुस्तकों से चुराए गए हैं तब वह लेखिका गुमनामी के अंधेरे में खो गई। ऐसा सिर्फ पत्रकारों के साथ नहीं है। भविष्य में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में देखे जाने वाले अमेरिका के एक उभरते हुए सासंद ने मूर्खता के कारण अपने सारे अवसर खो दिए। उन्होंने बराक ओबामा के भाषण को अपना बताकर दर्शकों के सामने हूबहू दोहरा दिया।

मेरे निजी अनुभव में एक बड़ी विकराल दगाबाजी हो गई, गाजियाबाद की एक पत्रिका के संपादक ने मेरा लेख हूबहू शतप्रतिशत जैसा था छाप दिया। बस मेरा नाम काटकर अपना नाम लिख मारा। फोन पर जब मैंने बहुत डांटा और चोरी के जुर्म में लखनऊ पुलिस को भेजने की चेतावनी दी तो पहले तो प्रमाण मांगने लगे। बाद में डरकर माफी मांगने लगे। मेरा लेख था मंदिर और मजार बनाकर फुटपाथ कब्जियाना। लखनऊ सचिवालय के ठीक सामने बापू भवन के फाटक पर एक गैर कानूनी मंदिर बन गया था। मैंने पुलिस द्वारा उसे तुड़वाया, क्योंकि यातायात बाधित हो रहा था। फिर मैंने पत्रिका के संपादक का प्रमाण दिया। मैंने लिखा कि मुख्यमंत्री के सचिव नृपेन्द्र मिश्रा (आईएएस) ने मंदिर तुड़वाने हेतु मेरी शिकायत पर सहायता की थी। पत्रिका के संपादक डर गए कि नृपेन्द्र मिश्र उन्हें जानते ही नहीं। मदद की बात तो हुई नहीं। फिर उनका यह लेख कैसे हुआ? बिजनौर के पत्रकार ने मेरी सहायता की थी। अंततः संपादक जी ने बेहतर समझ कि मुझसे माफी मांग ली। वर्ना हर सप्ताह उन्हें लखनऊ अदालत में आना पड़ता।

सोशल फोरम

चार कंधे भी मिलने मुश्किल

हृदय बहुत व्यथित है। रोज किसी न किसी परिजन या परिचित की इस फानी दुनिया से कूच कर जाने की मनहूस खबर मिलती है। अफसोस का बड़ा मुद्दा यह भी है कि विदाई देने वालों की संख्या सीमित खुद-ब-खुद सीमित हो गई है। हरेक की कोई न कोई मजबूरी भी है। और हम भी अस्थमा के कारण विदाई देने वाली सीमित संख्या का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। कई लोग तो खबर भी नहीं कर रहे हैं। सोचते हैं बताने से फायदा ही क्या? बंदा आ तो पाएगा नहीं। और अगर आ भी गया तो इस भीषण गर्मी में उसे संभालना भी पड़ेगा।

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

चौहत्तर प्लस हो चुका है। नाना प्रकार की व्याधियों से पीड़ित है। उसे कुछ हो गया तो ये तय करना मुश्किल हो जाएगा कि किस वजह से मरा। सच तो ये है कि डर तो हमें भी लगता है। पहले तो हम जरा सी जान-पहचान वाले को भी विदा करने चले जाते थे। पत्नी उलाहना दिया करती थी, कुछ ज्यादा ही सामाजिक हो चले हो। हम कहते थे, नहीं जाएंगे तो हमारी बारी में कौन जाएगा? वो पलटवार करती थी, जब सभी संगी-साथी चले जा रहे हैं तो तुम्हारे साथ जाएगा कौन? आज हम सोचते हैं, पत्नी सही कहती है। सब तो जा रहे हैं। दस लोग जुटने भी मुश्किल हो चले हैं और अगर ये सिलसिला आगे भी जारी रहा तो कंधा देने के लिए चार जरूरी बंदे भी नहीं मिलेंगे। हो सकता है वो दिन भी आए कि नगर निगम की तरफ से लाश ढोने वाली गाड़ी आए, निर्जीव शरीर लाद ले जाए और अगले फेरे में एक पोटली में राख समेट कर दे दे, अपनी फुरसत से नदी में बहा देना।

हमें तो वो जमाना याद आता है जब आवागमन के साधन सीमित थे। हमारे पुश्तैनी शहर मियांवाली (अब पाकिस्तान में) से साल दो साल बाद सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार के लिए एक कारवां चलता था, सबके हाथों में अपने-अपने परिजनों की अस्थियों पोटलियों में बंधी होती थीं। कुछ के हाथ में ज्यादा पोटलियां होती थीं। ये उनकी होती थीं जिनके वारिसान सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार का लंबा सफर करने में अक्षम होते थे। वो जाने वाले से गुजारिश करते थे - भाई, मेरे बाऊजी जी की अस्थियां भी गंगा मैया में बहा देना। वर्तमान व्यस्त हालात देखकर ख्याल आता है, क्या वो युग वापस आने वाला है?

-फेसबुक वॉल से

शिक्षा और परीक्षा

हम सभी जानते हैं कि साहित्य सौंदर्य बोधात्मक विषय है। वह सौंदर्य किसी भी क्षेत्र का हो सकता है। प्रकृति का, मानव का, चरित्र का, भाव का, कला का इत्यादि। सौंदर्य की खासियत यह है कि वह मनुष्य को डुबाकर अपने रंग में रंग देता है। सौंदर्य-नद में स्नान किया हुआ व्यक्ति अपने को पावन महसूस करता है। उसके भीतर अनायास ही एक सकारात्मक रूपांतरण की घटना घटने की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है और कई लोग रूपांतरित भी हो जाते हैं। साहित्य में विचार भी घुले-मिले होते हैं। विचार सुंदर भी हो सकते हैं और कुरूप भी, विचार प्रगतिशील भी हो सकते हैं और पतनशील भी, जो साहित्य प्रतिगामी विचारों को लेकर चलता है, उसे ही घटिया साहित्य कहा जाता है। इसी तरह सौंदर्य भी मनुष्य को शाश्वत शांति की ओर ले जाने वाला और अशांति पैदा करने वाला भी हो सकता है। साहित्य की समीक्षा में यह देखना होता है कि वर्णित सौंदर्य हमें किस दिशा में ले जा रहा है या ले जा सकता है, जो समीक्षा इस दृष्टि से विश्लेषण न कर सके, वह सार्थक नहीं कही जा सकती।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी आलोचना की सबसे बड़ी कमी यह है कि उसका ध्यान साहित्य के सौंदर्योद्घाटन पर नहीं है। वह मुख्य रूप से विचार पर आधारित होती है, जबकि साहित्य मुख्य रूप से सौंदर्य पर आधारित होता है। ऐसी आलोचना को साहित्यालोचन कैसे कह सकते हैं? आचार्य शुक्ल ने तुलसीदास, सूरदास आदि पर पुस्तकें लिखकर जिस आलोचना की नींव डाली थी, वह सौंदर्योद्घाटन पर आधारित थी। उसका विकास किया जाना चाहिए, लेकिन अफसोस कि शुक्ल जी से आगे इस दिशा में समीक्षा नहीं बढ़ सकी। जिस तरह साहित्य की शुष्क समीक्षा लिखी जा रही है। उसी तरह उसका अध्यापन भी शुष्क होता चला गया। मैंने अनेक अच्छे शिक्षकों से पढ़ा है, लेकिन काव्य पढ़ाने का जो ढंग गुरुवर कविवर केदारनाथ सिंह का पास था, वह अन्यत्र दुर्लभ था, उनकी कक्षा में रसधार बहती थी। खासकर निराला की "राम की शक्ति पूजा" और "सरोज स्मृति" पढ़ाते समय ऐसा समां बंधता था कि विद्यार्थी सुध-बुध खोकर उनके साथ बहे चले जाते थे। वह साहित्य की शुष्क समीक्षा नहीं थी, वे सौंदर्य की गहराई में उतरते थे और अपने सहृदय विद्यार्थियों को उसमें बहा ले जाते थे।

बहुत समय पहले की बात है। पटना के गांधी मैदानमें विशाल पंडाल लगा था। वहां मोरारी बापू का रामचरित मानस पर प्रवचन चल रहा था। उन्होंने गायकों और वाद्ययंत्रों की सहायता से वीर रस को साकार कर दिया। कक्षा में वीर रस की कविताओं को समझाने के क्रम में यह कहना कि इसमें कठोर और द्वित्व वर्णों का समायोजन होता है। एक बात और है उसे सही कंठ और वाद्ययंत्रों से जीवंत कर देना कितनी अलग बात है। मुझे साहित्य के अध्यापन का सूत्र वहां मिला। हमारे शिक्षक बंधु तुरंत बोल उठेंगे कि कक्षा में यह कैसे संभव है? इस सड़े सिस्टम में तो सचमुच संभव नहीं है। मैं तो इस प्रणाली से बाहर की बात कर रहा हूं। इस प्रणाली में तो लिखित परीक्षा लेकर कागज पर अस्सी प्रतिशत और उससे भी अधिक अंक दे दिए जाते हैं। कागज का वह टुकड़ा हमें खुशियों से भर देता है कि अब हमें नौकरी मिल सकती है। क्या इसी बात के लिए साहित्य बना है? हमारा कोई परिष्कार नहीं हुआ। हमारे उदात्त भाव नहीं जगे, बल्कि कुछ उल्टा ही हुआ। हमारे अंदर अनेक तरह की विकृतियां आ गईं। साहित्य हमने डूबकर पढ़ा और समझा है, इसकी परीक्षा जीवन के दैनंदिन क्रियाकलापों में होनी चाहिए या परीक्षा भवन में कागज के पन्नों पर? द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की परीक्षा कक्षा में कागज पर न लेकर पेड़ पर एक नकली चिड़िया रखकर ली थी। विद्यार्थियों के हाथ में कागज और कलम नहीं, धनुष और बाण थे। इसे कहते हैं शिक्षा और परीक्षा।

संघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाएं

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है।

मई दिवस अमर रहे, दुनिया के मेहनतकशों एक हो। पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता एक मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाती आई है, हमारे देश में भी 1923 से मजदूर दिवस मनाया जाता रहा है।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है। पूंजीवाद का विरोध और समाजवाद की स्थापना के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाना मेहनतकश वर्ग का मूल उद्देश्य है। वैसे तो काम के घंटे तय करने की लड़ाई के लिए लड़े गए इस संघर्ष को बढ़ाने का काम तेजी से आगे बढ़ा है। किंतु पिछले कुछ सालों की पूंजीवादी सोच को बढ़ाने वाली सत्ता और उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई और अमीरी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां किसी से छिपी नहीं हैं। सौ वर्ष पहले हासिल काम के घंटे के अधिकार को समाप्त करने, स्थाई रोजगार के बदले ठेका/संविदा प्रथा, अग्निवीर, शिक्षामित्र, बैंक मित्र, लेबर कोड लागू करने, एकतरफा छटंनी, तालाबंदी, जबरन हो रहे वीआरएस से आम जनता त्रस्त हुई है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बार मई दिवस एक बार फिर मेहनतकश जनता को पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ लामबंद होने और क्रांतिकारी संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का समय है। आइए अपनी क्रांतिकारी संघर्षों की विरासत को इस मई दिवस पर और आगे बढ़ाएं।

श्रीराम का नारा लगाने पर हमला, चार गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने पीड़ितों से की मुलाकात

बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर जय श्रीराम का नारा लगाने पर एक समुदाय के लोगों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक सेकेंड हैंड दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे।

उनके पास भगवा झंडा था और वे जय श्रीराम का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे जय श्री राम के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल अल्लाहु अकबर कहना चाहिए।

हाईकोर्ट ने यूपी सरकार पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

कोर्ट ने मुकदमेबाजी को निरर्थक बढ़ावा देने पर लगाई फटकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ ने सरकार की याचिका खारिज की

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनावश्यक मुकदमेबाजी को बढ़ावा देने पर राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि निरर्थक मुकदमेबाजी के मामलों में जुर्माना लगाना केवल एक दंडात्मक उपाय नहीं है।

बल्कि यह न्यायिक प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने और कानूनी प्रक्रियाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक उपकरण है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा कि जुर्माने के प्रावधानों को तुच्छ मुकदमेबाजी



के लिए एक निवारक के रूप में अपनाना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि जहां मुकदमेबाजी तुच्छ और कष्टप्रद होती है। वहां जुर्माना लगाकर अदालतें कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने और वैध दावेदारों की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के बीच संतुलन बनाती हैं।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकल पीठ ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल याचिका को 5 लाख रुपये के जुर्माने के साथ खारिज करते हुए की। न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर कोर्ट ने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को जुर्माने की राशि आदेश के चार हफ्तों के भीतर विपक्षी राजवीर सिंह को देने का निर्देश दिया है।

दरअसल सरकार और विपक्षी के बीच बिजनौर में मध्य गंगा नहर चरण-द्वितीय परियोजना के तहत मुख्य नहर से 5.355 किलोमीटर पर क्रॉस ड्रेनेज के निर्माण के लिए एक अनुबंध किया गया था। उपरोक्त अनुबंध में पक्षकारों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया, जिससे वर्तमान मामला उत्पन्न हुआ। वर्तमान याचिका में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिजनौर और वाणिज्य न्यायालय, मुरादाबाद के आदेशों को चुनौती दी गई है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ढाई करोड़ रुपये जमा करने की शर्त को किया रद

प्रयागराज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक भ्रष्टाचार निरोधी न्यायालय द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अग्रिम जमानत प्राप्त करने के लिए आरोपी पर ढाई करोड़ रुपए जमा करने की शर्त को रद कर दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए मीना आनंद के खिलाफ विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निरोधक, सीबीआई, गाजियाबाद द्वारा 1 महीने के भीतर 2018 से प्रति वर्ष 10% साधारण ब्याज के साथ ढाई करोड़ रुपए जमा करने की लगाई गई शर्त को रद करते हुए पारित किया। याची के अधिवक्ता का तर्क था कि उपरोक्त शर्त लगाने का उद्देश्य आरोपी की उपस्थिति सुनिश्चित करना था। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जमानत/अग्रिम जमानत देने के अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने वाली एक आपराधिक अदालत से शिकायतकर्ता के बकाए की वसूली के लिए रिकवरी एजेंट के रूप में कार्य करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

अभिनेता साहिल खान से एसआईटी ने पूछताछ की

मुंबई : महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले की जांच के लिए मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अभिनेता साहिल खान से गुरुवार को चार घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

एक अधिकारी ने बताया कि खान अदालत के आदेश के मुताबिक एसआईटी के समक्ष अपराह्न करीब एक बजे पहुंचे और बयान दर्ज कराने के बाद शाम साढ़े पांच बजे वापस गए। अधिकारी के मुताबिक, खान ने दावा किया कि उनकी इस मामले में कोई भूमिका नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में जांच कर रहा है, वहीं मुंबई पुलिस ने 32 लोगों के खिलाफ एक अलग मामला दर्ज किया है।

एक नजर

वरिष्ठ साहित्यकार आनंद कुमार के निधन पर साहित्यकारों में शोक

मुरादाबाद : साहित्य-जगत को सदैव अपने मधुर कंठ एवं हृदयस्पर्शी गीतों से गौरवान्वित करने वाले महानगर के वरिष्ठ साहित्यकार आनंद कुमार ''गौरव'' के गुरुवार को निधन पर साहित्यकारों में शोक छा गया। वह काफी समय से अस्वस्थ थे। 12 दिसम्बर 1958 को ग्राम भगवानपुर रैहनी, जनपद बिजनौर (उत्तर प्रदेश) में जन्मे आनंद कुमार 'गौरव' ने साहित्य-साधना के साथ-साथ प्रथमा बैंक के एक कुशल अधिकारी के रूप में भी समाज को अपनी सेवाएं दीं। वह 2018 में बैंक की नौकरी से सेवानिवृत हुए थे। देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित हुईं हैं।

लमगड़ा, द्वाराहाट व धौलादेवी के जंगलों में लगी आग

अल्मोड़ा : जिले के अलग अलग क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सल्ट समेत लमगड़ा, द्वाराहाट और धौलादेवी के अनेक जंगलों में दिन भर आग धधकी रही। आग लगने से चारों और धुंए का गुबार फैल गया। कई जगहों पर जंगल की आग सड़क मार्गों तक भी पहुंच गई। जिस कारण वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक जिले के 48 से अधिक जंगल जल चुके हैं। लेकिन वन विभाग के पास वनाग्नि की इन घटनाओं का सही सही आंकड़ा तक दर्ज नहीं है।

आप ने दिल्ली मेयर के लिए महेश खीची को बनाया प्रत्याशी

नयी दिल्ली : आम आदमी पार्टी (आप) ने देवनगर वार्ड से पार्षद महेश खीची को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) महापौर चुनाव के लिए गुरुवार को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी ने अमन विहार से पार्षद रवींद्र भारद्वाज को उप महापौर पद के लिए उम्मीदवार बनाया है।

पंखुड़ी पाठक को मिली आंशिक राहत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ कोर्ट की अगली सुनवाई तक उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के आचार संहिता उल्लंघन मामले को भूपेश बघेल के मामले के साथ आगामी 23 अप्रैल को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है और मुकदमे की अगली सुनवाई तक याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने पंखुड़ी पाठक की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार वर्ष 2022 में चुनाव प्रचार के दौरान कोविड और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर नोएडा विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने कोतवाली सेक्टर 113 पुलिस से शिकायत की कि आदर्श आचार संहिता लागू है लेकिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पांच से अधिक व्यक्तियों के साथ घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। इसके बाद 16 जनवरी 2022 को पंखुड़ी पाठक के खिलाफ पुलिस स्टेशन सेक्टर 49 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

आगरा किले में वर्ल्ड हेरिटेज डे के अवसर पर गुरुवार को आयोजित समारोह के दौरान नृत्य करते विदेशी पर्यटक।

40 बच्चों वाले मुसलमान का नाम बताएं साक्षी महाराज

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने भाजपा सांसद साक्षी महाराज के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को साक्षी महाराज बदनाम कर रहे हैं। चुनौती देते हुए कहा कि वह पूरे देश से एक मुसलमान का नाम बता दें, जिसकी 4 पत्नियां और 40 बच्चे हैं।

शहाबुद्दीन ने कहा कि अब मुसलमान शिक्षित भी हुआ है। अधिकतर मुसलमान एक ही शादी कर रहे हैं और उनके भी दो या तीन से ज्यादा बच्चे नहीं हैं। इस्लाम जायज और नाजायज के दायरे में रह कर जीवन जीने की अनुमति देता है। बच्चे कितने होंगे या नहीं होंगे, यह खुदा के हाथ में है। वह जिसको चाहता है उसको औलाद से नवाजता है। साक्षी महाराज को चाहिए कि वह समाज को तोड़ने का काम बंद कर दें। अन्यथा कुछ दिनों के बाद उनका घमंड खुद टूट जाएगा। दरअसल, उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बयान दिया था। कहा था कि 4 बीबी और 40 बच्चे नहीं चलेंगे। सरकार को जल्द से जल्द इस पर कानून बनाना चाहिए।

होशियापुर में गुरु ग्रंथ साहिब की कथित बेअदबी

होशियारपुर : होशियापुर के पोटा गांव में स्थित एक गुरुद्वारे में सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब के दो पन्ने किसी नुकीली चीज से कटे हुए पाए गए। पुलिस उपाधीक्षक बिपिन कुमार ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ के दौरान, दो पाठी (पुजारियों) को पता चला कि 'अंग' (दो पृष्ठ) को किसी तेज वस्तु से काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य 'सरूप' (गुरु ग्रंथ साहिब की प्रति) के निरीक्षण के बाद यह पाया गया कि एक पृष्ठ पर टेप चिपकाया गया है और कुछ अन्य पृष्ठों पर कटे के निशान थे। उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

पत्नी ने लगाया डीएसपी पर मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

विवाद

▸▸ शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : लखनऊ लोकायुक्त में तैनात डीएसपी पर पत्नी ने मारपीट का आरोप लगाया है। थाना इज्जतनगर पुलिस डीएसपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर के अम्बे आवास कर्मचारी नगर निवासी मंजू सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पति राकेश सिंह लखनऊ लोकायुक्त में तैनात हैं। वह शराब पीकर मारपीट करते हैं। आरोप है कि दो दिन पहले बरेली आने पर राकेश सिंह ने शराब पीकर उन पर हमला बोल दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी। मंजू सिंह ने थाना इज्जतनगर पहुंचकर डीएसपी राकेश सिंह के खिलाफ शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राकेश सिंह पदोन्नति से डीएसपी बने हैं। इज्जतनगर पुलिस के अनुसार डीएसपी का मकान दो हिस्सों में बंटा है। एक हिस्से में पत्नी बेटों के साथ और दूसरे में डीएसपी स्वयं रहते हैं।

निगोही में किया गया था राइफल का ट्रायल

315 बोर का खोखा पुलिस ने किया बरामद, दूसरा शूटर अब तक है फरार

20 मार्च को किया गया था पहला ट्रायल, पूछताछ में पुलिस को मिली जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या से पहले हत्यारोपियों ने निगोही (शाहजहांपुर) में राइफल से पहला फायर कर असलहा की जांच की थी। इसके बाद कुछ दिन बाद ही हत्याकांड को अंजाम देकर सनसनी फैला दी थी। पुलिस टीम ने मौके से राइफल का खोखा भी बरामद कर लिया है।

मालूम हो कि 28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमत्ता के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार दो सिख व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसमें

बाबा तरसेम सिंह।

एक हत्यारे अमरजीत सिंह को एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। वहीं दूसरे हत्यारे सर्वजीत सिंह की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। हत्याकांड में अब तक पुलिस ने नौ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इन्होंने घटना के बाद हत्यारों को पनाह दी थी या फिर उन्हें पैसा व हथियार मुहैया कराया था। इसमें सतनाम सिंह पीलीभीत और सुल्तान सिंह बिलासपुर यूपी की अहम भूमिका थी।

सुल्तान सिंह के घर पर हत्याकांड की पटकथा लिखी गई थी, जबकि शाहजहांपुर में हत्या से पहले पनाह देकर हत्या के लिए प्रशिक्षित किया गया था। प्रकरण में षड्यंत्रकारी सुल्तान सिंह और दिलबाग सिंह को जब पुलिस ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया तो हत्याकांड में एक नई कहानी का जन्म हुआ। पूछताछ में पता चला कि 28 मार्च को बाबा की हत्या करने से पहले 20 मार्च को शाहजहांपुर के निगोही के सुनसान इलाके में 315 बोर की राइफल से पहली गोली चलाई गई थी। गोली चलाने का मकसद यह था कि हत्याकांड को अंजाम दे वक्त राइफल धोखा तो नहीं देगी। इसी मकसद के साथ ही राइफल से एक गोली चलाकर जांच की गई थी। पूछताछ के बाद जांच टीम ने बताए गए स्थान शाहजहांपुर के निगोही से खाली खोखा बरामद कर लिया है।

पहली बार मोबाइल नेटवर्क से जुड़ा हिमाचल प्रदेश का ग्यू गांव

नयी दिल्ली, एजेंसी

▸▸ प्रधानमंत्री मोदी ने गांव वासियों से फोन पर की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के स्पीति के ग्यू गांव के पहली बार मोबाइल नेटवर्क से जुड़ने पर गुरुवार को वहां के निवासियों से बात की। लोगों के साथ फोन पर 13 मिनट से अधिक की बातचीत में मोदी ने दिवाली के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र की अपनी यात्रा के बारे में बात की और कहा कि गांव को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने से डिजिटल इंडिया अभियान को गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्युतीकरण अभियान में सफलता मिलने के बाद सरकार अब सभी स्थानों को संचार प्रौद्योगिकी से जोड़ने को प्राथमिकता दे रही है। मोदी ने कहा कि जब उन्होंने पदभार संभाला तो 18,000 से अधिक गांवों में बिजली की कमी थी। एक ग्रामीण ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि उनका क्षेत्र मोबाइल नेटवर्क से जुड़ जाएगा और जब ऐसा हुआ तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्रामीण ने कहा कि पहले उन्हें अपने मोबाइल फोन का उपयोग करने के लिए करीब आठ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। मोदी ने 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी)' के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने इन क्षेत्रों को उनके हाल पर छोड़ दिया था। मोदी ने कहा कि वह अब तक लोगों के जीवन की सुगमता को प्राथमिकता देने के बाद अपने तीसरे कार्यकाल में उनके जीवन की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करेंगे और इससे दूरदराज के क्षेत्रों, गरीबों और मध्यम वर्ग को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि 'एक जिला एक उत्पाद' कार्यक्रम से भी क्षेत्र को काफी फायदा होगा।

गठबंधन की रैली को सफल बनाएं कार्यकर्ता : राय

संवाददाता, गजरौला, (अमरोहा)

अमृत विचार : अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की बैठक गुरुवार को शहर के होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने की और संचालन कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने किया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह-प्रभारी प्रदीप नरवाल रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की 20 अप्रैल को इंडिया गठबंधन की होने वाली संयुक्त रैली को सफल बनाने के लिए इंडी गठबंधन के सभी साथी पूरी मेहनत के साथ लग जाएं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र और इलाके के बूथ पर चुनावी रणनीति बनाएं। अपने-अपने क्षेत्र के बूथों को जिताने की जिम्मेदारी लें। मोदी की सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। महंगाई बढ़ी है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हुई। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उत्तर प्रदेश में छुट्टा पशुओं की समस्या है। किसानों के गन्ने के रेट सरकार ने नहीं बढ़ाए।

भाजपा सत्ता में आई तो चुनाव और आरक्षण को खत्म कर देगी : संजय

नयी दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने गुरुवार को आरोप लगाया कि अगर केंद्र की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वापसी होती है तो वह चुनाव और आरक्षण को खत्म कर देगी। उन्होंने इसी के साथ लोगों से संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतर्क रहने का आह्वान किया।

संजय सिंह ने सात चरण के लोकसभा चुनाव के तहत शुक्रवार को पहले चरण में होने वाले मतदान से एक दिन पहले यहां

आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि चिंता हर दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने दावा किया कि ऐसे एक नहीं, बल्कि कई उदाहरण हैं, जिससे लोगों को संविधान बदलने की आशंका हो रही है। सिंह के दावों और आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आप सांसद ने आरोप लगाया कि अगर भाजपा केंद्र की सत्ता में लौटती है तो वह 'चुनाव और आरक्षण खत्म कर देगी और लोगों से मतदान का अधिकार छीन लेगी'। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा संविधान को बदलने में सफल हो जाती है तो कोई भी इसके खिलाफ खड़ा नहीं हो पाएगा और अपने अधिकारों का दावा नहीं कर पाएगा। सिंह ने कहा कि मैं देश के सभी नागरिकों के साथ-साथ सभी दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को आगाह करना चाहता हूं। इस देश के 140 करोड़ लोगों को सतर्क रहना चाहिए। अगर वे (भाजपा) जीतेंगे, तो वे आपके वोट की ताकत छीन लेंगे।

धोखाधड़ी के आरोप में पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी

▸▸ आधी कीमत में डॉलर देने का झांसा देकर करते थे ठगी

जिले के कौशांबी क्षेत्र में आधी रकम में डॉलर देने का लालच देकर लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में बृहस्पतिवार को एक महिला समेत पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन) निमिष पाटिल ने बताया कि पुलिस ने कौशांबी क्षेत्र में बांग्लादेशी नागरिकों साबिर, अब्दुल रहीम, अमन, नवीन शेख और रुखसाना को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अमेरिकी डॉलर और डॉलर के पांच नकली बंडल, पांच आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड, 17 सिम कार्ड और 15 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी से पहले इन बांग्लादेशी नागरिकों को जांच के दौरान संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया था। तलाशी के दौरान पुलिस को उनके पास से कुछ बंडल मिले थे। वे कोरे कागजों के बंडल थे जिनके ऊपर और नीचे डॉलर रखे थे। पाटिल ने बताया कि यह गिरोह भोले-भाले लोगों को विश्वास में लेकर आधी कीमत पर डॉलर देने का लालच देकर उन्हें ठगने का काम कर रहा था।

नजरिया

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख ने संघ के विचारों को किया रेखांकित

उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं : भागवत

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि आरएसएस 2025 में अपना शताब्दी वर्ष नहीं मनाएगा क्योंकि उसका अपनी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने का इरादा नहीं है।

एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर भागवत ने यह भी कहा कि जब 1925 में नागपुर में आरएसएस का गठन हुआ था, तब पदाधिकारियों को कड़े विरोध, संसाधनों की कमी और लोगों को जोड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि किसी भी हालात में स्वयंसेवकों को अपना काम करते रहना चाहिए। भागवत ने कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाने की कोई जरूरत नहीं है। संघ इसे संगठन का अहंकार बढ़ाने के लिए नहीं कर रहा है। संघ किसी संगठन के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने और कुछ उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने नहीं आया है।

उन्होंने कहा कि आरएसएस समाज को बदलना चाहता है और मानता है कि समाज की जीत का आकलन धन सृजन से नहीं बल्कि धर्म से किया जाना चाहिए। भागवत ने कहा कि इस समाज की जीत अन्य समाज को सशक्त बनाएगी

▸▸ 100 साल पूरे होने का जश्न नहीं मनाएगा संघ

और (अंततः) जगत को लाभ पहुंचाएगी। आरएसएस ऐसे लोगों को तैयार करना चाहता है जो इस तरह से समाज में सुधार लाने की कोशिश करें। उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं है। भागवत ने कहा कि यह चिंताजनक है कि आरएसएस को कुछ लक्ष्य हासिल करने में 100 साल लग गए। उन्होंने कहा कि 2000 वर्षों के सामाजिक पतन के खिलाफ लड़ाई के कारण बदलाव की गति धीमी हो गई। आरएसएस के सरसंघचालक ने कहा कि विदेशियों ने हमारे लोगों को पट्टी पढ़ा दी है। हमें यह भूलने की बुरी आदत है कि हम क्या हैं। हमारे लोगों के बीच एक मनोवैज्ञानिक अंतर है क्योंकि हम पर सदियों तक कई शासकों ने शासन किया।

भागवत ने कहा कि पिछले 1000-1500 वर्षों में देश ने समय-समय पर विदेशी आक्रमणों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है, लेकिन अपनी ही गलतियों और गद्दारों के कारण देश बार-बार गुलामी के चक्र में फंसता गया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि इस बीमारी से निपटने की जरूरत है, नहीं तो यह होता रहेगा। आक्रमणकारियों को एक स्थायी संदेश देने के लिए हमें अपनी कुछ बुनियादी गलतियों का इलाज करना होगा और यही (आरएसएस संस्थापक) डॉ. हेडगेवार ने किया। भागवत ने कहा कि देश में इस बारे में ज्ञान की कमी है कि हम कौन हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों की गुलामी ने दिमाग पर गहरा असर किया, जिसके कारण स्पष्ट रूप से बोलने और सोचने के जज्बे की कमी है।

बेटे को स्कूल छोड़ने निकले पिता की गोली मारकर हत्या

सोनीपत : हरियाणा के जिला सोनीपत के गांव मोहाना में गुरुवार को बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहे एक युवक की तीन हमलावरों ने सात गोलियां मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि मृतक का भाई हत्या के मामले में जेल में बंद है। युवक की हत्या को इसी मामले से जोडक़र देखा जा रहा है। गांव मोहाना निवासी रवि (30) सुबह करीब सवा आठ बजे अपने बेटे को स्कूल छोड़ने जाने के लिए निकले थे। जब वह गांव के मुख्य बाजार से पहले गली में पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। हमलावर करीब सात गोली मारने के बाद मौके से भाग गए।

अपनी ढपली अपना राग

मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। मोदी को किसान, गरीब मजदूरों की नहीं बल्कि अदाणी-अंबानी की चिंता है।

– प्रियंका गांधी

वह वायनाड को अपना परिवार बता रहे, हिंदी में कहावत है कि लोग रंग बदलते हैं, लेकिन परिवार बदलते पहली बार देखा।

– स्मृति इरानी

भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। फेयर चुनाव हुआ और गड़बड़ी नहीं हुई तो जुमलेबाजी, गारंटी वाली बातें कुछ काम नहीं आने वाली।

– मायावती

जिन्होंने भाजपा को पैसा दिया, आपने वो तारीखें क्यों छिपाई? यह दुनिया की सबसे बड़ी लूट-खसोट वाली स्कीम है।

– राहुल गांधी

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज आईसीयू में हैं और जनता दोनों ही पार्टियों को ऑक्सीजन देने के लिए तैयार नहीं हैं।

– केशव प्रसाद मौर्य

तीन स्तरों से प्रेक्षक रखेंगे मतदान पर नजर

7582 मतदेय स्थलों पर होगी वेबकास्टिंग | **1510** मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी होगी व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए चुनाव प्रेक्षक मतदान पर सतर्क नजर रखेंगे। 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग होगी। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3571 संवेदनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4083 भारी वाहन, 5058 हल्के वाहन व 65380 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों-पुलिस बलों के तैनाती में आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन मुरादाबाद व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन बरेली में रहेगी।

111 आदर्श मतदेय स्थल

पहले चरण में चरण में कुल 111 आदर्श मतदेय स्थल, 45 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 36 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल व 32 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

सबसे अधिक प्रत्याशी कैराना में

कुल 80 प्रत्याशियों में सात महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी कैराना क्षेत्र में हैं व सबसे कम प्रत्याशी नगीना (अजा) व रामपुर निर्वाचन क्षेत्र में हैं, जहां छह-छह प्रत्याशी हैं।

सबसे ज्यादा मतदाता मुरादाबाद में, नगीना में कम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मुरादाबाद व सबसे कम मतदाता नगीना (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कैराना से 14 प्रत्याशी व कुल मतदाताओं की संख्या 17,22,432 है, जिसमें पुरुष 9,21,832, महिला 8,00,504 तथा थर्ड जेन्डर 96 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1750 मतदेय स्थल है। मुजफ्फरनगर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 18,17,472 है, जिसमें पुरुष 9,68,869, महिला 8,48,460 तथा थर्ड जेन्डर 143 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1698 मतदेय स्थल हैं। बिजनौर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 17,38,307 है, जिसमें पुरुष 9,23,530, महिला 8,14,693 तथा थर्ड जेन्डर 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1837 मतदेय स्थल है। नगीना (अ0जा0) से छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 16,44,909 है, जिसमें पुरुष 8,72,364, महिला 7,72,485 तथा थर्ड जेन्डर 60 है।

इलेक्शन बॉयस्कोप

लखनऊ : चुनाव के प्रचार का जोर और शोर भले दिखायी, सुनायी न दे रहा हो, लेकिन, राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री बेचने वाली दुकानें पूरी तरह सजी-धजी नजर आ रहीं हैं। दरअसल, लखनऊ की ऐसी दुकानों से आसपास के जिले से आकर भी अलग-अलग पार्टियों के समर्थक झण्डा-बैनर खरीद कर ले जाते हैं। अमृत विचार

भविष्यवाणियों पर भी मुहर लगाएगा वेस्ट यूपी का वोटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न होगा। इस चरण में पश्चिम उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली आठ सीटों पर एनडीए मजबूती से ताल ठोक रहा है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव में इन 8 सीटों में से 4 सीटों पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा था। हालांकि, विभिन्न चैनलों के ओपिनियन पोल में इस बार इन सभी 8 सीटों पर अलग-अलग तरह की भविष्यवाणी की जा रही है। एनडीए के लिए हो रही भविष्यवाणी के पीछे डबल इंजन की सरकार द्वारा हर तबके और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना भी अहम फैक्टर माना जा रहा है। खासतौर पर राज्य सरकार ने केंद्र की योजनाओं को जिस तरह बिना लीकेज जन-जन तक पहुंचाया है, उसके चलते समझा जा रहा है कि मतदाताओं के मन मे एनडीए की सकारात्मक छवि बनी है। वहीं, कहीं युवाओं का मन टटोल कर तो कहीं जात-बिरादरी और उम्मीदवार को लेकर छायी नाराजगी के बहाने सपा-कांग्रेस गठबंधन का वजन बढ़ा बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि, क्षेत्रीय स्तर पर गुटबंदी का फायदा विपक्ष को भी मिल सकता है। बहरहाल, भाजपा को उप्र. में अपने सबसे बड़े स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। इन सभी सीटों पर वह तूफानी रैलियां कर चुके हैं। उन्होंने भी भविष्यवाणी की थी कि पहले ही चरण से एनडीए अपने विपक्षी दलों पर बढ़त हासिल कर लेगा।

- **पिछले लोकसभा चुनाव में पहले चरण की 8 सीटों में से 4 पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा**

57 वर्षों के इतिहास में 9 सांसदों ने किया है अमेठी का प्रतिनिधित्व

3 सांसद रहे अपराजित, 6 को मिल चुकी है पराजय

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। अमेठी लोकसभा के चुनावों में तीन सांसद ही ऐसे हुए हैं जिनको अमेठी की जनता ने कभी हार का स्वाद नहीं चखाया। अब तक हुए 09 सांसदों में तीन ही अजेय रहे हैं, बाकी के 06 सांसद ऐसे रहे हैं जिन्हें कभी ना कभी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा सीट का 57 वर्षों का इतिहास देखें तो अब तक कुल 16 बार चुनाव हुए हैं, जिसमें विजयी हुए 09 सांसदों ने अब तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया है। विद्याधर बाजपेई, राजीव गांधी और सोनिया गांधी ही ऐसे सांसद हैं जो अमेठी में अजेय रहे। 1967 में सबसे पहले कांग्रेस से विद्याधर बाजपेई सांसद बने। उन्होंने 1971 का भी चुनाव जीता। इसके बाद उन्होंने चुनाव भी नहीं लड़ा। दोनों चुनाव जीतने से अमेठी के पहले सांसद रहे विद्याधर बाजपेई अजेय रहे। संजय गांधी के निधन के बाद अमेठी आए राजीव गांधी ने 1981, 1984, 1989 और 1991 में चुनाव जीतकर लगातार 10 वर्षों तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें भी कभी पराजय का सामना नहीं करना पड़ा। अमेठी के अजेय योद्धाओं में उनका नाम लिया जाता है। सोनिया गांधी ने अमेठी से सिर्फ 1999 में ही चुनाव लड़ा। और जीतने के बाद वो रायबरेली चली गई। जिससे उन्हें भी कभी अमेठी में हार नहीं मिली। इसके अलावां रवींद्र प्रताप सिंह, संजय गांधी, सतीश शर्मा, संजय सिंह, राहुल गांधी व स्मृति इरानी ऐसे सांसद हैं जिन्हें जीतने के बाद या फिर पहले पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

ये सांसद रहे अपराजित

1967, 71	विद्याधर वाजपेई
1981, 84, 89, 91	राजीव गांधी
1999	सोनिया गांधी



इन सांसदों को मिल चुकी है हार

वर्ष	हारे सांसद	कितने वोटों से मिली हार
1977	संजय सिंह	75844
1980	रवीन्द्र प्रताप सिंह	128545
1998	सतीश शर्मा	23270
1999	संजय सिंह	300012
2014	स्मृति इरानी	107903
2019	राहुल गांधी	55120

लोस चुनाव का शोर, रायबरेली में अभी नहीं पकड़ रहा जोर

कांग्रेसियों को प्रियंका के आने की उम्मीद | **भाजपा खेमा रुको-देखो की रणनीति पर**

दिलीप सिंह, रायबरेली

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सियासी हलचल बढ़ने लगी है। रायबरेली सीट पर गांधी परिवार ने प्रियंका को उतरने के संकेत भी दे दिए है। वहीं, भाजपा अभी भी कांग्रेस के पत्ते खोलने का इंतजार कर रही है। वर्तमान में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रत्याशी रह चुके अधिवक्ता अजय अग्रवाल, पूर्व सांसद व हाई कोर्ट के अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह लोगों के बीच जाकर मजबूत अपनी-अपनी दावेदारी की पेशबंदी कर रहे हैं। इसके अलावा कई और नामी-गिरामी हस्तियां भी दावेदारी करते नजर आ रहीं हैं।

दूसरी ओर बसपा की बात करें तो अभी भी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। संभवतः उसे भी पहले कांग्रेस से उम्मीदवार के सामने आने का इंतजार है। ऐसे में राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि स्थानीय जनता भी कांग्रेस उम्मीदवार की सूरत स्पष्ट होने को बेकरार है। वीआईपी सीटो में शुमार कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली सीट पर लगातार सोनिया गांधी ने चार बार जीत दर्ज की है, जबकि इससे पहले भी कांग्रेसी ही ज्यादातर जीत दर्ज कराते रहे। नेहरू गांधी परिवार से ताल्लुक रखने वाले उम्मीदवारों की जीत होती रही है। इस बार जहां देश मे इंडिया बनाम एनडीए के मध्य चुनाव हो रहा है। दोनों गठबंधन अपने अपने मुद्दे लेकर जनता के बीच जा रहे है।

इन सबके बीच अभी तक रायबरेली में भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशियों को लेकर पत्ते नही खोले है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के ताक में है, जबकि 26 अप्रैल से नामांकन भी होने है। सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद अब कांग्रेस से किसी नए चेहरे का आना तय है। ऐसे में पार्टी के पदाधिकारियों की माने तो पार्टी की तेज तर्रार नेता सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार रायबरेली से अपनी सियासी पारी का आगाज कर सकती है। प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस खेमे में उत्साहित है, लेकिन जमीनी स्तर पर चुनाव का माहौल काफी सुस्त है। वही भाजपा की ओर से भी अभी तक किसी के नाम की घोषणा नही कि गई है। उप्र. की दो सीटें जहां पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी नही उतारे है उनमें एक सीट रायबरेली भी है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस से बागी होकर सोनिया गांधी के सामने सियासी ताल ठोंकने वाले दिनेश प्रताप सिंह भाजपा को जीत तो नही दिला सके बल्कि कांग्रेस की रिकार्ड जीत को जरुर कम किया था। इस बार भी वह तेजी से अपने समीकरण बनाने में जुटे है, लेकिन अभी किसी के नाम की घोषणा नही हुई है।

1952 से अब तक सिर्फ तीन बार चुनाव हारी है कांग्रेस

उप्र में रायबरेली का जिक्र आते ही मस्तिष्क में वीआइपी जिले का नक्शा आ जाता है। कारण भी साफ है क्योंकि इसी सीट से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी लड़ चुकी हैं। वह जीतीं भी और उन्हें खाटी समाजवादी राजनारायण के हाथों हारना भी पड़ा। यह वही सीट है जहां नेहरू-गांधी परिवार की दो पीढ़ियों का सीधा नाता रहा है। इतना ही नहीं, इस परिवार ने जिसे भी यहां से खड़ा किया उसने जीत का परचम फहराया। इसे कांग्रेस का गढ़ भी कहा जाता है क्योंकि जब उप्र. में इस दल का सूपड़ा साफ हो गया तो इसी जिले ने लाज भी बचाई। 1952 से लेकर 2014 तक की चुनावी तस्वीर बताती है कि, सिर्फ तीन बार कांग्रेस हारी है। जबकि, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी, शीला कौल, अरुण नेहरू, सतीश शर्मा जैसी बड़ी हस्तियां यहां से चुनाव जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच चुकी हैं।

आईना : रायबरेली लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
सोनिया गांधी	534,918
दिनेश प्रताप सिंह	367,740



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	सोनिया गांधी	526,434
भाजपा	अजय अग्रवाल	173,721
बसपा	प्रवेश सिंह	63,633
एएपी	अर्चना श्रीवास्तव	10,383

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952,57	फिरोज गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1960	आरपी सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	बैजनाथ कुरील	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	इंदिरा गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	इंदिरा गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	राज नारायण	जनता पार्टी
1980	इंदिरा गांधी व अरुण नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	अरुण नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989 व 91	शीला कौल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1996 व 98	अशोक सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2004,06,09,14 व 19	सोनिया गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

2014 नोटा **5,409** | 2019 नोटा **10,252**

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	सोनिया गांधी	481,490
बसपा	आरएस कुशवाह	1,09,32
बीजेपी	आरबी सिंह	25,444

2024

कुल मतदाता - 2139284
पुरुष मतदाता - 1116539
महिला मतदाता- 1022706



सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग चलाते थे दंगा पॉलिसी, हम विकास की पॉलिसी : योगी

योगी ने बुलंदशहर, मेरठ और गाजियाबाद में चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित | **गौतमबुद्ध नगर, मेरठ-हापुड़ और गाजियाबाद सीटों पर रैली कर भाजपा प्रत्याशियों का किया प्रचार**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिमी उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार किया। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा, मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल और गाजियाबाद सीट से पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में चुनावी जनसभाएं कीं। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस, सपा और बसपा रही।

भाजपा मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, जनसभाओं उन्होंने कहा कि रामनवमी पर अयोध्या में राम के भव्य सूर्य तिलक को देख हर कोई अभिभूत रह गया। उन्होंने सवाल भी पूछा कि अगर कांग्रेस, सपा या बसपा की सरकार होती तो क्या अयोध्या में राम का भव्य मंदिर बन पाता। योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से तबाह हो रहे पाकिस्तान की दुर्दशा का भी जिक्र किया, कहा कि एक तरफ भारत 80 करोड़ लोगों को पिछले चार साल से मुफ्त राशन दे रहा है और अगले 5 साल तक देता रहेगा, वहीं 22 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान में लोग भूखों मर रहे हैं।

बुलंदशहर में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए आयोजित रैली के दौरान उन्होंने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को ''राम-राम'' और माफिया-अपराधियों के लिए ''राम नाम सत्य'' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। सीएम योगी ने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

मेरठ में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंट करते मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल।

आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट के लिए किठौर में प्रचार की कमान संभालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए। लेकिन आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है। भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से उर्वरा भूमि गई, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। वहीं पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं।

चुनावी चक्कर

- **मिशन 80 साधने को खुद मोर्चा संभालेंगे मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में फिर चुनावी माहौल गरमाने को रुहेलखंड में कई रैलियां करेंगे। 26 अप्रैल को मोदी बरेली में भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी बीच, शाम को प्रधानमंत्री करीब एक घंटे जनता के बीच होंगे। जबकि, इससे एक दिन पहले 25 अप्रैल को बदायूं और शाहजहांपुर में उनकी चुनावी रैलियां होनी हैं। मोदी के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। बरेली के भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि 26 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे प्रधानमंत्री बरेली में रोड शो की शुरुआत करेंगे। वह करीब एक घंटे तक बरेली में रहेंगे। राम मंदिर के लोकार्पण के बाद मोदी पहली बार बरेली आएंगे। ऐसे में इस रोड शो में उनका आभार भी प्रकट किया जाएगा।
- **चौराहे पर संवाद किया और हो गई एफआईआर :** मछली शहर लोकसभा से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार प्रिया सरोज पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जौनपुर के मड़ियाहूं में मुकदमा दर्ज हुआ है। इस पर प्रिया का तर्क है कि जब से उन्हें चुनाव मैदान में उतारा गया है तब से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। यही कारण है कि नियमों का पालन करते हुए जनसंपर्क किए जाने पर भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरअसल, मड़ियाहूं कोतवाली के सामने गांधी तिराहे पर जनसंपर्क के दौरान उन्होंने संवाद किया था। आरोप है कि इसकी पूर्व अनुमति नहीं ली गई। इसलिए उड़ान दस्ता टीम ने उन पर कार्रवाई करा दी। बहरहाल, प्रिया सरोज कहतीं हैं कि भाजपा लाख कोशिश कर ले, लेकिन वह डरने वाली नहीं। वहीं प्रिया सरोज के पिता मछली शहर के पूर्व सांसद तूफानी सरोज का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के चलते वहां पर कुछ लोग एकत्र हो गए थे। कार्यक्रम में सपा का तो कोई कार्यकर्ता ही नहीं था।

आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत का आज फैसला

देश के मूड का आज पहला इम्तिहान 102 सीटें तय करेंगी नया रोड मैप

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, मध्य प्रदेश की छह, बिहार की चार, राजस्थान की 12, पश्चिम बंगाल की तीन, तामिलनाडु की सभी 39 के अलावा अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, छत्तीसगढ़ की 11, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो सीट, मिजोरम, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा, लक्षद्वीप व पुडुचेरी अंडमान और निकोबार द्वीप तथा जम्मू-कश्मीर की की एक-एक पर मतदान होगा। इस बार पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा। तीन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा के बिप्लव कुमार देब, असम के सर्बादानंद सोनोवाल और बिहार के जीनराम मांझी हैं। केंद्रीय मंत्रियों में नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, डॉ. संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव और अर्जुन मेघवाल प्रमुख उम्मीदवार हैं।

जिन 102 सीटों पर आज पड़ेंगे वोट, उन पर 2019 में स्कोर



मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनौती से निपटने में कांग्रेस के लिए बसपा बन रही स्पीड ब्रेकर

- मध्यप्रदेश में पहले चरण की अन्य सीटों में सीधी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के राजेश मिश्र और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल को बसपा के पूजनराम साकेत चुनौती दे रहे हैं। शहडोल भाजपा की हिमाद्रि सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को के मुकाबले बसपा से धनीराम कोल मैदान में हैं। जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के सीधे मुकाबले को बसपा के राकेश चौधरी त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत हैं। बालाघाट में भाजपा प्रत्याशी भारती पारथी के कांग्रेस के अशोक सिंह सरस्वार के साथ कंकर मुंजारे की चुनौती से निपटना पड़ रहा है।

गडकरी को जीत की हैट्रिक में नहीं दिख रही कोई मुश्किल बड़ी

महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीसरी बार मैदान में हैं। गडकरी के खिलाफ कांग्रेस से निधायक विकास ठाकरे उतरे हैं। 2014 में गडकरी ने सात बार के सांसद रहे विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी की जीत की हैट्रिक जानकार आसान मान रहे हैं, लेकिन विपक्ष उन्हें विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप पर घेर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने जातीय समीकरण के आधार पर भी गडकरी को घेरने का प्रयास कर रहा है।

08% महिला प्रत्याशी ही पहले चरण में चुनाव मैदान में

77 भाजपा प्रत्याशी पहले चरण में लड़ रहे चुनाव, कांग्रेस के 56 प्रत्याशी

86 सबसे ज्यादा उम्मीदवार पहले चरण में बसपा से उतरे हैं मैदान में

रिजिजू के लिए आसान नहीं नजर आ रहा जीत का चौका लगाना

- अरुणाचल प्रदेश की पश्चिम लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। किरेन रिजिजू 2004 से तीन बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में उतरे हैं। रिजिजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। माना जा रहा है कि रिजिजू को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। रिजिजु अब तक इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें तीन बार बिजयी रहे हैं।

जितेंद्र सिंह विकास के सहारे तीसरी बार

- जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता और मोदी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ .जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस सीट से वह लगातार दो बार से चुनाव जीत चुके हैं। जितेंद्र सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा ने इलाके के विकास को मुद्दा बनाया है, जबकि कांग्रेस विकास के दावों को झूठा बताने के साथ अग्निवीर भर्ती को मुद्दा बना रही है। मोदी, योगी, राजनाथ, अनुराग ठाकुर के मुकाबले यहां सचिन पायलट, राजबब्बर, उमर अब्दुल्ला प्रचार कर गए हैं।

51 सीटों पर अन्य दलों ने 2019 में पहले चरण की कुल 91 सीटों पर हुए चुनाव में कब्जा जमाया था। 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। कांग्रेस को 9 सीटें मिली थीं।

यूपीए और मोदी सरकार के मंत्रियों राजा और मुरुगन के बीच दिलचस्प जंग

- बागवानी और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर मोदी सरकार के मंत्री और मनमोहन सरकार में मंत्री रह चुके दो नेताओं के बीच मुकाबला है। यहां डीएमके से पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं, जिनके खिलाफ भाजपा की मोदी सरकार में मत्स्य, पशु चिकित्सा और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन ताल ठोंक रहे हैं। ए राजा इस सीट से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। पिछली बार एआईएडीएमके के प्रत्याशी त्यागराजन को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया था। मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

चेन्नई साउथ : त्रिकोणीय संघर्ष में पूर्व राज्यपाल दे रहीं डीएमके को चुनौती

- चेन्नई को डीएमके का गढ़ माना जाता है। यहां तीन सीटें चेन्नई साउथ, चेन्नई सेंट्रल और चेन्नई नार्थ हैं। चेन्नई साउथ सीट से पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। वह मार्च तक तेलंगाना की राज्यपाल थीं। सुंदरराजन 2019 में थुथूकोडी सीट से लड़ी थीं लेकिन डीएमके की कनिमोड़ी से हार गई थीं। इसके बाद उन्हें राज्यपाल बना दिया गया था। सुदरराजन 2014 से 2019 तक तमिलनाडु भाजपा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सुंदरराजन के सामने दो मजबूत प्रत्याशी हैं। डीएमके के मौजूदा सांसद थमिजाची थंगापांडियन और एआईडीएमके से उतरे जयवर्धन। जयवर्धन 2014 में चेन्नई साउथ से जीते थे। 2019 में वह दूसरे नंबर पर रहे थे। इस सीट पर डीएमके को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है, इसकी वजह बाढ़ के दौरान हुई लोगों की परेशानी है। एआईडीएमके और भाजपा प्रत्याशी सुंदरराजन स्थानीय मुद्दों को भुनाने में जुटे रहे।

कोयंबटूर में कितना कमाल दिखा पाएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई

- तमिलनाडु के कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई मैदान में उतरे हैं। यहां उनका सामना डीएमके नेता गणपति पी. राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से है। इस सीट पर वामपंथी दलों का प्रभाव भी है। 2019 के चुनाव में माकपा के पीआर नटराजन जीते थे। लेकिन इस बार भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की सभाओं में आने वाली भीड़ उनके समर्थन का इशारा कर रही है। इसी तरह राज्य की शिवगंगा लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति इस पर 2014 में चुनाव हार गए थे। लेकिन 2019 में जीते थे।

कहीं इस बार भी मंझधार में ही न रह जाएं जीतन राम मांझी

- बिहार की गया सुरक्षित सीट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी चुनाव लड़ रहे हैं। मांझी पिछले दो चुनाव इस सीट से हार चुके हैं। इस बार उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए वोट मांग गए हैं। मांझी का सीधा मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से हैं। सर्वजीत बोध गया विधानसभा सीट से विधायक हैं। नीतीश-तेजस्वी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। जातीय आधार के मुताबिक इस सीट पर माझी की जाति महादलित के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर दुसाध यानी पासवान है, राजद के सर्वजीत इसी बिरादरी से आते हैं।

निशीत प्रमाणिक को कूच बिहार सीट जीतने से रोकने में जुटी टीएमसी

- कूच बिहार लोकसभा सीट पर भाजपा के निशीत प्रमाणिक का सीधा मुकाबला तृण मूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बसुनिया से है। पिछली बार प्रमाणिक इस सीट पर 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीतने में सफल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सीट पर सभाएं कर गई हैं। अंतिम समय तक दोनों प्रत्याशी राजबंशी समुदाय के मतदाताओं को लुभाने में लगे रहे, जिनकी इस सीट पर 40 फीसदी से अधिक आबादी है।

चेन्नई सेंट्रल में दयानिधि मारन के सामने जीत का अंतर बचाना चुनौती

- चेन्नई सेंट्रल सीट से डीएमके से उतरे दयानिधि मारन को भाजपा के विनोज पी सेल्वम के साथ डीएमडीके के प्रत्याशी पार्थसारथी की चुनौती से पार पाना पड़ रहा है। यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके दयानिधि मारन का इस लोकसभा क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है। 2019 में मारन यहां से करीब साढ़े चार लाख मतों से चुनाव जीते थे। हालांकि 2014 में एआईएडीएमके के एसआर विजयकुमार ने दयानिधि मारन को हरा दिया था। भाजपा ने इस बार 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रही पीएमके को राजग गठबंधन में जोड़कर मारन के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है।

मंडला में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते को मरकाम से मिल रही तगड़ी टक्कर

- मंडला में भाजपा ने छह बार के सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस के चार बार के विधायक ओमकार सिंह मरकाम से है। दोनों नेता 2014 के लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने आ चुके हैं, तब मरकाम को हार मिली थी। उधर, कुलस्ते इस सीट से केवल एक बार 2009 में हारे थे। कुलस्ते को हाल ही में विधानसभा चुनाव में मंडला लोकसभा की निवास सीट से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस काबिज है, तीन पर भाजपा जीती थी। इसके चलते लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कुलस्ते को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है।

डिब्रूगढ़ ले रहा केंद्रीय मंत्री सोनोवाल की कड़ी परीक्षा

- असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। भाजपा ने इस बार केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह सोनोवाल को यहां से मैदान में उतारा है। कांग्रेस से मनोज धनोवर उन्हें चुनौती दे रहे हैं। डिब्रूगढ़ सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक दोनों दलों का घमासान देखने को मिला। जानकर यहां मुकाबला नजदीकी मान रहे हैं।

जोराहट में गौरव गोगोई को जोर लगाने पर भी छूट रहा पसीना

- असम में कांग्रेस ने इस बार सीट बदलकर अपने नेता गौरव गोगोई को जोराहट सीट से मैदान में उतारा है। वह पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे हैं। इस सीट पर 2019 में भाजपा के तपन कुमार गोगोई जीते थे। वह इस बार भी यहां कमल खिलाने में लगे हैं। इसके चलते गौरव गोगोई को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। इस सीट पर अहोम समुदाय के मतदाता ज्यादा हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी इसी समुदाय से आते हैं।

एक अकेला छिंदवाड़ा क्या इस बार भी बनेगा कांग्रेस का सहारा

- मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा अकेली लोकसभा सीट जिस पर 2019 के चुनाव में कांग्रेस जीती थी। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा से भाजपा ने विवेक बंटी साहू को उतारा है, जो इस बार पार्टी नेताओं का जोरदार समर्थन मिलने से नकुल नाथ के सामने जमकर चुनौती पेश कर रहे हैं। इस सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। 1997 को छोड़कर कांग्रेस यहां से बराबर जीतती रही है। लेकिन इस बार कमलनाथ ऐसा फंसे हैं कि राज्य की अन्य सीटों पर प्रचार नहीं कर पा रहे हैं।

चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसा नगीना इस बार चुनेगा किस दल की अंगूठी

मतदान से पहले बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा क्षेत्र में चुनावी लड़ाई रोचक और दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि अपनी आजाद समाज पार्टी से मैदान में उतरे युवा दलित नेता चंद्रशेखर आजाद ने मुकाबला चतुष्कोणीय बना दिया है। यहां दलित और मुस्लिम वोटों पर घमासान मचा है, जो संख्या में लगभग बराबर हैं। भाजपा से इस सीट पर नहटौर के विधायक ओम कुमार को रालोद का भरपूर समर्थन मिलने के बाद भी चुनाव निकालने में पसीना छूट रहा है। इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र पाल भी जमकर ताल ठोंक रहे हैं। पिछली बार इस सीट पर बसपा जीती थी। लेकिन यहां के सांसद गिरीश चंद्र इस बार बसपा से ही बुलंदशहर से चुनाव लड़ रहे हैं।

रामपुर में मुकाबला सीधा या तिकोना इसी पर टिकी हैं जीत की उम्मीदें

रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता मो. आजम खान का दबदबा रहा है, लेकिन वह इस बार जेल में हैं, तो नवाब खानदान भी चुनाव से दूर है। हालांकि पूर्व सांसद बेगम नूर बानो कांग्रेस-सपा के उम्मीदवार के साथ हैं, तो उनके पौत्र हमजा मियां भाजपा में शामिल होने के बाद कमल खिलाने में लगे हैं। 2019 में आजम खान ने इस सीट पर भाजपा से उतरीं पूर्व अभिनेत्री जयाप्रदा को हराया था। 2002 में विधायक का चुनाव लड़ने के लिए सांसदी छोड़ दी थी। उप चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी विजयी रहे थे। भाजपा ने उन्हें ही दोबारा मैदान में उतारा है। सपा से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खान भाजपा को चुनौती दे रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के मशहूर वकील महबूब प्राचा भी मैदान में हैं। माना जा रहा है कि इस सीट पर ध्रुवीकरण होने की स्थिति में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने पर त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

कैराना में सपा की इकरा हसन ने मेहनत से भाजपा को दी चुनौती

कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी के सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन से इकरा हसन और बसपा से धर्म सिंह सैनी मुकाबले में हैं। यहां चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी तीनों दल जातीय समीकरण साधने में जुटे रहे। भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी गुर्जर हैं और इस सीट पर भाजपा के कोर वोट के साथ डेढ़ लाख से अधिक गुर्जर मतदाता का उन्हें समर्थन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पलायन की याद दिलाकर पार्टी वोटों को लामबंजद कर गए हैं। ऐसे में सपा और बसपा में मुस्लिम वोट पाने के लिए होड़ मची है। लेकिन सपा की युवा प्रत्याशी इकरा हसन ने जिस तरह गांव-गांव जाकर मेहनत की है, उसने माहौल उनके पक्ष में मोड़ा है। इकरा की मां पिछली बार इस सीट से चुनाव हार गई थीं। जानकारों के मुताबिक राजनीतिक परिवार से आने वाली इकरा भाजपा को चुनौती देने में सफल होती दिख रही हैं। उनके पास जहां मुस्लिम वोट बैंक हैं, वहीं वह दलित, जाट, कश्यप, गुर्जर वोट की जुगत में लगी हैं।

सहारनपुर में मसूद को भाजपा से सीधे मुकाबले में आने से रोक रही बसपा

सहारनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का मुकाबला कांग्रेस-सपा गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली से है। यहां प्रचार थमने से पहले प्रियंका गांधी ने रोड शो के जरिए कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। 2014 में यहां भाजपा जीती थी, लेकिन 2019 में राघव लखनपाल बसपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर तीसरे नंबर पर थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बसपा के दलित वोट बैंक में सेंध लगा दी है। चार दिन पहले ही बसपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस सीट पर मतदाताओं में जोश भर गए थे। गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद वोट के समीकरण साधकर सीधी लड़ाई में चुनाव जीतने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो भाजपा बसपा प्रत्याशी माजिद अली के मुस्लिम वोट बांटने से राहत की सांस ले रही है।

पीलीभीत में जनता ले रही भाजपा की रणनीति का कड़ा इम्तिहान

पीलीभीत लोकसभा सीट पर वरुण गांधी का टिकट काटने के बाद भाजपा ने पूरी ताकत लगाई है। यहां से भाजपा को जीत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो मुख्यमंत्री योगी तीन बार आए हैं। भाजपा प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी प्रचार में दिन-रात एक किए रखा। यहां करीब 17.40 लाख मतदाताओं में ओबीसी 34 प्रतिशत, दलित 17 प्रतिशत के साथ मुस्लिम करीब 24 प्रतिशत निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सपा के टिकट पर उतरे बरेली जिला में नवाबगंज सीट से पांच बार के विधायक भगवत शरण गंगवार प्रचार में वरुण गांधी के साथ स्थानीय मुद्दों को उठाकर भाजपा को घेरते रहे। उनके समर्थन में अखिलेश यादव सभा कर गए हैं। बसपा भी पीलीभीत के मुकाबले में पीछे नहीं कही जा सकती है। पार्टी सुप्रीमो प्रत्याशी अनीस अंसारी के समर्थन में जनसभा करने आयी थीं। जानकारों का मानना है कि भाजपा यहां हिंदुत्व और राम के मुद्दे को आगे करके जीत के लिए ध्रुवीकरण कराने की कोशिश में है।

मिलेगी जीत हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार माधवी लता ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने विक्ट्री निशान बनाकर समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

आज मतदान पहले चरण में जिन 12 सीटों पर मतदान, उनमें पांच पर भाजपा ने उतारे हैं नए चेहरे, हाई प्रोफाइल सीटों बीकानेर व अलवर में दो केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

राजस्थान में प्रत्याशी बदलने वाली सीटों पर मुकाबले में फंसी भाजपा

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। राजस्थान में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की तरफ देख रही है। राज्य में लोकसभा चुनाव -2024 के पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर शहर और ग्रामीण, दौसा तथा नागौर में शुक्रवार को मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इन एक दर्जन में पांच लोकसभा सीटों भरतपुर, दौसा, जयपुर शहर, नागौर और चूरू पर सबकी नजर हैं, इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर भाजपा ने मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इन सभी सीटों पर मुकाबले का जोर लगा रखा है।

भरतपुर सीट प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र है। यहां जाट आरक्षण का मुद्दा गर्म है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और कांग्रेस से संजना जाटव में मुकाबला है। यहां करीब पांच लाख जाट मतदाता हैं।

दौसा में कांग्रेस ने विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा है। वह यहां से सांसद रहे सचिन पायलट के करीबी हैं। भाजपा से पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद भी यहां भाजपा को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा विधायक रहे भजन लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा यहां भाजपा से प्रत्याशी हैं। उनके सामने कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खच्चरिया वास हैं।

नागौर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल कांग्रेस-आरएलपी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। पिछली बार एनडीए से गठबंधन में वह जीते थे। उनका मुकाबला पिछली बार कांग्रेस से प्रत्याशी रहीं भाजपा की ज्योति मिर्धा से है। ज्योति दिग्गज कांग्रेस नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। वह हाल ही में भाजपा में शामिल हुई थीं। यह सीट भी सीधे मुकाबले में फंसी है। चुरु सीट भाजपा का गढ़ है। लेकिन भाजपा ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काट दिया था। अब वे कांग्रेस से मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया से है। मोदी यहां सभा कर गए हैं। भाजपा प्रतिष्ठा लगाए है, लेकिन कस्वां की चुनौती कम नहीं है। मुकाबला रोचक हो गया है।

2024 में भी सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप हैट्रिक की तरफ देख रही है भाजपा

अर्जुनराम मेघवाल की स्थिति मजबूत, पर भूपेंद्र यादव को मिल रही कांग्रेस विधायक से चुनौती

- बीकानेर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा के दिग्गज और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल फिर से मैदान में हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस से पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल प्रत्याशी हैं। अर्जुनराम मेघवाल यहां से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में यहां से फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सांसद चुने गए थे। अर्जुनराम की इस सीट पर स्थिति मजबूत मानी जा रही है।
- इसी तरह अलवर लोकसभा सीट पर भाजपा के एक और दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मैदान में है। कांग्रेस से युवा विधायक ललित यादव सामने हैं। 2019 में यहां से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालक नाथ ने चुनाव जीता था। यादव बहुल सीट है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के उम्मीदवार यादव हैं। मुकाबला दिलचस्प है। भूपेंद्र यादव मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए समर्थन जुटा गए हैं, लेकिन ललित यादव वोटों में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1105, डीएमओ-885, बोल्ड-1175

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	85600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56200-56400

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	75,600
चांदी आभूषण	84,000

हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी बड़ी चांदी का उत्पादक

मुंबई। खनन और खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र के विशाल औद्योगिक घराने वेदांता समूह की जस्ता-सीसा-चांदी का उत्पादन करने वाली कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को चांदी का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कंपनी और इसकी सिंदेसर खुर्द खदान को चांदी की सबसे बड़ी खान घोषित किया गया है। वेदांता ने कहा, चांदी बाजार का अध्ययन करने वाले अमेरिका के द सिल्वर इंस्टीट्यूट, द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2024 में हिंदुस्तान जिंक विश्व स्तर पर तीसरी चांदी उत्पादक है। हिंदुस्तान जिंक की राजस्थान स्थित सिंदेसर खुर्द खदान दूसरी बड़ी चांदी खदान है।

इंस्टामार्ट को ऑनलाइन खुदरा मंच से जोड़ेगी स्विगी

नई दिल्ली। होटलों से खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाले स्विगी ने कहा कि वह स्विगी मॉल को सामान की आपूर्ति करने वाले इंस्टामार्ट से जोड़ेगा। ग्राहकों को किराने के अलावा व्यापक विकल्प देने के लिए यह पहल की गयी है। स्विगी मॉल बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में ही है।

मुथूट फाइनेंस ने दो अरब डॉलर की ईसीबी को दी मंजूरी

नई दिल्ली। स्वर्ण आभूषणों पर कर्ज देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के निदेशक मंडल ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिए दो अरब डॉलर जुटाने को मंजूरी दी है। मुथूट फाइनेंस ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह सूचना दी।

कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की वित्त समिति की बैठक में मौजूदा ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम को बढ़ाकर दो अरब डॉलर मूल्य तक ले जाने की मंजूरी दी गई। कंपनी ने जीएमटीएन के संबंध में पेशकश परिपत्र और कार्यक्रम समझौते और निष्पादित किए जाने वाले अन्य लेनदेन दस्तावेजों को भी मंजूरी दे दी है। जीएमटीएन कार्यक्रम के तहत जारी प्रस्तावित नोट को एनएसई आईएफएससी लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

चौथे दिन भी गिरावट जारी, सेंसेक्स 455 अंक टूटा

नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और विदेशी निवेशकों के पलायन ने बढ़ाई चिंता

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार पलायन की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के ऊपरी और निचले स्तर के बीच 1,107.38 अंक का भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स अपराह्न 1.31 बजे 73,135.5 अंक पर था लेकिन दो मिनट के बाद ही यह 72,817.03 पर आ गया, जो 318.47 अंक की तगड़ी गिरावट को दर्शाता है। एनएसई का निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 22,326.50 के ऊपरी और 21,961.70 के निचले स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद घटने से प्रभावित कारोबारी धारणा ने घरेलू सूचकांकों को दबाव में ला दिया। निवेशक आगे की दिशा के लिए चौथी तिमाही के नतीजों पर करीबी निगाह रखेंगे।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

निवेशकों को 9.30 लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली। बाजार में तेज गिरावट से चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। नीतिगत दर में हाल-फिलहाल कटौती की उम्मीद कम होने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन चार दिनों में 9,30,304.76 करोड़ रुपये घटकर 3,92,89,048.31 करोड़ रुपये (4.70 लाख करोड़ डॉलर) रह गया है। बीएसई सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है।

साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा कि हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है।

शिशु आहार उत्पादों में पांच साल में चीनी 30% कम की

नई दिल्ली, एजेंसी

नेस्ले इंडिया ने दावा किया है कि उसने पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्कैफे, सेरेलैक और मैगी जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने उन खबरों के बीच स्पष्टीकरण दिया, जिसमें दावा किया था कि वह कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

स्विस एनजीओ पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी में कमी करना नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में हमने उत्पाद के आधार पर चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है। हम नियमित रूप से अपने उत्पादों की समीक्षा करते रहते हैं और पोषण, गुणवत्ता, सुरक्षा तथा स्वाद से समझौता किए बिना चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करते रहते हैं।

एचडीएफसी लाइफ का चौथी तिमाही का लाभ 15% बढ़कर 412 करोड़

नई दिल्ली। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी। बीमा कंपनी की कुल प्रीमियम आय मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 20,488 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की चौथी तिमाही में 19,427 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर दो रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 15 प्रतिशत बढ़कर 1,569 करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 में 1,360 करोड़ रुपये था।

औद्योगिक अल्कोहल की नियमन शक्ति पर संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई**

उच्चतम न्यायालय ने औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन के संबंध में केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। औद्योगिक अल्कोहल मानवीय खपत के लिए नहीं है। इस अल्कोहल का इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों के लिए ही किया जाता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विभिन्न राज्यों की तरफ से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची की आठवीं प्रविष्टि राज्यों को 'नशीली शराब' के उत्पादन, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने की शक्ति देती है। वहीं संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में उन उद्योगों का उल्लेख है जिनका नियंत्रण "संसद के कानून द्वारा सार्वजनिक हित में सामयिक घोषित किया गया है।" संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, समवर्ती सूची में उल्लेखित विषयों पर संसद और राज्यों के विधानमंडल दोनों ही कानून बना सकते हैं लेकिन उसी विषय पर अगर कोई केंद्रीय कानून आता है तो उसे राज्यों के कानून पर प्रधानता मिलेगी।

एक नजर

बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: विधायक को कागजात दाखिल करने को मिली मोहलत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को अपनी जमानत याचिका के पक्ष में अतिरिक्त कागजात पेश करने के लिए गुरुवार को कुछ मोहलत दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने भट्टाचार्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की दलीलों पर विचार किया कि वह कुछ कागजात रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करना चाहते हैं। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ वकील ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इसे दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें।

सोशल मीडिया उपयोगकर्ता का दावा इंडिगो में परोसे उपमा में सोडियम अधिक

नई दिल्ली। सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने दावा किया है कि इंडिगो एयरलाइन के विमान में यात्रियों को परोसे गए उपमा और पोहा में सोडियम की मात्रा मैगी से भी अधिक होती है। एयरलाइन ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि उसके डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों में नमक की मात्रा मानदंडों में ही है। रेवंत हिमतसिंगका फूड फार्मर ने सोशल मीडिया पर कहा है कि इंडिगो की उड़ान में परोसे गए खाने से संबंधित चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, हम में से ज्यादातर लोगों को पता है कि मैगी में सोडियम बहुत होता है। लेकिन हम लोग यह नहीं जानते हैं कि इंडिगो के 'मैजिक उपमा' में मैगी से 50 प्रतिशत और पोहा से 83 प्रतिशत अधिक सोडियम है। इसके दाल-चावल में भी मैगी के बराबर सोडियम है।

प्रवासी मजदूर की हत्या के बाद आतंकवादी रोधी अभियान तेज करने के निर्देश

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश में प्रवासी मजदूर की हत्या के एक दिन बाद कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने घाटी में शेष आतंकी खतरों को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। बिरदी ने बुधवार की घटना के मद्देनजर सुरक्षा की समीक्षा के लिए यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष में बैठक की। बिहार के बांका जिले के रहने वाले राजा शाह की अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के जबलीपोरा में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

शशिकला के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला को हाईकोर्ट ने किया खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए।

राष्ट्रीय

ईडी ने केजरीवाल के भोजन पर झूठ बोला जान लेने का रच रहे षडयंत्र : आतिशी

ईडी का दावा- मेडिकल आधार पर ज़मानत के लिए उच्च शर्करा वाले पदार्थ खा रहे सीएम

नई दिल्ली, एजेंसी

- **विशेष न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को मामले में रिपोर्ट दायर करने का दिया निर्देश**

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोककर उनकी जान लेने का 'षडयंत्र' रचा जा रहा है। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने कोर्ट में दावा किया है कि आप प्रमुख 'टाइप 2' मधुमेह से पीड़ित होने के बावजूद आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि मेडिकल आधार पर ज़मानत मिल सके।

सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह कहा। न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को मामले में रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया जिसमें केजरीवाल का भोजन का चार्ट भी शामिल हो। इसके कुछ घंटे बाद आतिशी ने आरोप लगाया।

संवाददाता सम्मेलन में आतिशी ने ईडी पर मुख्यमंत्री के भोजन के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य को बिगाड़ने के लिए ईडी के जरिए कोशिश कर रही है। वे केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने अदालत में झूठ बोला और कहा कि केजरीवाल मीठी चाय पी रहे हैं और मिठाई खा रहे हैं। यह झूठ है। केजरीवाल वैकल्पिक शर्करा से बनी चीज़े ले रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल केले खा रहे हैं। कोई डॉक्टर आपको बताएगा कि मधुमेह के रोगियों को केला या चॉकलेट रखने के लिए कहा जाता है क्योंकि रक्त में शर्करा के स्तर में गिरावट खतरनाक हो सकती है। ईडी कह रही है कि वह आलू पूड़ी खा रहे हैं। ईडी को इतना झूठ बोलने के लिए थोड़ा तो डरना चाहिए। केजरीवाल ने सिर्फ नवरात्र के पहले दिन पूड़ी खाई थी।

केजरीवाल को असाधारण अंतरिम जमानत का किया अनुरोध

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को असाधारण अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि जेल में केजरीवाल की सुरक्षा खतरे में है क्योंकि वह दुर्दांत अपराधियों के साथ कैद हैं। केजरीवाल धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में हैं। मुख्यमंत्री की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए, सभी मुद्दों पर निर्णय लेने और बड़े पैमाने पर जनता की भलाई में आदेश पारित करने के लिए केजरीवाल के उनके कार्यालय और घर में मौजूद होना आवश्यक है। याचिका कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ के समक्ष 22 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री को विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर कई आदेश और निर्देश पारित करने की आवश्यकता होती है, जो जेल या न्यायिक हिरासत से संभव नहीं है।

विधायक अमानतुल्ला से ईडी ने की 13 घंटे पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी

आप विधायक अमानतुल्ला खान से प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को को 13 घंटे पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि यह पूछताछ खान की अध्यक्षता में दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में की गई। वह पूर्वाह्न 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे और आधी रात के बाद निकले।

सूत्रों ने बताया कि उन्हें 13 घंटे की पूछताछ के बाद घर जाने दिया गया है और अगले सप्ताह फिर पेश होने को कहा गया है। ईडी कार्यालय में प्रवेश से पहले उन्होंने पत्रकारों के सामने दावा किया कि जब वह वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे तो उन्होंने नियमों का पालन किया और कानूनी राय लेने के बाद और 2013 में आए अधिनियम (बोर्ड के लिए) के अनुसार कार्य किया। आप सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य नेताओं ने खान के ओखला स्थित आवास जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की। इससे पहले आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि उन्हें खान की गिरफ्तारी की खबर मिल रही है। खान के खिलाफ फर्जी मामला है। हमें खबर मिल रही है कि आप विधायक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आप नेता जसमीन शाह ने दावा किया कि खान को फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया।

वक्फ बोर्ड मामला

कोर्ट ने बोइनपल्ली की जमानत अवधि बढ़ाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली को दी अंतरिम जमानत की अवधि गुरुवार को बढ़ाकर आठ मई कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने हैदराबाद के कारोबारी बोइनपल्ली की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुरोध पर राहत बढ़ा दी।

शंभू रेलवे स्टेशन पर धरना जारी, 53 ट्रेन और हुई रद

अंबाला, एजेंसी

- **आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की कर रहे हैं मांग**

हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर किसान पंजाब-हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेलवे लाइन पर बैठे रहे।

अंबाला रेलवे डिवीजन के रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 53 ट्रेन और रद कर दी गईं है, 12 ट्रेनों का संचालन गंतव्य से पहले ही खत्म की गई और 23 का मार्ग बदल दिया गया। प्रदर्शनकारी नवदीप सिंह सहित तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया था। किसानों ने कहा है कि जब तक उनके साथी प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया जाता तब तक वे प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि उनका विरोध प्रदर्शन अब भी जारी है। अंबाला रेलवे मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक नवीन कुमार ने कहा कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के प्रदर्शन से कई ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है। नयी दिल्ली-अमृतसर, ऋषिकेश-श्री गंगानगर, लुधियाना-अंबाला कैंट समेत कई ट्रेन रद कर दी गईं। तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी किसान बुधवार को अंबाला-लुधियाना रेलवे लाइन पर बैठ गए।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने को लेकर किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

ईडी ने जमीन घोटाले में किए 1.25 करोड़ बरामद

रांची। झारखंड के रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा व बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अब तक 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं 51 छापेमारी व नौ सर्वे में ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है।

ईवीएम में अतिरिक्त वोट दर्शाने की खबर गलत

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान ईवीएम में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल वीवीपीएटी से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया था।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे।

चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कुल 96 सीट पर मतदान होगा।

बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- **6 महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न के मामले में आरोप तय करने को 26 अप्रैल को फैसला सुना सकती है कोर्ट**

दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है।

अदालत को आज इस मामले में आदेश पारित करना था। सिंह ने याचिका में आरोपों पर जवाब देने के लिए वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उस दिन उसका डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में यौन उत्पीड़न किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई गए थे जहां लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
रोहित शर्मा (मुंबई)	07	297

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

खेल डायरी

अमेरिकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने स्टुअर्ट लॉ

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अमेरिकी पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लॉ अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेल चुके लॉ ने कहा, ''इस समय अमेरिकी क्रिकेट से जुड़ना एक रोमांचक अवसर है। उन्होंने कहा, ''पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम को तैयार करना होगा।''

मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से हुए बाहर

नयी दिल्ली। चोट लगने के बाद घुटने की हुई सर्जरी के कारण एथलीट मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर हो गये हैं। श्रीशंकर को मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। श्रीशंकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, "मेरे पूरे जीवन में, मुझमें असफलता को आंखों से देखने, उन स्थितियों को स्वीकार करने का साहस है जिन्हें मैं बदल नहीं सकता और जिन स्थितियों को मैं बदल सकता हूं, उनके परिणामों को निर्धारित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुर्भाग्य से, जो एक भयानक सपने जैसा लगता है, लेकिन यह एक वास्तविकता है।"

आकांक्षा एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के क्वार्टर में

नयी दिल्ली। भारतीय महिला स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने गुरुवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के शुरुआती दौर में मलेशिया की थानुसा उथ्रियन को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय ने पहले दौर में उथ्रियन को 11-7, 8-11, 11-3, 7-11, 11-5 से शिकस्त दी। दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा 2023 राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन और मैदान में अकेली भारतीय है। वह शुक्रवार को 16-खिलाड़ियों के ड्रा के क्वार्टर फाइनल में एक अन्य मलेशियाई सहवीत्रा कुमार से भिड़ेंगी।

तीन भारतीयों ने सऊदी ओपन में कट हासिल किया

रियाद। शिव कपूर, अजितेश संधू और गगनजीत भुल्लर ने यहां 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल कर लिया है। कपूर ने शुरुआती दो दौर में 72 और 69 जबकि संधू ने 76 और 65 से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। दोनों संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर चल रहे हैं। भुल्लर (70-72) ने कुल पार 142 के स्कोर से कट हासिल किया। वीर अहलावत (74-70), सपतक तलवार (76-68), कार्तिक शर्मा (75-70), एस चिकारंगप्पा (73-73), एसएसपी चौरसिया (77-73) और युवराज सिंह संधू (73-79) कट हासिल करने में नाकाम रहे। हनी बैसोया भी पहले दौर के बाद हट गए।

जापान के केंटो मोमोता ने संन्यास लेने की घोषणा की

टोक्यो। जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोता ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा की। जापान की समाचार एजेंसी समाचार एजेंसी के हवाले से मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे लग रहा कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर एक बनने का लक्ष्य पा सकूं।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने स्वयं ही सवाल किया, मैं ही क्यों।

शॉट लगाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रोहित शर्मा। • एजेंसी

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह। • एजेंसी

रोमांचक मुकाबले में मुंबई की नौ रन से जीत

मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक, पंजाब किंग्स के आशुतोष की 61 रनों की पारी नहीं आई काम

सूर्यकुमार यादव

मुल्लांपुर, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव (78) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी और उसके बाद जसप्रीत बुमराह और गेराल्ड कोएत्जी की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मैच में पंजाब किंग्स को नौ रन से हरा दिया है।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 14 रन पर अपने चार विकेट गवां दिये। कप्तान सैम करन (6), प्रभसिमरन सिंह (शून्य), राइली रुसो (एक), लियम लिविंगस्टन (एक) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह ने पारी को संभालने का प्रयास किया। हरप्रीत सिंह (13) और जितेश शर्मा (9) रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुये 41 रन बनाये। आशुतोष शर्मा ने 28 गेंदों में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। हरप्रीत बराड़ 21 बनाकर आउट हुये। कगिसो रबाडा आठ रन बनाकर आउट हुये। हर्षल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर सिमट गई। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं हार है। मुम्बई इंडियंस की ओर से गेराल्ड कोएत्जी ने 32 रन देकर और जसप्रीत बुमराह 21 रन देकर ने तीन-तीन विकेट लिये। आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले सूर्यकुमार यादव (78), रोहित शर्मा (36) और तलिक वर्मा के नाबाद (34) रनों की शानदार पारी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इशान किशन (8) को रबाड़ा ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट लिये 81 रन जोड़े।

12वें ओवर में एस करन ने रोहित शर्मा को आउट कर दिया। रोहित ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। वहीं सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। उन्हें एस करन ने प्रभसिमरन के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) और टिम डेविड (14), रोमारियो शेफर्ड (एक) रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। पंजाब ने निर्धारित सात विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। सैम करन ने दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
दिल्ली	7	3	4	6	-0.074
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

मुंबई 192/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ईशान का बराड़ बो रबाडा	08	08	1/0
रोहित का बराड़ बो करेन	36	25	2/3
सूर्यकुमार का प्रभसिमरन बो करेन	78	53	7/3
तिलक वर्मा नाबाद	34	18	2/2
हार्दिक का बराड़ बो हर्षल	10	06	0/1
डेविड का करेन बो हर्षल	14	07	2/1
रोमारियो का शशांक बो हर्षल	01	02	0/0
मोहम्मद नबी रन आउट (हर्षल)	00	01	0/0

गेंदबाजी : लिविंगस्टोन 2-0-16-0, अर्शदीप 3-0-35-0, रबाडा 4-0-42-1, हर्षल 4-0-31-3, करेन 4-0-41-2, बराड़ 3-0-21-0

पंजाब 183/10 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 21

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
सैम करेन का किशन बो बुमराह	06	07	1/0
प्रभसिमरन का किशन बो कोएत्जी	00	01	0/0
राइली रुसो बो बुमराह	01	03	0/0
लिविंगस्टोन का एवं बो कोएत्जी	01	02	0/0
हरप्रीत का एवं बो गोपाल	13	15	2/0
शशांक का तिलक बो बुमराह	41	25	2/3
जितेश पगबाधा मधवाल	09	09	1/0
आशुतोष का नबी बो कोएत्जी	61	28	2/7
हरप्रीत का नबी बो हार्दिक	21	20	2/1
हर्षल पटेल नाबाद	01	04	0/0
रबाडा रन आउट (नबी/ किशन)	08	03	0/1

गेंदबाजी : कोएत्जी 4-0-32-3, बुमराह 4-0-21-3, मधवाल 3.1-0-46-1, हार्दिक 4-0-33-1, गोपाल 2-0-26-1, शेफर्ड 2-0-20-0

कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया

जयपुर, एजेंसी

- नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 हस्तियों के मोम के पुतले

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर वैक्स म्यूजियम (मोम संग्रहालय) में क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक साल से पर्यटकों, खासकर बच्चों और युवाओं की ओर से कोहली की प्रतिमा बनाने की भारी मांग आ रही थी। उन्होंने कहा, ''उनकी राय थी कि कोहली की प्रतिमा संग्रहालय में होनी चाहिए। मोम की प्रतिमा का अनावरण आज विश्व धरोहर दिवस पर किया गया।''

नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 मोम के पुतले हैं, जिनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिमा भी शामिल हैं। कोहली की इस प्रतिमा का वजन लगभग 35 किलो है। इसे करीब दो महीने में तैयार किया गया है। संग्रहालय में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, एपीजे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कल्पना चावला, अमिताभ बच्चन और मदर टेरेसा की प्रतिमा भी हैं।

चेन्नई सपुर किंग्स ने कॉन्वे की जगह ग्लीसन को किया टीम में शामिल

लखनऊ, एजेंसी

- अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इस सत्र से हुए बाहर

अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

कॉन्वे ने आईपीएल 2023 में सीएसके को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होंने 15 पारियों में 51.69 की औसत और 140 से कम की स्ट्राइक रेट से 672 रन बनाए थे। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी नवाजा गया था। ग्लीसन के शामिल होने से सीएसके को मुस्तफिजुर रहमान की अनुपस्थिति से पैदा हुए गैप को भरने में मदद मिल सकती है। बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में दस स्ट्राइक के साथ सीएसके के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बीसीबी ने उन्हें एक मई तक आईपीएल खेलने के लिए एनओसी दे दी है। ग्लीसन ने पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है, लेकिन हंड्रेड (मैनचेस्टर ओरिजिनल्स), बीपीएल (रंगपुर राइडर्स), बीबीएल (मेलबोर्न रेनेगेड्स), एसए20 (डरबन सुपर जायंट्स) और आईएलटी20 (गल्फ जायंट्स) में वह खेल चुके हैं। उन्होंने अब तक 90 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 8.18 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान कॉन्वे के अंगूठे में चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि आईपीएल के दूसरे भाग में कीवी बल्लेबाज मई तक उनके साथ दोबारा जुड़ जाएंगे।

महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कश्मीरी विलो बल्ले का जलवा

श्रीनगर। महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कश्मीर में निर्मित 'विलो क्रिकेट बल्ला' अपने पिंग, संतुलन और स्ट्रोक को लेकर अपना जलवा बिखेर रहा है। कश्मीर की 'विलो क्रिकेट बैट' की निर्माता कंपनी जीआर8 स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए बल्ले का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज महिला टीम और अन्य कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्ले का पिंग, बैलेंस और स्ट्रोक अन्य बल्लो की तुलना में बेजोड़ और बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि यह वर्षों के प्रयास का नतीजा है।

एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की चुनौती

लखनऊ, एजेंसी

- आज शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच का प्रसारण

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। मुस्ताफिजुर रहमान के पास तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं । लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है।

अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''चलि अइहा घरवा'' रिलीज हो गया है। फिल्म ''अक्षरा'' के हृदय स्पर्शी गाना ''चलि अइहा घरवा'' में, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा की पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में हे। उनके बीच बहुत ही मार्मिक और भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है। वीडियो में भारतीय संस्कारी बहु के रूप अक्षरा सिंह और फौजी पति के किरदार में अंशुमान मिश्रा हैं। इस गाने प्रियंका सिंह, विकास सोनकर ने गाया है। इसके गीतकार शानदार जी और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह अपने फौजी पति को वापस ड्यूटी पर जाते समय निहार रही हैं और मन मे बिरह व्यक्त कर रही हैं, गाने ये बोल बहुत मार्मिक हैं। गौरतलब है कि वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। पीआरओ ब्रजेश मेहर और रामचंद्र यादव हैं। इस फ़िल्म में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा, अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडेय, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट प्रमुख भूमिका में हैं।

आज जो हूं पिता के बलिदानों की वजह से हूं : हुमा कुरैशी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है वह आज जिस मुकाम पर हैं, वह अपने पिता के बलिदान की वजह से है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जिसमें दर्शकों को कविता और कॉमेडी का परफेक्ट मिश्रण पेश किया जाएगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ, कॉमेडी के माहिर गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे। कॉमेडियन्स अपने परफॉर्मेंस से न केवल मैडनेस की मालकिन, हुमा कुरेशी और मेहमानों का दिल जीतेंगे, बल्कि प्रसिद्ध कवि शैलेश लोढ़ा भी एक पिता और बेटी के उल्लेखनीय स्नेह को दर्शाने वाली हार्दिक कविताएं पढ़ेंगे। हुमा कुरैशी ने अपने पिता सलीम कुरेशी के बारे में बताया, जब आप (शैलेश लोढ़ा) पिता-बेटी के रिश्ते के बारे में यह भावपूर्ण कविता सुना रहे थे, तो मुझे वाकई अपने पिता की याद आ गई। मुझे याद है कि वह हर अवसर या त्योहार पर काम करते थे, चूंकि वह रेस्तरां बिज़नेस में थे और हॉलीडे के दौरान व्यस्त रहा करते थे। बचपन में, मैं उनसे बहस करती थी कि वह हमारे साथ समय नहीं बिताते है। लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने हमारे साथ जो समय नहीं बिताया, वह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि मैं आज जो कुछ भी हूं वह उनके और उनके बलिदानों के कारण हूं।

अजय देवगन की फिल्म मैदान ने पहले सप्ताह में 28 करोड़ की कमाई की

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है।फिल्म 'मैदान' को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग की भी काफी तारीफ की जा रही है. बावजूद इसके 'मैदान' सिनेमाघरों में कमाई के मामले में पिछड़ गई है। फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

संयुक्त राष्ट्र में सुधार के पक्ष में है अमेरिका : वेदांत

वाशिंगटन, एजेंसी

- मस्क की भारत को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की टिप्पणी पर बोले बाइडन प्रशासन के अधिकारी

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित इस वैश्विक निकाय में बहुप्रतीक्षित जरूरी सुधार का समर्थन करता है, ताकि 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके।

उनकी यह टिप्पणी भारत को इस वैश्विक निकाय के शक्तिशाली अंग के स्थायी सदस्य बनाए जाने की बढ़ती मांग के बीच आई है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क के बयान के बारे में सवाल किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई मतलब नहीं है। पटेल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान इस बारे में (सुधारों की आवश्यकता) बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके, जिसमें हम रहते हैं। मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है कि वे कदम क्या हैं, निश्चित रूप से, हम मानते हैं कि सुधार की जरूरत है।

भारत-अमेरिका में लड़ाकू विमान पर समझौता : ऑस्टिन

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने विगत बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते की शर्तों के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के एफ414 इंजन का भारत में सह-निर्माण किया जाएगा और इससे तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके2 को और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा।

भविष्य में तीनों सैन्य क्षेत्रों पर प्रभाव डालेगा अंतरिक्ष: सीडीएस

- अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। गुरुवार को दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में जनरल चौहान ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत और सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के युद्ध में अंतरिक्ष की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा कि हम अभी कहां हैं और हमें कहां जाना है। सीडीएस ने कहा कि अंतरिक्ष को निर्णायक मोर्चा कहा जाता है। अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। अन्य सभी सीमाओं की तरह, इसकी सीमा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए मानव जाति को अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने भारत के गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बात की। जनरल चौहान ने कहा अंतरिक्ष को युद्ध के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि यह पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है। मेरा विश्वास इस विशेष क्षेत्र में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर आधारित है। जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी युद्ध में प्रारंभिक स्पर्धा आम तौर पर एक नए क्षेत्र में होती है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्र पुराने क्षेत्र की लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है।

जनरल चौहान ने कहा कि शुरुआत में नौसैन्य शक्ति जमीनी लड़ाई को प्रभावित करने में सक्षम थी। बाद में, वायु शक्ति ने थल और जल में युद्ध को प्रभावित किया। यह मेरा विश्वास है कि अब, अंतरिक्ष वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। अंतरिक्ष को सबके लिए खुला बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती। सीडीएस ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। जनरल चौहान ने कहा कि मित्र राष्ट्रों को अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने के लिए पड़ोसी होना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरियां और भू-राजनीतिक अलगाव रक्षा अंतरिक्ष सहयोग में फायदेमंद हो सकते हैं।

नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इंडियन डिफेंस स्पेस संगोष्ठी 2024 के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते आईएसपीए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट।

एक नजर

विनाशकारी : इंडोनेशिया के टैगुलानडांग द्वीप में विस्फोट के दौरान माउंट रुआंग ज्वालामुखी देखा गया। राख फैलने, चट्टानों के गिरने, गर्म ज्वालामुखीय बादलों के खतरों के कारण इंडोनेशियाई अधिकारियों ने एक हवाई अड्डे को बंद कर दिया और विस्फोटित ज्वालामुखी के पास निवासियों ने घर छोड़ दिए।

दिल्ली में कम कपड़े पहनकर महिला बस में चढ़ी, यात्रियों ने बुलाई पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को कम कपड़े पहने एक महिला भीड़भाड़ वाली एक क्लस्टर बस में सवार हुई जिसके बाद चालक-परिचालक को पुलिस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, केवल अंतर्वस्त्र पहने महिला पंजाबी बाग बस स्टॉप से बस में चढ़ी थी। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महिला बस में ऐसी हालत में चढ़ी, जिस पर चालक दल और यात्रियों को आपत्ति थी। किसी यात्री ने पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन किया और 10 मिनट के बाद महिला बस से उतर गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

केरल: अलाप्पुझा में सामने आए बर्ड फ्लू के मामले, बत्तखों में बीमारी के लक्षण

अलाप्पुझा (केरल)। केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप प्रभावित क्षेत्र के एक किमी. के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से निपटने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

कर्नाटक में बीसीए छात्र ने सहपाठी की चाकू मारकर की हत्या

हुबली। कर्नाटक को झकझोर देने वाली एक चौंकाने वाली घटना में हुबली में बीसीए के एक छात्र ने दिनदहाड़े अपने सहपाठी छात्रा की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी। जिसका वीडियो वायरल हो गया। यह घटना कॉलेज परिसर के अंदर की है और आरोपी की पहचान बेलगावी के सौंदत्ती निवासी फयाज के रूप में हुई। फयाज ने सहपाठी नेहा हिरेमठ को प्रपोज किया, इनकार करने पर फयाज ने नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिससे नेहा की तुरंत मौत हो गई। हमले के बाद फयाज को साथी छात्रों और कॉलेज स्टाफ सदस्यों ने पकड़ लिया।

पाकिस्तान में हुआ आतंकी हमला 4 सरकारी अधिकारियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में गुरुवार को हुए एक आतंकवादी हमले में पाकिस्तान सीमा शुल्क के चार अधिकारियों की मौत हो गई जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए। डेरा इस्माइल खान पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शिन्हुआ से कहा कि जिले के सग्गू इलाके में नियमित गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने पाकिस्तान सीमा शुल्क के एक तस्करी विरोधी दस्ते के वाहन पर गोलीबारी की।

इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला

22 से 30 तक मनाया जाता है यहूदी अवकाश फसह, फिर होगी कार्रवाई

यरुशलेम, एजेंसी

यहूदी अवकाश फसह तक इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमला शुरू करने की आशंका नहीं है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज ब्रॉडकास्टर को बताया है कि यहूदी अवकाश फसह 22-30 अप्रैल तक मनाया जाता है।

अधिकारी ने इस बात से इंकार नहीं किया कि योजनाएं हमेशा बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और अन्य नेतृत्व अभी भी उच्च चेतावनी की स्थिति में हैं, उनमें से कुछ अभी भी सुरक्षित घरों और भूमिगत सुविधाओं में हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि विगत शनिवार रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए।

दरअसल, अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले का जवाब था। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल ने ईरान पर जरा सा भी पलटवार किया तो उसे और तेज कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते इजराइल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत गिलाद एर्दान (ऊपर बाईं ओर)। ● एजेंसी

परमाणु स्थलों पर हमला करेगा इजराइल तो छोड़ेंगे नहीं : ईरान

तेहरान। ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर ने गुरुवार को धमकी दी कि अगर इजरायल ने ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला किया तो वह उसकी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाएगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने कहा कि ईरानी परमाणु स्थलों की सुरक्षा करने वाले इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) इकाई के कमांडर अहमद हकतलब की यह टिप्पणी तब आई है जब इजरायल ने पिछले सप्ताह बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में ईरानी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने का संकेत दिया था।

अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व हमले से पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति बनने की आशंका बढ़ने के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ईरान पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका में वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने इस कार्रवाई में ईरान में 16 लोगों और दो संस्थानों को लक्षित किया है, जो 13 अप्रैल को इजराइल पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन को चलाने वाले इंजन के उत्पादन से जुड़े हैं। वहीं, ब्रिटेन ईरान के ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल उद्योगों से जुड़े कई ईरानी सैन्य संस्थानों, व्यक्तियों और निकायों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी वित्त मंत्री जैनेट येलेन ने कहा कि हम आने वाले दिनों और सप्ताहों में ईरान की कार्रवाइयों के जवाब में अपनी पाबंदियां लागू करते रहेंगे। अमेरिका के अधिकारियों ने इस सप्ताह चेतावनी दी थी कि वे क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों के जवाब में और भविष्य में हमलों को रोकने के लिए नई पाबंदियों पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ऐसे विधेयक पर जोर दे रहे हैं जो ईरान और उसके नेताओं पर आर्थिक दंड लगाता हो। गत रविवार तड़के इजराइल पर ईरान का हमला इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हमले के जवाब में किया गया। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने भी बुधवार को संकल्प व्यक्त किया कि वे ईरान पर प्रतिबंध बढ़ाएंगे।

तीनों सेनाओं की महिलाओं ने पूरी की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए 27 दिनों में पूरा किया प्रशिक्षण

तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के एक दल ने अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन समुद्री यात्रा पूरी कर ली है। इसके चालक दल में सभी महिलाएं हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों वाले चालक दल ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए यह समुद्री यात्रा की।

उन्होंने बताया कि इन महिला कर्मियों ने आर्मी एडवेंचर विंग और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के आर्मी एक्वा नोडल सेंटर के बैनर तले यह यात्रा शुरू की। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक जलयात्रा के मद्देनजर यह मिशन 27 दिन में पूरा हुआ और इसमें कठिन समुद्री परिस्थितियों में उनके धैर्य और कौशल का परीक्षण किया। मुंबई से लक्षद्वीप तक यह प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया। महिला नाविकों ने पहले ही 6,000 समुद्री मील का प्रशिक्षण हासिल कर लिया है। चालक दल अपने आप को अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए तैयार कर रहा है जो भारत के इतिहास में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर साबित होगा।

एमएससी एरीज पर सवार भारतीय महिला कैडेट की वापसी

नई दिल्ली। ईरान की सेना द्वारा इस सप्ताहांत में बंधक बनाए गए मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में शामिल महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ गुरुवार को कोचीन पहुंच गईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। तेहरान में भारतीय मिशन और ईरान की सरकार के समन्वित प्रयासों से केरल के त्रिशूर की रहने वाली भारतीय कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ आज अपराह्न में कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंच गईं।

'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर' पुरस्कार

पेरिस। रॉयटर्स के फोटोग्राफर मोहम्मद सलेम को गाजा में तबाही का मंजर दर्शाने वाली एक तस्वीर के लिए गुरुवार को इस साल के प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। इस हृदय विदारक तस्वीर में एक फलस्तीनी महिला को अपनी नन्हीं भतीजी के शव को गोद में लिए हुए देखा जा सकता है। लेम ने यह तस्वीर अपने खुद के बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद खान यूनिस में खींची थी।

अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए भारतीय की मौत

वाशिंगटन। अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक सिंह ने पहली बार 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका- मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था।

घर से पहले फार्म हाउस पर की रेकी डर पैदा करना चाहते थे हमलावर

मुंबई, एजेंसी

- आरोपियों ने काबुला हमले से 4 दिन पहले गए थे सलमान के पनवेल वाले फार्म हाउस

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए दो लोगों ने घटना को अंजाम देने से चार दिन पहले रायगढ़ जिले से सटे पनवेल में फार्म हाउस की रेकी की थी।

पुलिस ने गुरुवार को घटना के सिलसिले में अब तक हुई जांच का हवाला देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि रविवार तड़के बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी के पीछे दोनों हमलावरों का मुख्य उद्देश्य डर पैदा करना था। अधिकारी ने बताया कि हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों को बताया कि उन्होंने (आरोपियों ने) 14 अप्रैल को मुंबई में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी करने से चार दिन पहले पनवेल में उनके फार्म हाउस की रेकी की थी। पुलिस, सबूत जुटाने की अपनी कवायद के तौर पर फार्म हाउस के गेट और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गयी है। उन्होंने बताया कि बिहार के रहने वाले दोनों आरोपियों ने पनवेल के हरिग्राम इलाके में स्थित सलमान के फार्म हाउस से लगभग 10 किलोमीटर दूर एक घर किराए पर लिया था।

शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर ठगे 1.43 करोड़

नोएडा। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले में साइबर अपराधियों ने एक सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति को घर बैठे शेयर बाजार में निवेश करके लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर उनके साथ कथित रूप से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने बताया कि अपराधियों ने पीड़ित को एक व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के प्रवक्ता ने मुताबिक, सेक्टर 100 स्थित लोट्स बुलेवर्ड सोसाइटी में रहने वाले वेद प्रकाश ने बताया कि उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सऐप पर संदेश आया जिसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपये कमाने की बात कही गई थी और फिर उन्हें एक व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा गया। उन्होंने कुल 1.43 करोड़ रुपये निवेश कर दिए तथा वह जब मुनाफे की रकम को निकालने लगे तो जालसाजों ने ऐप पर उनके ट्रेडिंग अकाउंट को बंद कर दिया। अकाउंट को खोलने के लिए कहा तो जालसाज उनसे और रुपये निवेश करने को कहने लगे। उन्होंने अपने निवेश किए गए रुपये वापस मांगे तो उनको ग्रुप से बाहर कर दिया गया।

रोबोटिक सर्जरी से हुआ ब्रेस्ट कैंसर झेल रहीं दो महिलाओं का इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

- 60 और 27 वर्षीया महिलाओं को पहले दी गई कीमोथेरेपी, फिर किया ऑपरेशन

राजधानी के एक निजी अस्पताल में एडवांस स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित दो महिलाओं का रोबोटिक की मदद से सफल उपचार करने में चिकित्सक कामयाब रहे हैं। सी के बिड़ला हॉस्पिटल, दिल्ली के सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ मनदीप सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इनमें से एक 27 वर्षीय एक महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ का अनुभव हुआ और उसे नजरअंदाज करने से कैंसर बढ़कर काफी आगे बढ़ गया था।

पीड़ित महिला को कीमोथेरेपी दी गयी, जिसका उन पर अच्छा असर हुआ। इसके बाद बिना किसी जटिलता के रोबोट की मदद से ब्रेस्ट को बचाते हुए सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ हुआ।

उन्होंने बताया कि रोबोट की मदद से की गई इस सर्जरी के बाद पीड़ित महिला के स्तन मूल स्तनों की भांति बरकरार रहे। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि दूसरे मामले में लगभग 60 साल की महिला को शुरुआती स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर का पता चला, हालांकि वह मल्टीफोकल कैंसर था। महिला अपने स्तनों को हटाए जाने की आशंका से परेशान थी। उनकी रोबोट की मदद से तत्काल सर्जरी की गई। रोबोटिक आर्म की मदद से कैंसरग्रस्त टिश्यू को निकाला गया। इसके साथ ही पीठ से निकाले गए टिश्यू की मदद से रीकंस्ट्रक्शन भी किया गया। ये दोनों प्रक्रियाएं सिंगल लेटरल मेमरी इंसाइजन से ही पूरी की गई।

खुले रहस्य सूर्य से 33 गुना अधिक है गैया बीएच 3 ब्लैक होल का द्रव्यमान

हमारी आकाशगंगा में एक और ब्लैक होल की खोज

अमृत विचार, नैनीताल

हमारी आकाशगंगा में वैज्ञानिको ने एक और ब्लैक होल खोज निकाला है। इसका नाम गैया बीएच 3 है। इसका द्रव्यमान सूर्य से 33 गुना अधिक है। यह पृथ्वी का दूसरा सबसे निकटतम ज्ञात ब्लैक होल है।

गैया बीएच3 पृथ्वी से 2000 प्रकाश वर्ष दूर है और एक्विला तारामंडल में स्थित है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ मायनों में यह खोज पिछले सिद्धांतों को चुनौती भी देती है। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने 16 अप्रैल को इस खोज की घोषणा की। खोजकर्ता खगोलविदों के अनुसार हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में अब तक खोजे गए सबसे विशाल ब्लैक होल नही है। मिल्की वे के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए ही सबसे बड़ा है, जो हमारे सूर्य के द्रव्यमान का लगभग चार मिलियन गुना है। नया ब्लैक होल एक तारे की मौत के बाद बना है। यह तारामंडल एक्विला द ईगल की दिशा में स्थित है, जो उत्तरी गोलार्ध के आकाश में एक महत्वपूर्ण तारामंडल है। पेरिस के नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री पास्क्वेल पानुज़ो के नेतृत्व इस ब्लैक होल की खोज हुई है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। इस ब्लैक होल की खोज 1.7 बिलियन सितारों के स्कैन करने के बाद हुई है। इतने अधिक संख्या में तारों का विश्लेषण करना आज के अंतरिक्ष यान और कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों के जरिए संभव है। नई तकनीक विकसित होने से आकाश के बड़े हिस्से का आंकलन संभव हो चला है।

हमारी आकाशगंगा व गैया स्पेस अंतरिक्षयान की तस्वीर।

वीएलटी ने की ब्लैक होल की पुष्टि

नैनीताल : ब्लैक होल व इसके द्रव्यमान को सत्यापित करने के लिए यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) का सहारा लिया गया। इसके अलावा कई अन्य जमीन-आधारित वेधशालाओं के डेटा का उपयोग किया गया। तब इसकी पुष्टि हो सकी। इस खोज के बाद माना जा रहा है कि हमारी आकाशगंगा में और भी ब्लैक होल हो सकते हैं।

चाकू से हमले की घटना के बाद फिर खुला शॉपिंग मॉल

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में वह शॉपिंग मॉल गुरुवार को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है।

सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन में शनिवार को हुए हमले के बाद पिछले तीन दिन में शहर में चाकू से हमले की दो और घटनाएं हुईं जिससे लोग स्तब्ध हैं। शनिवार के हमले में 18 लोगों को चाकू मारने वाले हमलावर को पुलिस ने मार गिराया था। प्रधानमंत्री अल्बानीज ने शनिवार को हुए हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और अस्थायी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में काम रहा है। उसके वीजा की अवधि कुछ ही हफ्तों में खत्म होने वाली है।

हमले में नायक बने फ्रांसीसी को नागरिकता

सिडनी। सिडनी में एक मॉल में चाकू से किए गए हमले के दौरान हमलावर का मुकाबला करने वाले एक फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक को सम्मानित करते हुए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी गई है। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक डेमियन गुएरोट को उनकी वीरता के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें देश का स्थायी निवासी बनाने का फैसला किया।